सुप्रभात
रांची, सोमवार
17.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 217 | 12



फिल्म आशिकी 3 का टीजर रिलीज

## न्यूज डायरी

### सिर्फ कहने भर से देश नहीं बनता एआइ लीडर : राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एआइ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को हमला किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के कहने भर से देश एआई लीडर नहीं बन जाता है।

### 22 मार्च से कोलकाता में आइपीएल का आगाज

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगा। वहीं 29 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जायेगा।

### जमशेदपुर में स्काई डाइविंग फेस्टिवल शुरू

**जमशेदपुर।** झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट में पर्यटन विभाग की पहल पर स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्काई डाइविंग फेस्टिवल की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में नये-नये आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य में पर्यटन के क्षेत्र को इस तरह की सुविधाएं विकसित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर झारखंड का एकमात्र शहर है जो मेट्रो सिटी की तर्ज पर बसा है। यह महोत्सव 23 तक चलेगा।

### नितीन गडकरी, प्रधान ने लगायी संगम में डुबकी

**महाकुंभनगर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। दोनों मंत्रियों ने सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बताया। साथ ही कहा, यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का सबसे बड़ा संगम है।

### अमेरिका से लौटा अप्रवासी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले की पुलिस ने बीती रात अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए एक अप्रवासी भारतीय (युवक) को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अप्रवासी पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज होने के बाद डंकी रूट के जरिए अमेरिका भाग गया था। अमृतसर हवाई अड्डे पर रविवार को उतरने के बाद वेरिफिकेशन के दौरान आरोपित की असलियत का पता चलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

नयी दिल्ली में भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को पीएम ने किया संबोधित

# भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का होगा बड़ा योगदान : मोदी

**अर्थव्यवस्था**

■ पीएम मोदी ने टेक्सटाइल निर्यात को वर्ष 2030 तक नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य



भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

■ अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना

■ 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले वैश्विक स्तर के भारत टेक्स में 120 से अधिक देश ले रहे हैं भाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर थे। इसका आयोजन 14 से शुरू हुआ था और आज इसका समापन होगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।

मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। जिसे वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 9 लाख करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और संभावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लंबे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है। इस सफलता के पीछे पूरे एक दशक की मेहनत और निरंतर नीति को श्रेय देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हमारे कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा। कपड़ा देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर देने वाली उद्योगों में से एक है। भारत की उत्पादकता में क्षेत्र 11 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इस बार बजट में भी हमने मिशन मैन्युफैक्करिंग पर बल दिया है। क्षेत्र में निवेश और विकास का लाभ करोड़ों कपड़ा क्षेत्र के कामगारों को मिल रहा है।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि इस बार इस प्रदर्शनी में खरीदारों और प्रदर्शकों की संख्या पिछले साल से अधिक है। प्रदर्शनी में 126 देशों के 6000 खरीदार और 5000 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाली इकाइयां भाग ले रही हैं।

### 5-एफ फैक्टर्स की पहल का उल्लेख

श्री मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की 5-एफ पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पिछले साल टेक्सटाइल इंडस्ट्री में फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5-एफ फैक्टर्स की बात की थी। यह विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है। इससे किसान, बुनकर, डिजाइनर और व्यापारी के लिए ग्रोथ के नए रास्ते खोल रहा है।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे में मुआवजे का ऐलान, चलायी गयीं विशेष ट्रेनें

# मृतकों के आश्रितों को ₹10 लाख तो घायलों को अधिकतम ₹2.5 लाख

■ इस भगदड़ में बिहार के नौ यात्रियों ने गंवायीं जान, बिहार सरकार ने मृतकों को 2-2 लाख रुपये देने का किया ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई घटना के बाद प्रभावितों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। इधर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आदेश पर गठित समिति ने घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी है।

**रेलवे प्रभावित लोगों की सेवा में तत्पर** : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मेरी प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। पूरी टीम उन सभी लोगों की सहायता करने के लिए काम कर रही है जो इस दुखद घटना से प्रभावित हुए हैं।

**ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैलने से हुई घटना** : बता दें कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 13 और 14 पर शनिवार देर रात उस समय घटना घट गई जब कथित तौर पर यात्रियों के बीच प्रयागराज जा रही दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैल गयी।



### 18 मृतकों में से 9 बिहार के, नीतीश देंगे 2-2 लाख

**बिहार** के सीएम नीतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की हुई मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उल लेखनीय है कि 18 मृतकों में से 9 बिहार के ही हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। नीतीश कुमार ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बिहार के रहनेवाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

### रेलवे की लापरवाही के कारण हुआ हादसा : लालू प्रसाद

**पटना।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कुंभ मेले को 'फालतू' बताकर विवाद खड़ा कर दिया है। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इस घटना के लिए रेलवे की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और रेल मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग की। लालू यादव ने रेल मंत्री से इस घटना की जिम्मेवारी लेने की मांग की। लालू यादव ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर रेलवे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस घटना को रेलवे का कुप्रबंधन और लापरवाही बताया, जिसके कारण कई लोगों की जान चली गई। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे की इस विफलता के लिए रेल मंत्री को जवाबदेह होना चाहिए।

### घटना के बाद कुल 71 विशेष ट्रेनें चलाई गयीं



शनिवार रात घटना होने के बाद रविवार सुबह6 बजे तक कुल 71 ट्रेनें चलायी गयीं और इन ट्रेनों में 1.60 लाख से अधिक यात्री सवार हुए। रेलवे ने इस बात की भी पुष्टि की कि सभी निर्धारित ट्रेनें अपने नियमित कार्यक्रम के अनुसार चल रही हैं और विशेष ट्रेनों की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा, बिना आरक्षण वाली ट्रेनें भी यात्री की मांग के अनुसार चलाई जा रही हैं।

100 करोड़ का मिलेगा राजस्व, 500 को रोजगार

# झारखंड के पहले कॉमर्शियल कोयला खदान से उत्पादन शुरू

■ फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को राजहरा नॉर्थ कोल माइंस 30 साल के लिए किया गया है आवंटित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/मेदिनीनगर।** राज्य के पहले कमर्शियल कोयला खदान से उत्पादन शुरू हो गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने राजहरा नॉर्थ कोल माइंस का उद्घाटन किया। कोल प्रोजेक्ट के शुरू होने से इलाके के करीब 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष तौर पर सैकड़ों लोग जुड़ेंगे। कोल प्रोजेक्ट से राज्य सरकार को करीब 100 करोड़ का राजस्व मिलने वाला है। यह खदान फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को 30 साल के लिए आवंटित किया गया था।

कंपनी के निदेशक ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोयला उत्पादन को लेकर यह शर्त रखी थी कि सितंबर 2025 से उत्पादन शुरू हो जाना चाहिए, लेकिन कंपनी जनवरी से ही उत्पादन शुरू कर दिया है। राजहरा नॉर्ट कोल प्रोजेक्ट में करीब 22 लाख मीट्रिक टन कोयला का भंडार है। उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह इलाके में बदलाव के लिए बेहतर है। राज्य सरकार अन्य बंद माइंस को चालू करने के लिए भी पहल करेगी और खनन विभाग को मौके पर लायेगी। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अन्य कोल प्रोजेक्ट भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी के निदेशक समीर ने कहा कि लक्ष्य सिर्फ उत्पादन ही नहीं बल्कि इलाके में विकास कार्य को भी करना है।

# कुंभ से लौट रहे रांची के शशांक की मौत, अन्य हादसों में चार की गयी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पलामू/धनबाद/गिरिडीह।** राज्य के लिए रविवार का दिन ब्लैक संडे जैसे रहा। रविवार को अलग-अलग सड़क हासदों में कुल पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि कई लोग घायल हो गये। पहली घटना के अनुसार कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो पलामू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापारा में हुए इस हादसे में रांची के मोरहाबादी निवासी शशांक शेखर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अजय शर्मा (45), आशा देवी (50), प्रकाश कुमार (25) और निशा भारती (35) शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार वापसी के दौरान तेज रफ्तार के कारण उनकी गाड़ी एक छोटी पुलिया की रेलिंग से टकरा गयी थी। उधर रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति जयराम मुंडा को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रामगढ़ थाने का घेराव कर मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया।



धनबाद में हादसे के बाद सड़क पर जमा भीड़

### ट्रक ने महिला को रौंदा, बेटी गंभीर

**धनबाद।** धनबाद के रांगाटांड़ स्थित श्रमिक चौक पर रविवार सुबह नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही महिला और उसकी बेटी को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसकी 15 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

### कार गैस टैंकर से टकरायी, दो की मौत

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार कार गैस टैंकर से टकरा गयी जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में प. बंगाल निवासी मनावेन्द्र सरदार और कार चालक नारू दास की मौके पर ही मौत हो गयी।

# पलामू टाइगर रिजर्व में जंगली हाथी की मौत

**दुखद घटना**

■ घटनास्थल पर खून के छींटें मिले, वन विभाग के उपनिदेशक कुमार आशीष के अनुसार संभवत: हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हाथी के पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि वन क्षेत्र के बीसी-10 में एक हाथी की मौत हो गई है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। बाद में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर मृतक हाथी के पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

बताया जाता है कि हाथी की मौत बीती रात ही हो गयी है। घटनास्थल पर कुछ खून के छीटें भी मिले हैं। इधर इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि संभावना जतायी जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 100000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




13 से 15 अप्रैल तक झामुमो का महाधिवेशन : साल के अंत तक दिल्ली में होगा पार्टी कार्यालय

# झामुमो क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकल कर राष्ट्रीय पार्टी बनने की रणनीति बनाने में जुटा

एजेंसी

**रांची।** जेएमएम अब झारखंड के बाहर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार की तैयारी में है। इस साल के अंत तक नयी दिल्ली में पार्टी का अपना ऑफिस हो सकता है। झामुमो अब क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकल कर राष्ट्रीय पार्टी बनने की रणनीति बनाने में जुटा है। पार्टी अपना विस्तार झारखंड से बाहर दिल्ली, बंगाल, असम, छत्तीसगढ़ में भी करेगी। इसे लेकर तैयारियां भी चल रही है। सूत्रों के अनुसार दूसरे राज्यों में भी पार्टी कार्यालय होगा।

### महाधिवेशन 13 से 15 अप्रैल तक रांची में

झामुमो का 13वां महाधिवेशन 13 से 15 अप्रैल तक रांची के प्रभात तारा मैदान में होगा। इसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और असम की इकाइयों सहित 5,500 से अधिक पार्टी प्रतिनिधि के भाग लेने की संभावना है। झारखंड के अलावा झामुमो का संगठनात्मक आधार उस क्षेत्र में है, जिसकी चर्चा कभी वृहद झारखंड क्षेत्र के रूप में होती थी।

### बिहार और बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर दिये हैं संकेत

कुछ माह बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को पूरी मजबूती के साथ लड़ने की रूपरेखा पार्टी कर रही है। झामुमो ने झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान राजद और कांग्रेस को यह संकेत दिया था। सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की भागीदारी की बात स्वीकारी जाने के बाद ही झामुमो ने कांग्रेस, भाकपा माले और राजद के साथ गठबंधन और सीट शेयरिंग का फार्मूला तय किया था। झामुमो के मुताबिक, बिहार के कुछ जिलों में जल्द सदस्यता अभियान चलेगा। झामुमो प. बंगाल विस चुनावों में भी उम्मीदवार उतारने की तैयारी में जुटा है।

### राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के लिए झामुमो ने उठाये कदम

हाल में झामुमो ने राष्ट्रीय राजनीति में विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी के तहत झामुमो ने राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम, समान नागरिक संहिता और राष्ट्रीय नागरिक पंजी को खारिज करने का प्रस्ताव पारित किया है। यह पार्टी की राष्ट्रीय छवि बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। झामुमो राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठा रही है।

टोल पर गाड़ियों की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

# देशभर के टोल प्लाजा में फास्टैग का नया नियम आज से होगा लागू


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देशभर के टोल प्लाजा में फास्टैग का नया नियम 17 फरवरी से लागू होने जा रहा है। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा, उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इस नियम को लागू करने के पीछे केंद्र सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ बदलाव जारी किए हैं, जिसका लक्ष्य टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करना, विवादों को कम करना और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है। नये नियमों के तहत, अगर गाड़ी के टोल पार करने से पहले फास्टैग 60 मिनट से अधिक समय तक निष्क्रिय रहता है और टोल पार करने के 10 मिनट बाद तक निष्क्रिय रहता है, तो लेनदेन अस्वीकार हो जायेगा। अगर वाहन के टोल रीडर से गुजरने के बाद टोल लेन-देन 15 मिनट से अधिक समय में किया जाता है, तो फास्टैग यूजर्स को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। यदि लेनदेन में देरी होती है और यूजर्स के फास्टैग खाते में लो बैलेंस है, तो टोल ऑपरेटर को जिम्मेदार ठहराया जायेगा। इससे पहले यूजर्स टोलबूथ पर ही फास्टैग रिचार्ज करते थे, लेकिन नए नियम में अब फास्टैग को पहले रिचार्ज करना होगा।

भाजपा एससी मोर्चा के संत रविदास जयंती कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री हुए शामिल

# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : संजय सेठ

- **अंत्योदय ही भाजपा का लक्ष्य**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। श्री सेठ रविवार को भाजपा एससी मोर्चा की ओर से आयोजित संत रविदास जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत महर्षि संतों का देश रहा है। संत शिरोमणि रविदास महाराज ने जात पात, छुआ-छूत, ऊंच-नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को एक करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास महाराज जी की प्रेरणा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंच रहे हैं। वहीं अंग्रेजों मुगलों ने और आजादी के बाद कुछ राजनीतिक दलों ने समाज को बांट कर देश को विखंडित करने का काम किया। लेकिन, भाजपा हमेशा से सभी को एकजुट कर देश को विकास की गति पर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण एवं कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के बीच बनी दूरियों को कम करने का प्रयास किया है। भाजपा परिवारवाद को नहीं मानती है। भाजपा ने ही सफाई कर्मचारी आयोग का गठन भी किया है और संत शिरोमणि रविदास महाराज के संकल्प को पूरा करते हुए देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंच रही है। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि भाजपा परिवार अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के लिये मोर्चा के इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। यह कार्यक्रम समाज, जीवन को प्रभावित करने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्ग से जुड़े महापुरुषों की जयंती को मनाती है। उन्होंने कहा कि हाल में ही हम सभी ने सिख प्रांत के गुरु की भी जयंती मनायी है। उन्होंने बताया कि संत रविदास जी का जीवन 166 वर्ष का है और यह बिना किसी साधना के संभव नहीं हो सकता। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भारत संतों और महर्षियों का देश है।

यह देश सनातन संस्कृति का है। इस वर्ष महाकुंभ ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। 140 करोड़ की आबादी में से 50 करोड़ लोगों ने अभी तक महाकुंभ में डुबकी लगाई है। उन्होंने कहा कि एक राजा की बेटी मीराबाई को भी संत रविदास जी की शिष्या बनने का सौभाग्य मिला और वहीं से उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा का मुख पत्र अंत्योदय संकल्प का पुनर्विमोचन किया गया। पत्रिका के संपादक रविनाथ किशोर हैं। पत्रिका के संपादक रविनाथ किशोर ने बताया कि यह अंक भारतीय संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा एवं संविधान निर्माता बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर को समर्पित है। इस समारोह में विमल बैठा एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता पुनः पार्टी में सम्मिलित हुये।

मौके पर शिवधारी राम, रंजन पासवान, प्रभात भुइंया, कमलेश राम, विमल बैठा, जोगेंद्र लाल, खुदा राम, सूरज दास, राजीव राज लाल, सुनीता दास, राजेन्द्र पासवान, राकेश राम, संदीप, सुबोधकांत एवं समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# राज्य में एक सशक्त वैचारिक एवं राजनीतिक माहौल तैयार करना लक्ष्य है : सुदेश महतो

**सैकड़ों युवाओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू पार्टी द्वारा रविवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित भव्य मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर समाजसेवी आनंद राज, रोशन कुमार, गौतम सिंह, मुहर्रम सेंट्रल कमिटी के अध्यक्ष शफीकुल खान, संगठन मंत्री दानिश खान, डॉ. अखिलेश कुमार, अभय कुमार, रोहित गुप्ता समेत कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

इस मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य में एक सशक्त वैचारिक एवं राजनीतिक माहौल तैयार करना है, जिससे संगठन की विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावी सीमाओं से परे, समाज के हर वर्ग के लोगों का पार्टी में जुड़ना इस नए नेतृत्व की स्वीकार्यता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय महासचिव बुद्धिजीवी मंच डा. मुकुंद मेहता, संजय मेहता अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष डा. पार्थ परितोष, जिला सचिव दयाशंकर, मीडिया आयोजक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**इन्होंने ली सदस्यता**

मिलन समारोह में एम.डी. शफीक खान (मुहर्रम सेंट्रल कमिटी अध्यक्ष), मोहम्मद नईम (संगठन मंत्री), मोहम्मद जीशान, मोहम्मद कैफ जुबैर, डॉ. अखिलेश, ओवैस अख्तर, आनंद राज, रौशन कुमार महतो, गौतम सिंह, संजीव सिंह, दीवाकर राज, नरेश साहू, सुनील गुप्ता, रौशन कुमार, बाबलू जी, उमेश जी, रणविजय सिंह, रोहित गुप्ता, संजित कुमार, राहुल कुमार, रितेश टॉप्पो, मनू कुमार समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# बीएयू के पांच नये कॉलेजों को मिला आईसीएआर एक्रीडिटेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रीय कृषि शिक्षा एक्रीडिटेशन बोर्ड ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पांच नये कॉलेजों को मान्यता प्रदान कर दी है। इन कॉलेजों में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा, रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर, कृषि महाविद्यालय, गढ़वा, बागवानी महाविद्यालय, खूंटपानी, चाईबासा तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, रांची शामिल है। बोर्ड ने अपनी 38वीं बैठक में उच्च स्तरीय समीक्षा समिति की रिपोर्ट और अनुशंसाओं के आधार पर इन कॉलेजों को मान्यता प्रदान करने का निर्णय लिया।

इन कॉलेजों का एक्रीडिटेशन हो जाने से अब यहां के छात्र-छात्राओं का देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश अपेक्षाकृत आसान हो जायेगा। रोजगार बाजार में उनकी डिग्री की पूछ बढ़ेगी।

एक्रीडिटेशन बोर्ड ने निर्देश दिया है कि इन कॉलेजों से संबंधित सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तत्काल विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया जाये। इन कॉलेजों में प्रतिवर्ष होने वाले नामांकन तथा शिक्षकों की उपलब्धता से संबंधित आंकड़ा भी संबंधित पक्षों की जानकारी के लिये वेबसाइट पर डाला जायेगा। विश्वविद्यालय इन कॉलेजों में शिक्षकों तथा तकनीकी और सपोर्टिंग स्टाफ की वर्तमान संख्या बनाये रखेगा। इसे कुलपति डॉ एससी दुबे के एक वर्ष के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है तथा राज्य सरकार एवं कुलाधिपति कार्यालय के संबंधित अधिकारियों के प्रति उनके सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिये कृतज्ञता प्रकट की है। इन कॉलेजों के एसोसिएट डीन ने अपने-अपने महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियां और सुविधाओं के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया था। समीक्षा के उपरांत समिति ने अपनी रिपोर्ट और अनुशंसाएं आईसीएआर को सौंपी थी।

# रेलयात्री बरतें संयम, व्यवस्था में सुधार की जरूरत : सतीश सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे जेडआरयूसीसी के सदस्य सतीश सिन्हा ने कहा है कि रांची से प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ फिर अचानक बढ़ गई है। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न ट्रेनों से प्रयागराज जा रहे हैं। यात्रियों की भीड़ के कारण रांची, हटिया सहित अन्य स्टेशनों पर रेल प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था कम पड़ रही है। रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर रेलवे और आरपीएफ की ओर से रांची और हटिया स्टेशन पर सुरक्षा को देखते हुए कई तरह के प्रबंध किए गये हैं। इससे अफरातफरी और भगदड़ की संभावना बनी हुई है। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसा हो चुका है। इसलिए सभी यात्रियों से अपील की जा रही है कि वह संयम बरतें और रेलवे की ओर से की गई व्यवस्था में सहयोग करें। ऐसा नहीं करने से उन्हें परेशानी होगी व दुर्घटना की संभावना भी बनी रहेगी। सतीश ने सिन्हा रविवार को रांची स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान देखा कि कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ स्टेशन पर उमड़ी हुई है। उन्होंने रेल प्रशासन से भी यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए व्यवस्था में और सुधार करने को कहा है।

# केंद्रीय उद्योग मंत्री पियुष गोयल से मिले चंद्रप्रकाश चौधरी

- **गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना की मांग की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन स्थापना करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने यह प्रस्ताव केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को नई दिल्ली में दिया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना से झारखंड की आर्थिक वृद्धि को जहां बढ़ावा मिलेगा, वहीं रोजगार के अपार अवसर की संभावनाएं बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। साथ ही लोहा उद्योग, रेशम उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, माइका उद्योग व ग्लास उद्योग से संबंधित अपार संभावनायें हैं। इसके मजबूत औद्योगिक आधार व बढ़ते बुनियादी ढांचे को स्पेशल इकोनामिक जोन होने से अत्यधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि गिरिडीह में लोहा उद्योग से ही 5000 करोड़ से ज्यादा का व्यापार होता है। यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल व बिहार को छूता है। गिरिडीह में स्पेशल इकोनामिक जोन की स्थापना होने से घरेलू व विदेशी निवेशक आयेंगे। व्यापार का भी विकास होगा। पलायन भी रुकेगा। इसका व्यापक लाभ राज्य को भी प्राप्त होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले में सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

## झारखंड हाईकोर्ट के पहले चीफ जस्टिस वीके गुप्ता का निधन



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के पहले चीफ जस्टिस और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व चीफ जस्टिस रह चुके न्यायाधीश विनोद कुमार गुप्ता (वीके गुप्ता) का निधन हो गया है। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। न्यायमूर्ति वी के गुप्ता के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। जस्टिस वीके गुप्ता का जन्म 10 सितंबर 1947 को हुआ था। उन्होंने 15 फरवरी को अंतिम सांस ली। जस्टिस वी के गुप्ता के निधन से न्याय जगत में शोक की लहर है। जस्टिस वीके गुप्ता 78 साल के थे। झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद 15 नवंबर 2000 को जस्टिस वीके गुप्ता झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त हुए थे।

## झारखण्ड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ की बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

**रांची।** झारखण्ड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ जिला शाखा की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के क्रिया कलापों पर चर्चा की गई एवं संघ के मजबूती पर बल दिया गया। राजस्व उप निरीक्षक के समस्याओं पर विचार किया गया एवं समाधान के लिए डीसी मिलने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि एक -एक राजस्व उप निरीक्षक को तीन-चार हल्का के प्रभार में हैं तथा साथ ही अंचल निरीक्षक के प्रभार में राजस्व कार्यों का संपादन किया जाता है। साथ ही अन्य समास्याओं पर भी डीसी के साथ चर्चा की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से भरत कुमार सिन्हा मुख्य संरक्षक, दुर्गेश मुंडा राज्य महामंत्री, रविंद्र प्रसाद राज्य संयुक्त मंत्री, सुनील कुमार सिंह जिला अध्यक्ष रांची, बसंत भगत जिला मंत्री रांची, रमेश गुप्ता, बिष्णु कांत भोगता, शशि कांत कुमार, मुरारी कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, असित कुमार सहदेव, प्रदीप कुमार, नेशात अहमद, मुकेश कुमार, रितेश कुमार, संदीप उराव एवं अन्य राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।

# उर्दू का संबंध किसी विशेष धर्म से नहीं : स्वास्थ्य मंत्री




- **अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द झारखंड का पहला राज्य सम्मेलन आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्द झारखंड का पहला राज्य सम्मेलन पुरानी विधान सभा में रविवार को आयोजित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि उर्दू का संबंध किसी विशेष धर्म से नहीं है। बल्कि यह एक भारतीय भाषा है। एक तहजीब का नाम उर्दू है। उन्होंने कहा कि उर्दू को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह नहीं मिला है। उर्दू कमजोर नहीं है, उर्दू से प्यार करने वाले काफी हैं। उन्होंने उर्दू भाषा में शिक्षा ग्रहण करने पर भी जोर दिया। सांसद महुआ माजी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू और हिन्दी का रिश्ता मां और मौसी का है। सभा को संबोधित करते हुए सुभाषिनी अली ने कहा कि उर्दू को किस तरह उसके मुकाम तक पहुंचाया जाए, इस पर विचार करने की जरूरत है। उर्दू को मुसलमानों की जुबान समझना एक बड़ी गलतफहमी है। उर्दू को मुसलमानों ने जन्म नहीं दिया है। जुबान की तरक्की के लिए इसे आर्थिक व्यवस्था से जोड़ने की जरूरत है। कार्यक्रम में उर्दू से संबंधित 13 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से साहित्य एवं उर्दू अकादमी का गठन, उर्दू सेल, उर्दू निदेशालय का गठन साहित्य उर्दू शिक्षकों रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि मुद्दे शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ यासीन अंसारी ने की एवं संचालन एम जेड खान ने किया। इस कॉन्फ्रेंस में 22 जिले के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन में उर्दू और हिंदी के लेखक वीना श्रीवास्तव, अपराजिता, एमएल सिंह, केके सिंह, सुशील साहिल, रेहाना, नजमा नाहिद, आलम आरा, फरहत जहां, शाजिया शबनम, डॉक्टर अंजार, मो शकील, शोएब, कनक चौधरी आदि शामिल थे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह के आवास पहुचकर दी श्रद्धांजलि



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस का एक शिष्टमंडल रविवार को हजारीबाग में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पहुंचकर उनकी तस्वीर में फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से मुलाकात की। श्रद्धांजलि देनेवालों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सुबोधकांत सहाय, डॉ प्रदीप बलमुचू, ज्योति सिंह माथारू, बलजीत सिंह बेदी, जयशकर पाठक, सतीश पौल मुंजनी, रियाज अहमद, शांतनु मिश्रा, परमिंदर सिंह, शैलेन्द्र यादव, अवधेश सिंह इत्यादि लोग शामिल थे।

के. राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनाये जाने के बाद संगठन में फेरबदल को लेकर लगाये जा रहे कयास

# नये प्रदेश प्रभारी के समक्ष पार्टी को मजबूत बनाना सबसे बड़ी चुनौती

**सत्येन्द्र**

**रांची।** पूर्व आईएएस अधिकारी और कांग्रेस नेता के. राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी बनाये जाने के बाद संगठन में फेर बदल को लेकर तरह-तरह के कयास लगने शुरू हो गये हैं। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में नये प्रदेश प्रभारी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। नेताओं का मानना है कि नये प्रदेश प्रभारी को संगठन को मजबूत बनाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ज्ञात हो कि नये प्रदेश प्रभारी के. राजू मूल रूप से तेलांगना से संबंध रखते हैं। के. राजू अभी तक कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और माइनोरिटीज विभाग के राष्ट्रीय संयोजक की भूमिका निभा रहे थे। एक कुशल प्रशासक रहे के राजू 2013 से कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस से संबंध रखनेवाले राजनीतिक जानकारों का कहना है कि नए प्रभारी के रूप में के. राजू के लिए पहली प्राथमिकता होगी कि वह कैसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए योग्य, जुझारू और अनुभवी टीम बनाते हैं। क्योंकि 16 अगस्त 2024 से ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग है और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की वन मैन टीम काम कर रही है। इस स्थिति में संगठन से जुड़े नेता प्रदेश कमिटी का गठन को लेकर खुलकर तो विरोध नहीं कर रहे हैं। बावजूद कमिटी गठन को लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच आक्रोश जरूर व्याप्त है।



राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए नये प्रदेश प्रभारी को विधानसभा चुनाव 2024 में जहां-जहां पार्टी का प्रदर्शन खराब हुआ है, वहां पार्टी को मजबूत करने के लिए एक्शन लेना होगा। इसके साथ-साथ खाली पड़े बोर्ड, निगम और आयोग में कांग्रेस की सम्मानजनक हिस्सेदारी हो इसके लिए ही प्रदेश प्रभारी के रूप में के. राजू को अपनी क्षमता और राजनीतिक कौशल का परिचय देना होगा।

**के. राजू के अनुभव का फायदा मिलेगा : राकेश सिन्हा**

के. राजू को झारखंड प्रभारी बनाए जाने से राज्य में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलने का दावा करते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड कांग्रेस एलडीएम के कॉन्वेनर के रूप में के. राजू पहले से ही झारखंड से वाकिफ रहे हैं। उनके पास प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों तरह का अनुभव है, जिसका लाभ प्रदेश कांग्रेस को मिलेगा और पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

**...तो इसलिए बदले गए प्रदेश प्रभारी**

कांग्रेस की राजनीति को बेहद करीब से जानने-समझने वाले राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड कांग्रेस का प्रभारी पूर्व आईएएस अधिकारी रहे के. राजू को बनाया है। इसके पीछे की खास वजह पश्चिम बंगाल में अगले साल होनेवाले विधानसभा का चुनाव है। निवर्तमान प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को अब पूरी तरह से पश्चिम बंगाल पर फोकस करने के लिए कहा गया है। क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व ने बंगाल का चुनाव बेहद मजबूती से लड़ने का मन बना लिया है।

**गुलाम अहमद मीर करेंगे पश्चिम बंगाल पर फोकस**

बता दें कि अब तक गुलाम अहमद मीर बंगाल कांग्रेस प्रभारी के साथ-साथ झारखंड के प्रभारी की भी भूमिका निभा रहे थे। वर्ष 2026 में बंगाल में होनेवाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुलाम अहमद मीर के जिम्मे बंगाल की जिम्मेवारी सौंपी गई है, ताकि वोटरों के एक बड़े वर्ग समूह को साधा जा सके।


**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार)
सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा
E-mail:cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक 184 (DHS) कोडरमा, दिनांक 15/02/2025

**नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं० 01/2024 एवं 02/2024 के तहत आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। आवेदको के लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र (Admit Card), दिनांक एवं समय सारणी की सूची www.koderma.nic.in पर upload कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु परीक्षा से पहले प्रवेश पत्र (Admit Card) www.koderma.nic.in से Download किया जा सकेगा। परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल होने के लिए वैद्य पहचान पत्र की मूल प्रति एवं प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ।

ज्ञापांक 189 (DHS) कोडरमा, दिनांक 15/02/2025
प्रतिलिपि:- उपायुक्त, कोडरमा को सादर सूचनार्थ।

सिविल सर्जन
कोडरमा

# मोरहाबादी मैदान के मेगा ट्रेड फेयर में उमड़ी भीड़, समापन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन 17 फरवरी को होगा। फेयर के अंतिम दिन स्टॉलधारियों की ओर से आकर्षक ऑफरों की बरसात होगी। कई उत्पादों पर भारी छूट मिलेगी। रांचीवासी इन आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ जुटी। फेयर में लगे सभी हैंगरों में लगे स्टॉलों पर लोग खरीदारी करते दिखे। लोगों की भीड़ और खरीदारी होता देख स्टॉलधारी भी खुश नजर आये। वहीं, ट्रेड फेयर में प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। टिकट कांउटर पर टिकट लेने के लिए लंबी लाइन दिखी। ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। फेयर में हैंडीक्राफ्ट आईटम, वुडन फर्नीचर, हैंडलूम, इलेक्ट्रिक आईटम, रोटी बनाने, आटा गूंथने की मशीन, क्रॉकरी आईटम, कटलरी, किचन, वेयर, खादी के कपडे, गिफ्ट आईटम की जमकर खरीदारी हो रही है।



### ट्रेड फेयर में दो महिला मंत्री भी पहुंचीं

ट्रेड फेयर में झारखंड चैंबर की ओर से महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य की दो महिला मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। इसके अलावा राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी भी मौजूद होकर उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने झारखंड चैंबर से राज्य सरकार के सहयोग से कॉन्क्लेव करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर हमेशा राज्य सरकार को उद्योग और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नये नये आइडिया देते आ रहा है। राज्य के कई लोग स्किल और रोजगार से नहीं जुड़े हैं। इसमें एक बड़ा गैप है। राज्य सरकार और झारखंड चैंबर मिलकर इस गैप को भर सकते हैं। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची विवि पहुंचे गोवा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी

## अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा से आये छात्रों का स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रविवार को गोवा युनिवर्सिटी के छात्रों तथा शिक्षकों की टीम रांची पहुंची। रांची विश्वविद्यालय गोवा यूनिवर्सिटी की टीम का आतिथ्येय कर रहा है। रविवार को रांची विश्वविद्यालय की स्वागत समिति के सदस्यों ने गोवा यूनिवर्सिटी से आयी टीम के छात्रों-शिक्षकों का भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत किया। गोवा से आयी टीम के समन्वयक डॉ वाल्टर मेनेजेस तथा सभी सदस्यों को रांची विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहराया गया है। रांची विश्वविद्यालय की डॉ स्मृति सिंह तथा डॉ सुमित डे, डॉ दीपाली डुंगडूंग, बिपुल नायक, जितेन्द्र कुमार, सुमन, प्रकाश छात्र प्रतिनिधि जितेन्द्र ने गोवा से आयी टीम के आने पर स्वागत किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड को गोवा के साथ जोड़ा गया था। इसमें गोवा युनिवर्सिटी ने अकादमिक तथा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के लिये रांची विश्वविद्यालय का चुनाव किया। इसी के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय तथा गोवा विश्वविद्यालय के बीच यह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा स्वयं अपनी देख रेख में इस अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

### राजधानी में एकबार फिर चोरों ने दो फ्लैट को बनाया निशाना

# चिरौंदी स्थित फ्लैट का ताला तोड़ उड़ा ले गये लाखों रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी पुलिस पुलिस चोरों के आगे बेबस साबित हो रही है। एक सप्ताह में एक दर्जन से ज्यादा घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है, इसके बावजूद पुलिस के पकड़ में अपराधी नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला रांची के बरियातू थाना क्षेत्र का है। यहां साइंस सेंटर, चिरौंदी के निकट प्रह्लाद एन्क्लेव अपार्टमेंट में चोरों ने भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।



**सब कुछ उड़ा ले गए चोर :** अपार्टमेंट में रहने वाले दो लोग अपना घर बंद कर कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने दोनों फ्लैट का दरवाजा तोड़कर लाखों के गहने और पांच लाख से ज्यादा नकद पर हाथ साफ कर दिया है। दोनों परिवार कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए हुए थे। संतोष कुमार मलिक के ससुर प्रहलाद एन्क्लेव में रहते हैं। फ्लैट को बंद कर वे लोग कुंभ स्नान करने के लिए गए हुए थे।

वहीं, प्रह्लाद एन्क्लेव में रहने वाले वीरेंद्र कुमार के यहां भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। संतोष कुमार ने बताया कि दोनों ही फ्लैट में चोरों ने कुछ भी नहीं छोड़ा है। गहने, नकद, कीमती सामान सब कुछ चोर अपने साथ ले गए। गहने और नकद पैसे खोजने के लिए पूरे घर को चोरों ने तबाह कर दिया है।

इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू थानेदार मनोज कुमार सहित पूरी टीम प्रह्लाद एनक्लेव पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि पुलिस के हाथ कुछ खास नहीं लगा है, जिसके सहारे में चोरों तक पहुंच सके।

**लगातार हो रही है चोरियां :** बता दें कि राजधानी रांची में चोर बेखौफ हो गए हैं। हर दिन दो से तीन घरों को चोर अपना निशाना बना रहे हैं। खासकर बंद घर देखते ही चोर उसमें चोरी करने के लिए प्रवेश कर जा रहे हैं और चोरी कर बड़े आराम के साथ फरार भी हो जा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह के दौरान एक दर्जन से ज्यादा घरों में चोरियां हुई है, लेकिन किसी भी घटना का खुलासा रांची पुलिस के द्वारा नहीं किया गया है। लोग चोरों की वजह से दहशत में है।

## केसरवानी वैशय समाज ने किया आदर्श विवाह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केसरवानी वैशय समाज के रविवार को धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के नीलाद्री धर्मशाला में आदर्श सामूहिक विवाह एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सदस्य महुआ माँझी राज्य सभा सदस्य प्रो आदित्य प्रसाद साहू हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर राँची जिला के 70 वर्षीय बुजुर्ग लोगों को केशरवानी पट्टिका और जगन्नाथ स्वामी का फोटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित झारखंड प्रदेश के सभी ज़िलों से हजारों केसरवानी वैश्य सभा के लोग शामिल हुए। मौके पर संरक्षक सह राष्ट्रीय सलाहकार शिवकुमार केशरी, संयोजक तपेश्वर केशरी, कोलहान आयुक्त हरि केसरी, ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डां त्रिवेणी साहू ,प्रो प्रेमसागर केसरी, उमेश कुमार केशरी, प्रदीप केशरी, मनोज केशरी, राधेश्याम केशरी सीताराम केशरी, अनिल केसरी, संजय चौधरी, अमरजीत केसरी, रूपेश केसरी, हेमंत केसरी ,मनीष केशरी, प्रमोद केसरी रवि केशरी, मिथिलेश केशरी, कमलेश कुमार केशरी सहित आदि थे।

### झासा के पदभार समारोह में बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

## बिहार की तरह डॉक्टरों को एसीपी का लाभ मिलेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के चिकित्सा सेवा संवर्ग के डॉक्टरों को भी बिहार के तर्ज पर डायनेमिक एसीपी का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य में चिकित्सा के क्षेत्र और खासकर डॉक्टरों के लिए ऐसी पॉलिसी बनाने जा रही है जिससे दूसरे राज्यों के डॉक्टर्स भी राज्य में सेवा देने के लिए आकर्षित होंगे। स्वास्थ्य मंत्री रविवार को आइएमए में आयोजित झारखंड में सरकारी डॉक्टरों के संगठन झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) की नयी निर्वाचित कमिटी के पदभार ग्रहण समारोह में बोल रहे थे।

रांची के आइएमए भवन सभागार में वर्ष 2025-27 सत्र के लिए इस नयी कमेटी के सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर लिया। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री भी शामिल थे। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों के हित में कई घोषणाएं की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के चिकित्सकों के हितों को ध्यान में रखकर कई फैसले लेने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि ओपीडी की पाली, पूर्व की भांति 09 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक ही चलेगी। उन्होंने कहा, राज्य के सभी सिविल सर्जन को सुविधाएं उनके पद के अनुरूप मिलेगी।



**डॉ बिमलेश फिर बने झासा अध्यक्ष :** झासा के जिन पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया उनमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह, सचिव डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय सिंह,कोषाध्यक्ष डॉक्टर स्टीफन खेस, संयोजक डॉ शरद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष( संथाल परगना )डॉ मोहन पासवान, उपाध्यक्ष (महिला कोषांग)डॉक्टर मुसर्रत यामिनी, उपाध्यक्ष मुख्यालय डॉक्टर शमीम और संयुक्त सचिव (मुख्यालय) डॉ अजीत कुमार शामिल हैं। वहीं झासा अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को बायोमेट्रिक से संबंधित व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया। सचिव ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने चिकित्सकों की अन्य समस्याओं की चर्चा की।

**झासा के आजीवन मानद सदस्य डॉ अंसारी :** कार्यक्रम में एक अन्य खास बात यह रही कि झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस के डॉक्टरों के संगठन झासा में स्वास्थ्य मंत्री को आजीवन सदस्यता प्रदान की गयी। जब पत्रकारों ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड चिकित्सा संवर्ग को जॉइन किये बिना कोई डॉक्टर झासा का सदस्य कैसे बन सकता है? तो झासा की ओर से बताया गया कि कार्यकारिणी से सहमति लेकर सर्वसम्मति से स्वास्थ्य मंत्री को झासा का मानद सदस्यता प्रदान की गयी है।

## झारखंड प्रदेश अंगिका समाज ने मनाया स्थापना दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज ने रविवार को अपना स्थापना दिवस मनया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आलोक कुमार दूबे अध्यक्ष पासवा थे। इस मौके संस्था के महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने संस्था के द्वारा अब तक किए गए कार्ययों पर प्रकाश डाला। प्रदेश कोषाध्यक्ष नवीन चन्द्र चौधरी ने आय-व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संगठन की सुदृढ़ता तथा विस्तार, आगे आयोजित होने वाले कार्यक्रम, सम्मान समारोह, होली मिलन आदि पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सदानंद सिंह यादव एवं चन्द्रिका ठाकुर देशदीप ने अपने गीत - कविता से भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर डॉ बिपिन कुमार तिवारी, डॉ अनुरंजिता सिंह, सतीश कुमार तिवारी,दिलीप सिंह , प्रद्युम्न प्र०सिंह,नरोत्तम प्र०सिंह, धनंजय चौधरी,डिंपल कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन रजक ने किया।

# क्रिकेट@90 : भारतीय रिजर्व बैंक, रांची की ओर से 90 गेंद की अनूठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अपने अनेक नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की श्रृंखला की एक और कड़ी के रूप में रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने 90 गेंदों की अंतर संस्थागत क्रिकेट प्रतियोगिता 'क्रिकेट@90' का आयोजन किया। पूरे विश्व में सबसे पहले इस नयेपन और नवाचारों से भरी इस अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन स्थल होने का सौभाग्य रांची नगर और झारखंड राज्य को प्राप्त होना सारे प्रदेशवासियों के लिए अभूतपूर्व गौरव की बात है और इसका श्रेय भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह को जाता है, जिन्होंने इस अभिनव क्रिकेट प्रारूप की परिकल्पना की और इसे साकार किया।



प्रतियोगिता में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची की टीम के साथ साथ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, एसएलबीसी एवं नाबार्ड की टीमों ने भाग लिया। रांची के सेंट्रल एकेडमी, बुद्धिस्ट मिशन कैंपस के मैदान में रविवार, 16 फरवरी 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची की टीम ने क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एसएलबीसी की टीम को हराकर विजय प्राप्त की।

पांच गेंद प्रति ओवर, कुल नौ ओवर और नौ खिलाड़ियों के दल जैसे अनोखे नियमों और रोमांचक मुकाबलों से भरी इस प्रतियोगिता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय ने 90 गेंदों के इस अनूठे प्रारूप का उद्घाटन और प्रथम प्रयोग दिनांक 21 दिसंबर 2024 को सीएमपीडीआई में किया, जिसे सर्वत्र प्राप्त अपार सराहना से प्रेरित होकर अंतर-संस्थागत स्तर पर इस नवोन्मेषी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसने क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों दोनों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया। रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पलों से सजी इस प्रतियोगिता में हर दल ने बेहतरीन खेल और खेल भावना का परिचय दिया। खेल का स्तर इतना उंचा रहा कि हर गेंद और हर रन निर्णायक सिद्ध हुए । खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। क्रिकेट के इस नवाचारी आयोजन ने साबित किया कि खेल में नयापन, प्रयोगशीलता और उत्साह का मेल इसे और भी रोमांचक बना सकता है।

## सिविल कोर्ट में विशेष लोक अदालत 22 को

**रांची।** विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन रांची के सिविल कोर्ट में 22 फरवरी को किया जाएगा। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर विवाह एवं चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी से 21 फरवरी तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेंगी। वहीं पारिवारिक न्यायालयों एवं एनआई एक्ट न्यायालय से वादकारियों को अधिक से अधिक नोटिस भेजा जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके।

## आजसू ने दक्षिणी छोटानागपुर के जिलों में संगठन विस्तार के लिए नये प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू पार्टी ने संगठन की गतिविधियों को मजबूती देने, संगठनात्मक विस्तार और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न जिलों में नए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी को अधिक संगठित नेतृत्व देना और स्थानीय स्तर पर संगठन विस्तार को सशक्त बनाना है।

### नए जिला प्रभारी

**रांची जिला:** राजेंद्र मेहता, संजय महतो, संजय महतो (सोनाहातू), राजकिशोर महतो, डॉ. पार्थ परितोष।

**गुमला जिला:** रामलखन साहू, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव ।

**लोहरदगा जिला:** अशुतोष तिवारी, हकीम अंसारी।

**खूंटी जिला:** केशव चंद्र महतो, अभिषेक राज हेरेंज, रमेश भगत।

**सिमडेगा जिला:** दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, भूषण भगत।

### महिला जिला प्रभारी

**रांची जिला :** निर्मला भगत, पार्वती देवी।

**लोहरदगा जिला :** अंजू देवी, मुनिया देवी।

नियुक्ति पर पार्टी की ओर से कहा गया है कि नव-नियुक्त जिला प्रभारी अपने-अपने जिलों में संगठनात्मक विस्तार एवम समन्वय स्थापित करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा, वे पार्टी के लक्ष्यों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। पार्टी ने कहा है कि यह निर्णय संगठन की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिससे पार्टी की पहुंच को गांवों और शहरों तक विस्तार दिया जा सके।

### बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# 10 मामलों को न्यायालय के समक्ष रखा गया, 04 बंदी हुए कारामुक्त

- बंदियों को लाभ पहुंचाना उद्देश्य : कुशेश्वर सिंकू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झालसा के निर्देश पर रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरीय न्यायिक पदाधिकारी कुशेश्वर सिंकु ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जागरूक कर बंदियों को लाभ पहुंचाना है।

इस मौक पर विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में संसीमित 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। 04 बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया। जिनमें सिटु कुशवाहा, विक्की कुमार, पन्ना किस्कू एवं राकेश अहीर शामिल हैं। इस मौके पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया।

डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि आगे भी मेडिकल कैंप लगाकर कैदियों की जांच की जायेगी, ताकि वे स्वस्थ रहें। इस मौके पर मयंक मलयाज, मनोज कुमार इंदवार, शंभु महतो, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रशांत वर्मा, कारापाल, कारा कर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, एवं एल.ए.डी.सी. चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिपुटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बिरेंद्र प्रताप तथा न्यायालयकर्मी एवं बंदीगण उपस्थित थे।

# राज्यकर्मियों की मांगें 20 मार्च तक पूरा करे सरकार : महासंघ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य कर्मचारी महासंघ के सचिव मंडल की बैठक रविवार को महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री से महासंघ के मांगों को 20 मार्च तक वार्ता कर पूरा करने की मांग की गई। मांगें नहीं माने जाने पर 10 सूत्री मांग को लेकर झारखंड विधानसभा के समक्ष विधानसभा के चालू सत्र के दौरान 20 मार्च को एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया। महासंघ के प्रमुख मांगों में राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, योग्यताधारी चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में सीधे प्रोन्नति देने, रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओपीएस सहित सभी लाभ देने, जनसेवकों को प्रोन्नति देने, शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने, सभी अनुबंध कर्मियों को नियमित करने सहित अनुबंध प्रथा समाप्त करने की मांग की गई। बैठक में महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर, महासचिव साहेब राम भोक्ता, सम्मानित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, संयुक्त महासचिव अतीश झा, उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, राज्य सचिव रामसेवक महतो, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार जयराम प्रसाद, बरमेश्वर मंडल, अखिलेश कुमार, ज्योति शंकर भगत एवं रवि भूषण उपस्थित थे।

## मेरी हैलो किड्स स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को कांके ब्लॉक स्थित मेरी हैलो किड्स स्कूल में एनुअल स्पोर्टस डे का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन सुनील कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों का स्वागत छोट छोटे बच्चों ने वेलकम डांस से किया। बेबी पीजी से लेकर क्लास फाइव तक के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। एनुअल स्पोर्ट्स डे पर कैप रेस, म्यूजिक कैप रेस, बैलेंसिंग बॉल, बैग रेस, जम्पिंग बैग रेस, फ्रॉग रेस, मेकिंग पिरामिड आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपने खेल का प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और कहा कि आज जितना पढ़ाई का महत्व है उतना ही खेल का भी है। आज खेल की दुनिया में अपार संभावनाएं हैं। खेल आज एक बेहतर करियर विकल्प बन चुका है।

विजयी रहे छात्रो में सौम्या, सिधिक, ऋतिका कुमारी, देवांश, आमिर, शानवी राज, अर्णव, हर्ष, प्रतीक कुमार आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीचर स्टाफ एवं मैनेजमेंट ग्रुप का अहम योगदान रहा।

## विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह के रांची आगमन पर होगा भव्य स्वागत



**रांची।** सिख कौम के महान विद्वान एवं विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह (लुधियाना वाले) का फरवरी माह में झारखंड आगमन हो रहा है और इसकी तैयारियों को लेकर रविवार को गुरुद्वारा साहिब की आम सभा बुलाई गई। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार रखे। प्रबंधक कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि 21 फरवरी को सत्संग सभा के सदस्य उन्हें एयरपोर्ट से रिसीव कर मेट्रो गली स्थित डॉ अजय छाबड़ा के क्लीनिक के पास शाम 6:15 बजे पहुंचेंगे और वहां से गुरु नानक सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा शबद कीर्तन कर उन्हें गुरुद्वारा साहब तक ले जाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद ज्ञानी जी समाज के अनूप गिरधर के घर विश्राम करेंगे। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि भाई साहिब की कथा का प्रसारण पंजाब में ईटीसी पंजाबी चैनल द्वारा प्रतिदिन किया जाता है। उनका रांची आगमन पूरे झारखंड वासियों के लिए सौभाग्य की बात है और इसे देखते हुए ही विशेष दीवान का आयोजन किया गया है। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। सभा में सुंदर दास मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, नरेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरीश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, बसंत काठपाल, मोहन लाल अरोड़ा, चरणजीत मुंजाल, महेंद्र अरोड़ा, महेश सुखीजा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, इन्दर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, अश्विनी सुखीजा, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, राकेश गिरधर, जीतू अरोड़ा, हरविंदर सिंह, पियूष मिढ़ा, कमल मुंजाल, राकेश घई, संजय काठपाल, प्रथम मिढ़ा समेत अन्य मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव में नृत्य नाटिका ने मन मोहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम परिवार के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव में प्रातः 4:00 बजे श्री गणेश जी महाराज एवं सारे देवी-देवताओं का पूजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष सरवन जालान के द्वारा पूजन कर महोत्सव आरंभ किया गया। प्रभु श्री श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। भारत के विभिन्न कोनों से अनेकों तरह के रंग-बिरंगे फूलों से प्रभु श्री श्याम का मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम परिवार के द्वारा विधिवत भजनों के साथ महेश सैन, मंटू जालान, अनु शर्मा, पवन शर्मा, जयदीप राज आदि सभी ने श्री श्याम परिवार की तरफ से प्रभु गुणगान किया महाभोग, 56 भोग, खीर-चूरमा तथा विभिन्न प्रकार के फलों एवं मेवों का भोग प्रभु को अर्पण किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्याम अखंड ज्यति पाठ का आरंभ संदीप सुल्तानिया (कोलकाता) के द्वारा परंपरागत नृत्य नाटिका के साथ किया गया। करीब 500 भक्तों ने श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में भाग लिया तथा 4:00 बजे से स्थानीय श्री हनुमान मंडल ने प्रभु श्री श्याम को अपने भजनों की भेंट प्रस्तुत किया, प्रभु की सवामणि का प्रसाद तकरीबन 2000 भक्तों ने प्राप्त किया।



शाम 6:00 बजे से सर्वप्रथम फतेहाबाद से आई परविंदर पलक ने अपने भावपूर्ण भजनों से भक्तों को खूब आत्म विभोर किया।

महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य रूप से महामंत्री मंटू जालान, महोत्सव संयोजक प्रकाश दालानिया अशोक धानुका, महेश सैन, आतिश सिंह, अजय जालान, पवन शर्मा, अमित चौधरी, कमल जालान (बंकट), जयदीप राज, राजेश अग्रवाल, पवन जालान, पवन लोहिया, अरविंद मंगल, मनोज अग्रवाल, मदन सोनी, विनय राज भाटिया, रमेश अग्रवाल, बालचंद जैन, गोपाल चांगल, पवन जालान, आशीष शर्मा (मोनू), ज्योति पोद्दार, वरुण जालान, रजत जालान, अमित सोनी, शंभू अग्रवाल, नमन चांगल, रोहित चांगल, आदि सभी श्री श्याम परिवार के सदस्य का योगदान सराहनीय रहा। यह जानकारी प्रचार संयोजक अमित चौधरी ने दी।

## संत श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 10 मार्च को, फाल्गुन पोस्टर का किया गया विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** श्री श्याम संघ के द्वारा 10 मार्च को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के मौके पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। रविवार को संस्था के सदस्यों ने गणेश जी के मंत्रोच्चार के साथ फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया की फाल्गुन सुदी एकादशी के अवसर पर प्रातः 7 बजे स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर से 301 पावन निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। निशान शोभायात्रा अपर बाजार के विभिन्न मार्ग होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। महोत्सव संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए 8340503661, 9835162257, 9955453736, 9835918837 पर सम्पर्क कर सकते हैं। रात्रि 7 बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार द्वारा भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। रंग भरी एकादशी के अवसर पर सभी भक्त बाबा श्याम के साथ गुलाल, अबीर एवं फूलों की होली खेलेंगे। रात्रि 12 बजे के बाद बाबा श्याम को महाप्रसाद खीर, चूरमा का भोग लगाया जाएगा। महाआरती, प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया, संयोजक आशीष अग्रवाल, उप संयोजक हरेंद्र अग्रवाल के अलावा अनिल लोहिया, मनोज काबरा, दीपक पोद्दार, सौरभ कटारुका, अभिषेक चौधरी, मुकेश कटारुका, विकाश अग्रवाल, रूपेश लोहिया, रवि अग्रवाल, भगवती हेतमसरिया उपस्थित थे।

### ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वे पर ओबीसी मंत्री, विधायक, संवेदनशील नहीं : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** ओबीसी सर्वेक्षण में फर्जीवाड़ा की बात सामने आने पर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को हुई। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि मूलवासी सदान से आने वाले चाहे ओबीसी हों या दलित हों या सवर्ण हों इन वर्गों को इनके अधिकारों से कैसे वंचित किया जाए, इसका षड्यंत्र हमेशा से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारों को लेकर हमारे लोगों में चेतना नहीं है। बैठक में रमेश महतो, उदित नारायण दास, सुदर्शन सिंह, रामबालक साहू, बालेश्वर राम, पीयूष कुमार, पंकज कश्यप, कृष्णा महतो, कुंदन कुमार, नंदलाल प्रसाद, विजय साहू, कुंदन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सहकारी बैंक कर्मचारी संघ का द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन संपन्न

- अध्यक्ष बने अनिल पी पन्ना और महासचिव चंदन कुमार प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी संघ का द्वितीय त्रैवार्षिक अधिवेशन कोकर में रविवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सहकारिता विकास, सशक्त बैंकिंग व समृद्ध झारखंड पर अपने विचार रखे और सहकारी बैंक कर्मचारियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि राजीव रंजन, प्रदेश बैंकिंग प्रभारी सुनील कुमार, केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार साहू व मुकेश मुक्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अधिवेशन में प्रदेश बैंकिंग प्रभारी सुनील कुमार द्वारा नई कार्यसमिति की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अनिल पी. पन्ना, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार, उपाध्यक्ष पल्लवी राज, संजय कुमार, श्याम बास्के, मुकेश कुमार साव महासचिव चंदन कुमार प्रसाद, उप महासचिव संतोष साहू, सचिव राकेश कुमार, राजीव कुमार, अमृता महतो, कमलेश दास, वित्त सचिव निखिल बांका, सह वित्त सचिव नवीन सेठ, कार्यालय मंत्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव, कार्यसमिति सदस्य मुकेश कुमार, तिलक देव कुमार, सुनील कुमार राम, राहुल रजक, राजीव रंजन, रजनी सर्वसम्मति से चुने गए।

अधिवेशन में कर्मचारियों की बेहतरी और सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 12 सूत्री प्रस्ताव पारित किए गए।

## खबर एक नजर में

### सरहुल पूर्व संध्या 31 मार्च को मनाने का निर्णय



**रांची।** सरना नवयुवक संघ की बैठक हातमा मोराबादी स्थित आदिवासी लूर अड्डा में डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सरहुल पूर्व संध्या धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। डॉ उरांव ने बताया कि सरहुल पूर्व संध्या आगामी 31 मार्च 2025 को मनाया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व पर केन्द्रित पत्रिका सरना फूल के लिये विभिन्न विषयो यथा आदिवासी सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और समसामयिक विषयों पर आलेख 28 फरवरी तक भेजने को कहा गया है। सामाजिक सेवा के लिये विशिष्ट पांच व्यक्तियों को सम्मानित करने, प्रसिद्ध चित्रकार लोधेर उराँव द्वारा निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिये आदिवासी लूर अड्डा में रखा जायेगा। बैठक में प्रो धीरज उरांव, डॉ बंदे खलखो, प्रो विकास उरांव, लोधेर उरांव, डॉ जोहे भगत, कृष्णा उरांव, मंजू कुमारी, अमर उरांव सहित अन्य उपस्थित थे ।

### रामराज्य की पुनर्स्थापना में सबकी भागीदारी आवश्यक : स्वामी दिव्यानंद



**रांची।** मातृभूमि (राष्ट्रवादी संस्था )की वार्षिक आम सभा रविवार को हरमू पटेल पार्क में आयोजित की गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष प्रेम वर्मा की अध्यक्षता मे राष्ट्रवाद पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद महाराज ने सनातन के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्यकताओं के बीच सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि रामराज्य की पुनर्स्थापना में सभी की भागीदारी होना आवश्यक है। मुख्य वक्ता पूजा चौहान ने कहा बड़ी - बड़ी कंपनियां हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थ बना रही है । जिससे गैर मुसलमानों को सावधान रहने की आवश्यकता है,क्योंकि हलाल खाद्य पदार्थ मे नन वेज का अंश हो सकता है। मौके पर मातृभूमि संस्था का विस्तार किया गया। इस मौके पर से संरक्षक बिपिन कुमार,सचिव बहुरन लोहारा,अनिल सिन्हा, पी.के.प्रधान,रोहित कुमार, संतोष कुमार,शंकर तिवारी, कुमार अंकुर,राकेश सहाय, प्रेम शंकर झा,शंभु वर्मा,विकाश कुमार,रोहित लोहारा,पीयूष झा, जितेंद्र कुमार,रूबी देवी,आर.पी. साहू,ऋषि चावला,चंद्रशेखर गुप्ता,विनय कुमार आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जागरूकता पहल का किया आयोजन



**रांची।** समर्थ द ऑर्थो क्लिनिक ने रविवार को स्वास्थ्य जागरूकता पहल 'जॉय ऑफ मूवमेंट' का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य घुटनों के दर्द से राहत, गतिशीलता बढ़ाने और एक सक्रिय, दर्द-मुक्त जीवन जीने के बारे में लोगों को जागरूक करना था। संयुक्त प्रतिस्थापन एवं ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. विवेक कुमार डेविड के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार विकल्पों और निवारक देखभाल पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### श्री शिव बारात आयोजन महासमिति से दिया इस्तीफा

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के निकाले जाने वाले शिव बारात से निजी कारणों के कारण संजय कुमार सिंह (लल्लू सिंह)ने श्री शिव बारात आयोजन समिति प्रभारी के पद से इस्तीफा दे दिया है।

### झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम सख्ती से लागू करे सरकार : विजय शंकर नायक

**रांची।** झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 को राज्य के सभी जिलों में सख्ती से लागू करने की मांग आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सीएम सेकी है। उन्होंने कहा है कि निर्धारित अवधि के भीतर लोगों को सेवा देने की उक्त अधिनियम मे बाध्यता थी । लेकिन राज्य के विभिन्न जिलों में इसका अनुपालन आज कहीं भी नहीं किया जा रहा है। जिसके मुख्य दोषी विभिन्न जिलों उपायुक्त है। आज इसी का दुष्परिणाम और मुख्य कारण है कि हर छोटे- मोटे काम के लिए राज्य की भोली भाली आम जनो को सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है।

### दिल्ली हादसे पर रेल मंत्री दें इस्तीफा : सतीश पॉल मुंजनी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा है कि 15 फरवरी को हर घंटे नई दिल्ली स्टेशन पर 1500 जनरल टिकट बिक रहे थे तो रेलवे को पहले से ही भली भांति पता था कि भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, फिर भीड़ के संचालन के लिए क्या इंतजाम किए गये थे? कितने पुलिसकर्मी तैनात थे? क्या अनाउंसमेंट किए जा रहे थे? क्या जो खबरों में लोग बोल रहे हैं वो सच है कि आखिरी वक्त पर प्लेटफार्म बदला गया - जिससे अफरा तफरी मच गई? इन सबके लिए जिम्मेदार कौन है? रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौत के आंकड़ें छिपाने में व्यस्त थे, रेल मंत्री के अपने पद से तत्काल इस्तीफे देना चाहिए। श्री मुंजनी ने कहा हे कि वहां का मंजर देखकर दिल दहला देने वाला था। आस्था और विश्वास से भरे श्रद्धालु कुंभ की ट्रेन पकड़ने के किए आए तो जरूर लेकिन प्रशासन की नाकामी से ना सिर्फ भगदड़ मची बल्कि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की तड़प तड़प कर वहीं मौत हो गई। इसकी नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए रेल मंत्री को इस्तीफा दे देनी चाहिए।

# क्राउड मैनेजमेंट में विफल रेल मंत्री तत्काल इस्तीफा दें : आलोक दूबे

- झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ हादसे में मृतक श्रद्धालुओं को दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीत यादव एवं अभिषेक साहू कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने अंबेडकर चौक डोरंडा पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुए दर्दनाक हादसे पर मृतक श्रद्धालुओं के प्रति गहरी संवेदना एवं दुख प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ प्रयागराज में हुई आगजनी एवं देश के अन्य दूसरे हिस्सों में तीर्थ यात्रियों की किसी न किसी प्रकार से हुए निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि सरकार की बद इंतजामी से पूरे देश की जनता आक्रोशित है। जब इतनी बड़ी संख्या में संपूर्ण देश से रेलवे के द्वारा लोग महाकुंभ जा रहे हैं तो सरकार को भी इसके लिए विशेष इंतजाम करना चाहिए था तथा यह रेलवे की जिम्मेदारी थी कि निरीह जनता जिसने रेलवे को पैसा अदा कर टिकट कटाया था उन्हें सुविधा देते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। भीड़ को देखते हुए रेलवे को संज्ञान लेना चाहिए था, आवश्यकता से अधिक यदि टिकट कट गए थे तो स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करनी चाहिए थी। ट्रेन की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने चाहिए थी और यह इंतजाम करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि क्राउड मैनेजमेंट में पूरी तरह से विफल है रेलवे। निश्चित रूप से घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपनी जिम्मेदारियां का निर्माण नहीं करने के कारण रेल मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और यह स्वीकार करना चाहिए कि यह इंतजाम उनके बस का नहीं है। श्रद्धांजलि सभा को कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता, छोटू, प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं विनय सिंह ने भी इस घटना के लिए रेल मंत्री को जिम्मेदार बताया और इस्तीफे की मांग की।

श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता रंजीत महतो, विजय कुमार, महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय सिंह, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, सुमित वर्मा दीपांशु सिंह, कांग्रेस नेता रवीन्द्र महतो, अजय कुमार, नवनीत कुमार, गोपाल छेत्री, गोपाल राय, शशिकांत, सुमित मिश्रा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## शहीद निर्मल महतो मेला को लेकर कमेटी का गठन

**सिल्ली।** आगामी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुढ़ाम में 26 एवं 27 फरवरी को शहीद निर्मल महतो मेला का आयोजन शहीद निर्मल महतो मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। मेला को भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर रविवार को ग्रामीणों एवं सदस्यों के बीच बैठक कर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मेला का मुख्य संरक्षक राधिका महतो एवं भागीरथ महतो, संरक्षक हरिदास मुंडा, दशरथ महतो, रामपदो महतो, राजेंद्र महतो, उपेंद्र महतो, अध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा, उपाध्यक्ष बिदेश्वर महतो, अरविंद महतो, सचिव यादव महतो, उपसचिव अनिल बेदिया, कोषाध्यक्ष अजीत महतो, उपकोषाध्यक्ष डॉ पशुपति महतो एवं कार्यकारिणी सदस्य नरेश बेदिया, राजेंद्र महतो, आशाराम महतो,भृगीराम महतो, मुकेश महतो, दिलीप महतो एवं प्रवीण महतो इत्यादि को चुना गया।

## कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा का आयोजन



**सिल्ली।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गीता पाठशाला की ओर से सिंगपुर तिरला महुवाडीह स्थित महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा बड़ा मुरी, छोटा मुरी झारखंड मोड़ होते हुए महुआडीह कार्यालय आकर संपन्न हुआ। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने संदेश दिया कि शिव परमात्मा एक है और सभी आत्माओं के पिता है। विश्व में सच्चा सुख शांति के साथ-साथ आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना करते हैं। शिव की नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। कलश यात्रा के दौरान शिव भगवान एवं भूत पिचास का बारात भी निकाला गया। इस मौके पर बिना बहन, सोनाली बहन, बुद्धेश्वर भाई, महादेव भाई, राजू भाई, दिलीप भाई आदि शामिल थे।

## टूरगुरु गांव से गाय की चोरी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के टूरगुरु गांव में शनिवार की रात एक दुधारू गाय की चोरी कर ली गई। इस संबंध में भुक्तभोगी दिव्यांग पशु किसान रियाज अहमद ने इटकी थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार शनिवार की रात को गाय को शेड में बांध कर रखा गया था। सुबह पांच बजे जब गाय को देखा तो उसे गायब पाया। इधर उधर खोजने पर भी गाय नहीं मिला। दिव्यांग किसान का ये गाय जीविका का एक मात्र साधन था। उसने पुलिस से गाय खोज निकलने की गुहार की है।

# विधवा महिला ने की आत्महत्या बच्चे हुए अनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मृतक सविता देवी।

**ओरमांझी।** बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र में एक 30 वर्षीय विधवा महिला सविता देवी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। महिला के आत्महत्या करने से उसके तीनो बच्चें अनाथ हो गए हैं। घटना के संबंध में बताया गया है कि सविता देवी तीन बच्चे छोटे हैं, व आरटीसी पब्लिक स्कूल फुरहुरा टोला में पढ़ते हैं। घटना के वक्त घर में तीन वर्ष का बेटा था। वहीं गोतनी उसकी पांच व सात वर्ष की दोनों बेटी को लेकर खेत गई थी। बड़ी बेटी खेत से पहले पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नही खुला। बाद में आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर अंदर गए तो महिल का शव फांसी पर लटकी थी। बताया गया कि सविता देवी का पति दीपक मुंडा की मौत पांच वर्ष पूर्व 2019 में एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। पति की मौत के बाद उसके तीन बच्चों के साथ देखभाल उसके भैंसुर व ससुर ही करते थे। सविता देवी पति की मौत के सदमें निकली नही, और एक वर्ष होते-होते उसके भैंसुर सुरेंद्र मुंडा की भी मौत हो गई, और कुछ माह बाद उसके बीमार ससुर जयनंदन मुंडा की भी मौत हो गई। जिसके बाद से सविता काफी परेशान रहने लगी। सविता देवी का अचानक आत्महत्या का कारण मानसिक रूप से परेशान होना भी बताया जा रहा है। परिजनों द्वारा पुलिस को बताया गया है कि सविता देवी पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। वहीं थाना प्रभारी संजीव कुमार ने भी बताया महिला मानसिक रूप से काफी परेशान थी। इधर बच्चों के अनाथ होने पर स्थानीय लोगों द्वारा चिंता जताई जा रही है।

### अश्लील वीडियो बना सरहज को ब्लैकमेल करना पड़ा महंगा

# पुलिस ने ननदोई को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- दो बच्चे की मां थी खुशबू
- काठीटांड़ में थी किरायेदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** पुलिस ने अलकमर कॉलोनी निवासी तौहिद अंसारी की पत्नी 27 वर्षीय खुशबू परवीन की आत्महत्या मामले में ननदोई फिरोज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसका मोबाइल भी जब्त कर ली गयी है। वह लोहरदगा जिले के कुडू बारीडीह के सेराज अंसारी का पुत्र है। उस पर खुशबू का अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल की धमकी देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने और इंकार करने पर प्रताड़ित किये जाने का आरोप है। मृतका के परिजनों ने रविवार की सुबह थाने आकर आरोपी को फांसी देने की मांग पर नारेबाजी की। मृतका के पिता फिरोज अंसारी की ओर से रातू थाने में उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताते चलें, कि खुशबू अपने पति और दो बच्चों के साथ काठीटांड़ में किराये पर रहती थी।

**जानें क्या है मामला**

तौहिद व खुशबू की शादी 2017 में हुयी थी। पिछले 7 महीने से फिरोज अंसारी का उससे नाजायज संबंध था। एक बार उसने खुशबू को घर से भगा कर ले गया था। लेकिन, बच्चों की वजह से तौहिद ने उसे रख लिया। लेकिन, पाबंदी के बावजूद उसने 14 फरवरी की रात अपने मोबाइल से खुशबू को 8 बार कॉल किया। इससे तंग आकर वह 15 की सुबह पंखे में दुपट्टे को फांसी का फंदा बना उस पर झूल इहलीला ही समाप्त कर ली।

## नरकोपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक से किया एक व्यक्ति का शव बरामद



रेलवे ट्रैक पर मिला शव।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र स्थित कोटपाली गांव के पोल संख्या 456/12 व 456/ 13 के बीच नरकोपी पुलिस ने करीब 50-60 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया। घटना शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे की है इधर मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के कुडु थाना क्षेत्र के हनहट गांव निवासी बहुरा लोहरा के रूप हुई है। वहीं मृतक की पहचान उसके पुत्र सुनील लोहरा ने किया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। नरकोपी पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने रविवार को मृतक का शव पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। नरकोपी पुलिस अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डॉ अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** तुमांग पंचायत के खिलान धौड़ा में रविवार को डॉ अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली ने की। बैठक में तुमांग पंचायत के खिलान धौड़ा सहित अन्य ग्राम-टोला में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान कई अहम बिन्दुओं पर प्रस्ताव रख सीसीएल प्रबंधन से मांग किया गया। जिसमें रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण में धमधमिया से खिलान धौड़ा मुख्यपथ के चले जाने से एक नया बेहतर सड़क व्यवस्था करने, रोहिणी परियोजना



बैठक में उपस्थित मोर्चा के लोगा एवं ग्रामीण।

विस्तारीकरण में खदान में हैवी ब्लास्टिंग होने से अगल-बगल के घरों में नुकसान पहुंच रहा जिस पर प्रबंधन उचित कदम उठाए, रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण में आने घरों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए और वहां के लोगों को विस्थापित किया जाए। इसके अलावा बैठक में कहा गया कि केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण में करकट्टा खिलान धौड़ा के समीप खदान खोलकर अधूरा छोड़ दिया गया है और उसमें आग लगी हुई है जो कि खिलान धौड़ा के घरों की ओर बढ़ती जा रही है। वहीं बंद खदान में लगी आग से ग्रामीणों की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रबंधन ग्रामीणों की समस्याओं को दुर करने के लिए सकारात्मक पहल करे। मौके पर तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सीसीएल प्रबंधन को करना होगा अन्यथा जरूरत पड़ी तो प्रबंधन के खिलाफ खदान कार्य ठप कराने का काम भी किया जा सकता है। बैठक में उमेश मेहता, उपेन्द्र राम, आकाश कुमार, गोपाल सिंह, विनोद कुमार, अमर साव, अनिल भुईयां, विक्की साव, पिंटु उरावं, सुरज गंझू, पारसनाथ उरांव, श्रवण लोहार, गुलशन कुमार चैहान, सुनील भुईयां, सोनु चैहान, संजय चैहान, रवि साव, अनिल, राजकुमार लोहार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थ्ति थे।

### मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर कामगार आंदोलित

# ट्यूलिप हॉस्पिटल गेट पर अनिश्चितकालीन धरना

- ढाई लाख बकाया है मजदूरी
- सामान जब्त करने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सिमलिया रिंग रोड स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल गेट पर भवन निर्माण और अन्य सनिर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले हॉस्पिटल के बिल्डिंग निर्माण में कार्यरत मजदूर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये हैं। हॉस्पिटल में दो वर्षों से बिल्डिंग निर्माण में कार्यरत मजदूर व राज मिस्त्रियों ने प्रबंधक डॉ जितेंद्र सिन्हा पर छह महीने का 2.5 लाख मजदूरी भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। मजदूरी नहीं मिलने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। डॉ सिन्हा पर



प्रदर्शन करते मजदूर।

### मजदूरों ने की नारेबाजी

मजदूरों ने निर्माण सामग्री करनी, पट्टा, साहुल व कुदाल लेकर प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरना में संघ के दयालचंद पंडित, रामाशीष राम, सुनील मिश्र, विष्णु राणा, संतोष सिंह, सीताराम उरांव, सुनिल राज समेत दर्जनों मजदूर शामिल हैं।

### आंदोलन जारी रहेगा : विश्वनाथ पंडित

यूनियन के अध्यक्ष विश्वनाथ पंडित ने कहा कि हॉस्पिटल प्रबंधन जब तक मजदूरी का भुगतान नहीं कर देता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह देश मजदूर और किसानों का है। उनके हक और अधिकार के लिये आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

# अगलगी से पुआल जलकर हुई राख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जलकर राख हुई पुआल का गांज।

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के चरका पत्थर गांव में शनिवार की रात लगभग एक बजे आग लगने से दो भाइयों मसिर खान व कुर्बान खान के घर के समीप रखे दो पुआल के गांज जलकर राख हो गए। जिससे दोनों किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। वहीं घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर पीड़ित दोनों भाईयों ने बताया कि मवेशी के चारे के लिए पुआल रखा गया था। पुआल के जल जाने से अब पशु को खिलाने के लिए समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं आग इतनी भयावह थी कि पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जिस समय आग लगी उस वक्त लोग अपने घरों में सोए हुए थे। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों को घटना की जानकारी दिया। इधर ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक देर हो गई थी। पुआल में आग लगने की घटना से किसान के दोनों परिवार बेहद मर्माहत हैं। साल भर की मेहनत को जलते देखकर किसान के स्वजनों के आंखों से आंसू छलक रहे थे। किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई थी। इस अगलगी में पुआल जलकर राख हो गयी। दोनों किसानों ने आपदा प्रबंधन के तहत अंचलाधिकारी से मुआवजा देने की मांग की है।

# 13वीं लखटकिया चैम्पियन्स ट्रॉफी में केके ब्रदर्स रांची का कब्जा



विजेता टीम के साथ अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** 13 वीं चैम्पियन ट्राफी एक दिवसीय फुटबॉल खेल लखटकिया टूनार्मेंट का खिताब केके ब्रदर्स रांची की टीम ने अपने नाम कर लिया। सोनाहातू स्थित थाना मैदान में रविवार को आठ टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में केके ब्रदर्स रांची की टीम ने सूरज ब्रदर्स बंता को 1 गोल से पराजित किया। विजेता टीम को आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, मांडू विधायक निर्मल महतो,आजसू महासचिव हरेलाल महतो,ओर पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा के द्वारा नगद 1 लाख 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, उपविजेता टीम को 81 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए।

# ओरमांझी में काली मंदिर का पुनर्निर्माण होगा, समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** काली मंदिर परिसर ओरमांझी में रविवार को ग्रामीणों के साथ काली पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मां काली मंदिर की हालत व पुनर्निर्माण पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने मंदिर को तोड़कर मां काली भव्य व सुंदर मंदिर का पुनर्निर्माण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ही कई भक्तों द्वारा मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग करने की घोषणा करते हुए सुंदर व भव्य मंदिर निर्माण करने की बात कही, वहीं समिति के मुख्य संरक्षक जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा



काली पूजा समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

मंदिर निर्माण में गांव के सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। जल्द ही भूमिपुजन कर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर मुखिया दीपक बड़ाईक, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष नितेश साहू उर्फ छोटु, सत्यनाराण तिवारी, शंकर गुप्ता, आमोद कुमार साहू, सीताराम गुप्ता, दुर्गाशंकर साहू, रिशभ साहू, उमाशंकर साहू, गोविंदलाल गुप्ता, भीम मुंडा, रामचंद्र साहू, राजेंद्र साहू, रामकुमार महतो, दिलीप मेहता, मृतुंजय जायसवाल, तालकेश्वर साहू, सतीष बड़ाईक, सुनील नायक, धनेष महतो, नरेश महतो, प्रमानंद तिवारी, राजकुमार लहेरी, सीताराम महतो, मनोज गुप्ता, राजु चैरसिया, अजय दुबे, सतीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, विजय पांडेय, मुकेश पांडेय, कृतिकांत साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थत थें।

## खबर एक नजर में

### चुटूपालू में टेलर ने बाइक सवार को कुचला



मृतक शमीम अंसारी।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चुटूपालू में हुई एक सड़क दुर्घटना में आनंदी निवासी शमीम अंसारी 56 वर्ष की मौत हो गई। शनिवार को हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि शमीम अंसारी के रिस्तेदार का मौत हो गई है। जिसके मैयत में पत्नी के साथ बाइक में सवार हो रामगढ़ जा रहा था। टोल गेट पारकर जैसे ही रामषोभा बीएड कालेज के पास पहुंचा। पिछे से रामगढ़ की ओर जा रहे एक टेलर आरजे52जीए-2755 ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सहित दोनो सड़क पर फेका गए। वहीं सड़क पर गिरे शमीम को उक्त टेलर ने कुचल दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। तबतक उसकी मौत हो चूकी थी। वहीं मृतक की मत्नी को मामलू चोट लगी है। घटना के प्रति स्थानीय लोगों द्वारा दुख जताया गया है।

### सीआईएसएफ के सुरक्षा जवानों ने चोरी के छः गैलेन डीजल बरामद की

**खलारी।** एनके पिपरवार के सीसीएल एरिया में तैनात सीआईएसएफ के सुरक्षा जवानों व क्यूआरटी टीम ने डीजल चोरी कर रहे संदिग्ध को देखा गया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए छः गैलन डीजल बरामद किया गया। सीआईएसएफ ने बताया कि सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिट ऑफिस के पास एंबुश ड्यूटी के दौरान भोर 4 बजे कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद एंबुश दल द्वारा की गई कार्रवाई में 06 गैलन लगभग 200 लीटर डीजल बरामद किया गया। जिसके बाद सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के एएसओ को सूचित करते हुए जब्त डीजल को सीसीएल प्रबंधन को सौंपा गया। प्रबंधन द्वारा जब्त डीजल का मूल्यांकन 19,256 आंकी गई है। बताया जाता है कि सीसीएल एरिया में आये दिन सीसीएल के भारी वाहनों से कर्मचारियों की मिलीभगत से डीजल का चोरी किया जाता है।

### दुकान का सटर तोड़ कर साढ़े तीन लाख की चोरी

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल रिंग रोड किनारे स्थित रुहान इन्टर प्राईजेज के सटर तोड़कर बीती रात अज्ञात चोरों ने साढ़े तीन लाख रुपया नकद एवं सीसी टीवी कैमरा का डीबी आर चोरी करके फरार हो गए। बताया गया कि रात्री में चोरों ने पहले सटर को तोड़कर दुकान के अन्दर प्रवेष किए और अन्दर दुकान में बने एक एक करके सभी ड्रावर तोड़ डाले और उसमें रखे हुए तीन ला। पचास हजार रुपये नकद सहित सीसी टीवी कैमरा का डीवीआर को भी खोलकर ले उड़े। चोर शातिर और अगल बगल के हो सकते हैं और रेकी भी कर रहे होगें उन्हें यह आभास हो गया होगा कि उनके चोरी के कारनामें सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गए हैं इसलिए वे नकद के साथ साथ डीबीआर को भी ले गए। इस चोरी की घटना के संबंध में दुकान के मालिक इजमामुल हक ने अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर घटना का जायजा लिया और चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### जेनेट एकेडमी मैक्लुस्कीगंज में वार्षिक बाल मेला सह खेल का आयोजन



**खलारी।** जेनेट एकेडमी मैक्लुस्कीगंज परिसर में बाल मेला ( फेट) सह खेल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय निदेशक मनोज गुप्ता व प्रचार्य रंजीत सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रचार्य ने बताया कि वार्षिक बाल मेला विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों का संयुक्त प्रयास है। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों व शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करना है। एवं बच्चे अनुशासित हों और उनका बौद्धिक विकास हो एवं पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बना रहे। बाल मेला में चिल्ली-चाउमीन, बर्गर, चाट, बेकरी, आइसक्रीम सहित अन्य खानपान से संबंधित 7 स्टाल लगाए गए थे। वहीं बच्चों की भीड़ खेल के 13 स्टॉल कार रेस, टी गेम, काइन एन्ड बकेट, की एन्ड वायर, पाइप एन्ड मार्बल, लकी व्हील, बाउन्सीग बाल, ट्राई लक, रिंग गेम, लाटरी शाप, सहित अन्य खेल के स्टॉलों पर लगी रही। खेल में भाग्य अजमाने व जीतने वाले छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न खेल स्टालों पर पारितोषिक की भी व्यवस्था की गई थी। वही इस कार्यक्रम के जरिये कक्षा नर्सरी से लेकर नवम कक्षा के विद्यार्थियों का नामांकन निशुल्क रखा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के करन गुप्ता, बिजय गुप्ता, क्रांति कांत कुमार, केके श्रीवास्तव, जोसेफ नटाल, अनामिका मिश्रा, मनोज कुजूर, रीना सिंह, तिलोत्मा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्या भारती की प्रासंगिकता पर दो दिवसीय कार्यशाला

**पिस्का नगड़ी।** भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधरित पंचपदी शिक्षा पद्धति एवं पांच केंद्रीय विषयों के माध्यम से भैया बहनों में पंचकोषीय विकास करने की संकल्पना ही हमारा आधार है उक्त बातें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने विद्या भारती झारखंड द्वारा श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर स्थित प्रशिक्षण विद्यालय कुदलोग में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत केन्द्रित शिक्षा व्यवस्था दी गई है। इस शिक्षा व्यवस्था में समाज के सभी लोगों की जागरूकता आवश्यक है। विद्या भारती का कार्य समाज आधारित है। हमारे विद्यालयों में प्रबंध समिति में पुरूष एवं मातृ शक्ति दोनों की अहम भूमिका है। वहीं क्षेत्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष रामवतार नारसरिया ने कहा कि हम विद्या के कार्यकताओं का दायित्व भामाशाह की तरह होनी चाहिए। आपके कार्य पद्धति के आधार पर ही संगठन के कार्य की सफलता निर्भर करता है। प्रदेश मंत्री बृजेश कुमार ने जिला केंद्र के प्रधानाचार्य एवं जिला टोली सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके भूमिका को बतलाते हुए दायित्व बोध कराया। प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों एवं प्रधानाचार्यों को दायित्व बोध करते हुए कहा ही भैया बहनों से जुड़े सभी संसाधन व्यवस्थित हो यह आवश्यक है। ज्ञात हो कि विद्या भारती योजना के आधार पर दो दिवसीय केंद्रीय अधिकारी प्रवास योजना के अंतर्गत 15 फरवरी 2025 को सभी विषय प्रमुख समस्या प्रमुखों की बैठक तथा 16 फरवरी 2025 को जिला केंद्र के प्रधानाचार्यों एवं जिला टोली सदस्यों की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठकों में पूर्णकालिक कार्यकर्ता, जिला केंद्र के प्रधानाचार्य एवं जिला टोली के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# केसरवानी वैशय समाज का सामूहिक विवाह एवं वैवाहिक परिचय का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी।** रांची जिला केसरवानी वैशय समाज के तत्वाधान सोमवार को धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के नीलाद्री धर्मशाला में रविवार को दशम आदर्श सामूहिक विवाह एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सदस्य महुआ माँझी राज्य सभा सदस्य प्रो आदित्य प्रसाद साहू हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया गया तत्पाश्चत गोत्रआचार्य महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। मिलन समारोह का उद्घाटन विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि केसरवानी समाज मार्गदर्शक का प्रतीक है समाज में केसरवानी वैश्य समाज की खास योगदान हैं शिक्षा के माध्यम से समाज को बेहतर बनाना है हमें मिलकर समाज में फैले कुरीतियों को दूर करना है इन्होंने सम्मेलन में हो रहे हैं सामूहिक आदर्श विवाह का सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में सामूहिक आदर्श विवाह भी वह समय की माँग है हमें समाज से दहेज को दूर करने के लिए तथा आडंबर भरे शादी हो रहे खर्च पर अंकुश लगाने के लिए लोगों से आगे आने का आह्वान किया इन्होंने आयोजकों से कहा कि आप धर्मशाला स्थल का चयन करें उसमें सांसद कोष के माध्यम 21 लाख रुपया देने की घोषणा की



मौके पर राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र हो या व्यापार का क्षेत्र केसरवानी समाज का अलग ही पहचान है। राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि केसरवानी समाज समाज को जोड़ने का काम करती है हमें मिलकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है संस्कार और शिक्षा के माध्यम से हम स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं वहीं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि केसरवानी वैश्य समाज के लोग हर क्षेत्र में अपना पहचान बना रहे हैं केसरवानी समाज के सहयोग के लिए हम हर समय तैयार हैं समाज जब भी धर्मशाला बनाएँगे उसमें हमारा खास योगदान रहेगा।

इस मौके पर सम्मेलन में जिला केशरवानी वैश्य सभा के द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा समाज में योग्य लड़का लड़कियों का वैवाहिक परिचय भी कराया गया साथ साथ सभा के द्वारा राँची जिला के 70 वर्षीय बुजुर्ग लोगों को वह केशरवानी पट्टीका और जगन्नाथ स्वामी का फोटो देकर सम्मानित किया गया इस सम्मेलन में प्रदेश के साथ झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष संतोष केशरी महामंत्री नरेश केशरी, कोषाध्यक्ष विनय केशरी सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए, प्रदेश से आए एवं अन्य अतिथियों का स्वागत केशरवानी पट्टी पहनाकर और जगन्नाथ स्वामी का मोटो देकर सम्मानित किया गया। परिचय सम्मेलन मे एक जोड़ी का आदर्श सामूहिक विवाह भी कराया गया। मौके पर सभा के द्वारा दोनों नवविवाहित जोड़ियों को आशीर्वाद स्वरूप उपहार भी भेंट किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष कार्तिक केसरी एवं महामंत्री मनीष केसरी ने संयुक्तरूप से वार्षिक आय व्यय खर्च का विवरण प्रस्तुत किया सम्मेलन का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कार्तिक केसरी मंच संचालन महमंत्री मनीष केसरी सह मिथलेश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन उमेश केसरी ने किया।

इस कार्यक्रम में झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल उड़ीसा सहित झारखंड प्रदेश के सभी ज़िलों से हजारों केसरवानी वैश्य सभा के लोग शामिल हुए। मौके पर संरक्षक सह राष्ट्रीय सलाहकार शिवकुमार केशरी, संयोजक तपेश्वर केशरी, कोलहान आयुक्त हरि केसरी ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी साहू प्रो प्रेमसागर केसरी उमेश कुमार केशरी, प्रदीप केशरी, मनोज केशरी, राधेश्याम केशरी सीताराम केशरी, अनिल केसरी, संजय चौधरी, अमरजीत केसरी, रूपेश केसरी, हेमंत केसरी, मनीष केशरी, प्रमोद केसरी, रवि केशरी, मिथिलेश केशरी, कमलेश कुमार केशरी सहित राँची सहित कई ज़िलों के केसरवानी समाज के हजारों लोग उपस्थित थे।

## अमेरिका फर्स्ट

अमेरिका की नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा,मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखाई। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका में ट्रंप अमेरिका फर्स्ट के नारा बुलंद करके ही सत्ता में आये हैं।

### कार्टून वर्ल्ड






मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

वृष : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

मिथुन : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएगा। शुभांक-4-5-7

सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। शुभांक-3-5-7

धनु : धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-&-6-9

कुंभ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

# भारत, रूस और अमेरिका के बीच नये समीकरण

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के पेरिस और वॉशिंगटन दौरे के बाद आस बंधी है कि भारत में अनवरत विद्युत और गैस सप्लाई से आर्थिक विकास दर में वृद्धि होगी। एक समय उद्यमी अपने कल-कारखाने में उत्पादन कार्य से पहले अनवरत विद्युत सप्लाई के लिए भागदौड़ में जुटा रहता था। आज एक ओर क्लाइमेट चेंज के कारण कार्बन रहित विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आणविक विद्युत सप्लाई के लिए बड़े संयंत्र की जगह छोटे आणविक संयंत्रों की मांग बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के ह्यमेक इन इंडियाह्न मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए चौबीसों घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति की जरूरत होगी, जो डाटा सेंटर और विशाल कंप्यूटर सेंटर को सजीव रख सके। भारत के आर्थिक विकास में ऊर्जा के क्षेत्र में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति एक प्राथमिकता है।

आने वाले दिनों में भारत की ऊर्जा, विशेषकर कच्चे तेल की माँग चीन से ज्यादा होगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की मानें तो निःसंदेह तीन सालों में भारत के कारोबार में वृद्धि होने से परिवहन और उद्योग में कच्चे तेल की माँग बढ़ेगी, एक तेजी से खड़ी होने वाली भारतीय इकॉनमी के लिए परिष्कृत ऊर्जा और और विद्युत ऊर्जा की जरूरत होगी। पेरिस आधारित इस एजेंसी के अनुसार भारत को मौजूदा 15.380 करोड़ बैरल से बढ़ कर 2030 में 16.640 करोड़ बैरल प्रतिदिन की जरूरत होगी। मोदी ने वार्ता के दौरान अगले पाँच सालों में विकसित भारत-2047 तक दोगुने व्यापार की उम्मीद जताई है। मोदी और ट्रंप वार्ता के दौरान व्यापार संधि में भारत ने अमेरिका से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। भारत अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदेगा, इस पर विचार जारी है। दुनिया में कच्चे तेल के आयात में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा बड़ा आयातक देश है।

मोदी-ट्रम्प वार्ता में ऊर्जा: कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनमी को पाँच खरब की इकॉनमी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुँचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1 %) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88% तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है। इसमें तेल आधारित उत्पाद नहीं है। भारत खुद तेल आधारित उत्पाद बना कर यूरोपीय देशों को निर्यात करता है और 23.3 अरब डालर अर्जित करता है। इसमें एलपीजी 10.5 अरब डॉलर, 22.1 अरब डॉलर के हाई स्पीड डीजल और 11.2 अरब डॉलर मोटर स्पिरिट है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतें गिरती हैं, निश्चित तौर पर भारत लाभान्वित होगा।


अभी तक तेल की कीमतों को प्रभावित करने में खाड़ी में तेल उत्पादक देशों और ओपेक प्लस देशों में रूस, अमेरिका सहित ऐसे आधा दर्जन देश हैं, जो तेल का उत्पादन करते हैं। भारत में कच्चे तेल का उत्पादन अल्प मात्रा में हो पाता है, जबकि उसे अठासी प्रतिशत तक आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। भारत तेल की कीमतों को प्रभावित करने की स्थिति में भले नहीं रहा, वह भू-राजनैतिक कारणों से सऊदी, ईरान, इराक और यूनाइटेड अरब अमीरात, वेनेजुएला आदि देशों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति करता रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के से उपजी परिस्थितियों के कारण भारत ने राष्ट्रहित में मौजूदा निर्यातक देशों के कोटे में कटौती कर अधिकाधिक तेल रूस से खरीदना शुरू किया। रूस और भारत के रणनीतिक रिश्तों के कारण भारत में कच्चा तेल 15 से 20 डॉलर प्रति बैरल आयात किया जाता रहा है। शुरू में 2023-24 में 33 % इराक, 21% सऊदी अरब, 16% यूएई, 6.4 % खाड़ी के ओपेक प्लस देशों में रूस और अमेरिका, दो बड़े देश हैं, जो दस लाख बैरल तेल प्रतिदिन निकालते हैं, हालांकि अमेरिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिका सऊदी अरब जैसे दोस्तों से तेल की आपूर्ति करता है।

भारत ने यूएस से तेल के आयात पर सहमति देकर एक ओर अमेरिका से मित्रता का धर्म निभाया है, वहीं खाड़ी और रूस से आयात के मौजूदा कोटे में कमी कर देश को चुनौतियों के लिए आमंत्रण दिया है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रम्प कच्चे तेल का अधिकाधिक उत्पादन करना चाहते हैं। वह अपने तेल उत्पादकों से कहते हैं, ह्यड्रिल बेबी ड्रिलह्व और दूसरी ओर मित्र देशों को उलाहना देते हुए कहते हैं, ह्यआओ, हमसे दोस्ती करो और तेल पाओह्व अमेरिका ने 29023 में 19358 हजार बैरल प्रतिदिन उत्पादन किया, जो वैश्विक स्तर पर कुल उत्पादन का 20.1 % है। ओपेक देशों का 35.3 % और ओपेक + देशों रूस और मैक्सिको सहित 54% है। ऐसे समय जब रूस एमपी जर्जर इकॉनामी को सुधारने के लिए, भारत को सस्ते में तेल देने का प्रलोभन देता है, तो गलत नहीं है। इससे भारत-रूस संबंधों पर आंच आना स्वाभाविक है।

रिन्युअल एनर्जी से होगा कार्बन रहित समाज : इसी रिन्युअल एनर्जी परिकल्पना की दृष्टि से फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो और भारत के बीच छोटे आणविक संयंत्रों के आयात पर जो समझौता हुआ है, उससे देशभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए द्वार खुल सकेंगे। इन आणविक संयंत्रों से एआई ही नहीं सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में अनवरत विद्युत ऊर्जा से प्रौद्योगिकी को बल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि रिन्युअल एनर्जी आधारित ऊर्जा के लिए उत्तम कोटि के मिनरल की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में चीन कहीं आगे है, संभव है भारत को चीन से ऐसे मिनरल के आयात में कठिनाई हो सकती है, जो उसके ऊर्जा सुरक्षा में बाधक बने।

एलन मस्क और मोदी वार्ता में विद्युत वाहन : क्लाइमेट चेंज से अत्यधिक प्रभावित भारत एक तो खनन कोयले पर अत्यधिक गर्मी से पीड़ित है। इसके लिए भारत की कोशिश है कि वह परिवहन तेल और गैस पर निर्भर रहने की बजाए विद्युत चालित वाहनों का सहारा ले। इस संदर्भ में मोदी ने अपने दौरे के पहले ही दिन ऐलान मस्क से बातचीत में विद्युत चालित वाहनों के लिए सहयोग मांगा। मस्क भारत में विद्युत चालित वाहनों की फैक्ट्री लगाते हैं, तो भारत ने उन्हें सिंगल विंडो के तहत सभी सुविधाएँ दिए जाने की पेशकश की है। परिवहन क्षेत्र को कार्बन रहित बनाने के लिए भारत में 2023 में 15.3 लाख विद्युत वाहन थे, जो एक साल में बढ़ कर 19.5 लाख विद्युत वाहन हो गए जो मात्र 7.44 % वृद्धि है। कार्बन रहित परिवहन के लक्ष्य में बायो फ्यूल और हाइड्रोजन एक विकल्प है।





\- ललित मोहन

> मोदी-ट्रम्प वार्ता में कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनमी को पांच खरब की इकॉनमी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुंचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1 प्रतिशत) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88 प्रतिशत तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है।

### लेटर टू एडिटर

#### सोच भी बदले

**यौन** अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए केवल कठोर कानूनों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव भी आवश्यक है। परिवार, स्कूल और सामाजिक आयोजनों में नैतिक शिक्षा और संस्कारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जूडो, कराटे आदि जैसे कौशल सिखाने से उन्हें सुरक्षा का आत्मविश्वास मिलता है। बेटियों के साथ छेड़खानी और यौन हिंसा की घटनाओं में बढ़ते मामले चिंताजनक हैं।

**\- संजय वर्मा, रांची**

#### किसान आंदोलन

**किसानों** ने रेल यातायात को रोककर अपने कृषि समुदाय के मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया। यह विरोध केवल एक असुविधा नहीं है। यह उन चुनौतियों की स्वीकृति के लिए एक गंभीर अपील है, जिनका हम सामना कर रहे हैं। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**\- राजकुमार सिंह, गढ़वा**

### ट्वीट

**दुनिया** भर के देश अक और ड्रोन जैसी तकनीकों पर तेजी से काम कर रहे हैं।

हमें भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि हम तकनीकी रूप से समृद्ध हों। यदि आप अक या ड्रोन के क्षेत्र में काम कर रहे हैं या आपके पास इन तकनीकों को विकसित करने के कोई सुझाव हैं, तो शेयर करें।

**\- राहुल गांधी, सांसद**

**रांची** में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए आयोजित प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का उद्घाटन किया। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने पारंपरिक विधाओं से जुड़े लोगों के उत्थान के लिए इस योजना को लाया ताकि विकसित भारत 2047 के योगदान में सभी वर्गों का योगदान हो।

**\- संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

# भारत की वैश्विक महाशक्ति बनने की यात्रा में रेलवे की भूमिका

**डॉ. विपिन कुमार**

### विकास

**देश** के रेलवे और आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में कई मील के पत्थर विगत एक दशक में सामने आये है।

वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल भारत ने अपनी तकनीक से बनाया और पूरी दुनिया को दिखाया। आज दर्जनों देश इस रेल को अपने देश में चलाना चाहते हैं। इसके पहले छह देशों से भारत ने ऐसे रेल खरीदने का प्रयास किया जो तकनीकी और अधिक मूल्य के कारण रद्द हो गया था।

पहली बार देश में रेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी जो रेल में सुधार पर शोध और निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

भारत 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए रेल व्यवस्था का नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक है। भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यमेक इन इंडियाह्न और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न जैसे कार्यक्रमों का इस क्षेत्र पर गहरा असर पड़ा है। भारतीय रेलवे दुनिया की प्रमुख रेल प्रणालियों में से एक है और पिछले एक दशक में सरकार ने इसके मूलभूत ढांचे के विकास, आधुनिकीकरण और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इसके परिणामस्वरूप, रेलवे ने एक नई दिशा प्राप्त की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है, जो एक नया रिकॉर्ड है।

2013-14 में रेल बजट केवल 63,363 करोड़ रुपये था। 2014 से 2024 के बीच, सरकार ने 31,180 किलोमीटर से अधिक रेल ट्रैक चालू किए हैं और ट्रैक बिछाने की गति 14.54 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है, जो 2014-15 में केवल 4 किलोमीटर प्रतिदिन थी। इसी अवधि में 41,655 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण भी किया गया है, जो कि 2014 के मुकाबले लगभग दोगुना है। आज, वंदेभारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी कई आधुनिक ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जो यात्रियों के जीवन में सुगमता ला रही हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लॉन्च की गई वंदेभारत एक्सप्रेस, आधुनिक और आरामदायक रेल यात्रा का प्रतीक बन गई है। वर्तमान में देश में 102 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जिनकी ऑक्यूपेंसी रेट 96.62% है। वंदेभारत ट्रेनों की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो न केवल यात्रियों को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान कर रही है। हाल ही में, गुजरात में अहमदाबाद और भुज के बीच पहला ह्यवंदेभारत मेट्रोह्व शुरू हुआ, जो शहरी यातायात समस्या का समाधान है। इसके अलावा, जल्द ही वंदेभारत स्लीपर ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा।

रेलवे केवल यात्री सुविधा नहीं बल्कि भारत की कृषि और औद्योगिक प्रगति का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी दिशा में, भारत सरकार ने ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्व का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। यह पहल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। ह्यपीएम गति शक्ति मिशनह्व के अंतर्गत, ऊर्जा, खनिज और सीमेंट जैसे तीन आर्थिक रेलवे गलियारों की पहचान की गई है, जो लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक होगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2014 में शुरू किए गए ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्व के तहत रेलवे ने ह्यस्वच्छ रेल, स्वच्छ भारतह्व अभियान भी चलाया है, जिससे स्टेशनों पर सफाई और सुविधाओं में सुधार हो रहा है।

रेलवे द्वारा डिजिटलीकरण, स्वच्छता, समावेशिता और शिकायत निवारण को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इस वर्ष, 31 अक्टूबर, 2024 तक 50,000 स्वच्छता अभियान आयोजित करने का लक्ष्य है, जो पिछले वर्ष के लक्ष्य से लगभग दोगुना है। भारतीय रेलवे ने सुरक्षा और सुगमता बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं, जैसे ह्यकवच प्रणालीह्व और ह्यइलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंगह्व, जिसके परिणामस्वरूप रेल हादसों में कमी आई है।

भारतीय रेलवे ह्यडिजिटल इंडिया मिशन और ह्यविकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमें इस गति को बनाए रखना चाहिए, ताकि रेलवे हर वर्ग के लिए सुरक्षित यात्रा की गारंटी बन सके। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने उत्साह और जुनून से इस लक्ष्य को जल्द ही हासिल कर लेंगे।

**(लेखक, विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)**

# एआइ की सौगात : संभावनाएं और चुनौतियां

**गिरीश्वर मिश्र**

### आइटी

**एआई** यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है। एआई बड़ा संक्रामक है और देश-काल की सीमाओं को तोड़ते-फलांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है। वैसे तो एआई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सबकुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके जरिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निमार्ता की नियति तय करता दिख रहा है।

आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने-काँपने लगा है। मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है। सत्य अर्थात वह जिसका अस्तित्व है (सत्) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमें अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ जरूर होता है। वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके। सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं। परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के करीब पहुँचा देती है।

आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं। सारी कानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है। वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तवी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है। वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है। यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ ले जाती है जिसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धिमत्ता के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें, व्यवहार शैली और जीने का अंदाज सबकुछ बदलता जा रहा है। इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है। मनुष्यता के स्वभाव, बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है। जीवन में एआई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर तरफ उपस्थित है। पिछले कुछ दिनों में डीप फेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है। एआई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है। निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है।

एआई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी एआई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पाकर हम अब यह सोच रहे हैं कि एआई क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे-यह आकर्षक पर खतरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से एआई की संभावनाओं के साथ इससे जुड़े बड़े खतरों की ओर ध्यान खींचा, शायद उससे निपटने के लिए, तकनीकी विशेषज्ञता काफी न होगी। उसके किए समानुभूति, इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी। बिना उस व्यापक संदर्भ के हमारे समाधान छिछले, संकुचित और नुकसानदेह हो सकते हैं। सबकुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई के नैतिक और सामाजिक आयाम भी हैं। शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान प्रौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। एआई का नियंत्रित उपयोग वहीं हितकारी हो सकता है वहां कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि जरूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा।

प्राचीन ऋषियों ने ऐसे ही नहीं कहा था कि स्वर्ण के ढक्कन से सत्य का मुख ढंका हुआ है- हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितम्‌ मुखम। अतीत से विच्छिन्न, मूलहीन सभ्यता की नई इबारत लिखने वाली सोच अधूरी है। उसके हिसाब से हम सब एक डाटा प्वाइंट होते जा रहे हैं। समाज और संस्कृति की स्मृति को मिटा देना बड़ी त्रासदी है। हमें इसके प्रति आगाह रहते हुए एआई के उपयोग को सीमित करना होगा। इसी में मनुष्य के भविष्य की गुंजाइश होगी।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा के पूर्व वीसी हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पूरी सब्जी का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों का तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिन्कू वर्णवाल, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, इम्तियाज अली, लखन राम, लालू उरांव, सुकरा करमाली, दिलीप गंजू, विजय राम, मुस्कान परवीन, कारु यादव, गुड्डू सिन्हा, संजू सिन्हा, मो शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### गेगदा ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल द्वारा इमली ग्राउंड हेसला में 12 फरवरी से आयोजित द्वितीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शनिवार को गेगदा बनाम हरिहरपुर के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें गेगदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरिहरपुर टीम को 2-1 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया लिया। टूर्नामेंट में शामिल सभी 16 टीमों को फुटबॉल किट प्रदान की गई। फाइनल मैच के विजेता और उपविजेता टीम को जियाउर रहमान ने विनर और रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेलों में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। उन्होंने सभी टीमों को बेहतर प्रदर्शन कर आगे भी खेलों में अपना दमखम दिखाने की बात कही। कहा गया कि इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने और फुटबॉल के प्रति उत्साह बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

### लपंगा में फुटबॉल टूर्नामेंट 21 से



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लपंगा में फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर रविवार को भदानीनगर मैदान में समिति की बैठक हुई। बैठक में 21 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट की तैयारी पर चर्चा की गई। कहा गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लपंगा फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। टूर्नामेंट 21 फरवरी से शुरू होगा। फाइनल मैच 25 फरवरी को होगा। फाइनल मैच के विजेता टीम को 50 हजार नकद और विनर ट्रॉफी, उप विजेता टीम को 30 हजार नकद और रनर ट्रॉफी, तृतीय और चतुर्थ स्थान लाने वाली टीम को 10-10 हजार रुपया नकद पुरस्कार दिया जायेगा। टुनामेंट में 16 टीम हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमदत्त दुबे और लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे और फाइनल मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक रोशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, राजेश मंडल करेंगे। मौके पर समिति के संरक्षक आनंद दुबे, अध्यक्ष जाबिर अंसारी, उपाध्यक्ष सेवालाल बेदिया, सचिव राजेश कुमार, सुनील बेदिया, जोहरन करमाली, चंद्रिका चौधरी, विजय यादव, बालदेव बेदिया आदि मौजूद थे।

### संविधान पर कार्यशाला आयोजित



**कतरास।** कतरास बाजार स्थित राजेंद्र क्लब में पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा भारतीय संविधान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा। दीप प्रज्वलित एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर संकल्प लिया गया। बाघमारा तथा तोपचांची प्रखंड के महिला पुरुषों ने भाग लिया। अधिवक्ता जयदेव बनर्जी ने विभिन्न कानूनी संहिताओं को एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के फील्ड मोटीवेटर उमेश ऋषि ने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार एवं नागरिकों के कर्तव्य पर विस्तार से जानकारी दी। शिबू मुर्मू, नारायण शर्मा, शिवनाथ विश्वकर्मा, सुदामा दास, प्रफुल्ल मंडल, गंगाधर मंडल, मंजू कुमारी, महेश्वर मांझी, राधा कुमारी, पुन्नू जी, दर्शनी देवी, जरा मनी देवी, नॉलेज कुमार सिंह, सलीम अंसारी, गफूर मियां, पप्पू कुमार पासवान, शिवनाथ भारती के अलावा अन्य गणमान्य शामिल थे।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने बंदोबस्त कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा

# कार्य प्रणाली में लायें सुधार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने शनिवार को बंदोबस्त कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की दक्षता और व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए, कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। आयुक्त ने कर्मचारियों से क्षेत्रीय प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने और तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यालय के कामकाज में पारदर्शिता और गति लाने के लिए डिजिटल तकनीक के अधिक से अधिक उपयोग का सुझाव दिया।

कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि सभी कार्य नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों को समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मुख्यालय और प्रधान सहायक सहित अन्य अधिकारियों ने आयुक्त को कार्यालय की मौजूदा स्थिति और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयुक्त का यह निरीक्षण क्षेत्रीय प्रशासन के संचालन में सुधार और आम जनता के लिए सुविधाओं को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



बंदोबस्त विभाग की की समीक्षा करते आयुक्त पवन कुमार।

# जनता के हित में काम कर रही है महागठबंधन सरकार : सुबोधकांत

**सरकार का लक्ष्य राज्य का तीव्र गति से विकास : केशव महतो**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रविवार को बिंझार में पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रदेश की महागठबंधन सरकार लगातार राज्य के लोगों के हित में कार्य कर रही है। कहा कि महागबंधन की सरकार लोगों से किये सभी वादों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। महागठबंधन की सरकार ने महिलाओं को मईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रूपए महीना देने का वादा पूरा किया। किसानों के कर्ज माफी का कार्य किया। पंचायत स्तर पर जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया। श्री सहाय ने कहा कि आनेवाले समय में महागठबंधन राज्य के लोगों के हित के लिए कई और कार्य करेगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महागठबंधन सरकार ने जनहित में जो कार्य किए हैं उससे महागठबंधन सरकार के प्रति राज्य के लोगों की विश्वसनीयता लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य के गरीब, वंचित और पिछड़े. वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। ताकि राज्य का समुचित विकास हो सके। कहा कि केंद्र सरकार राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ देने में आनाकानी कर रही है। कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्य सरकार के बकाये राशि का भुगतान नही करेगी तो महागठबंधन के घटक दल इसको लेकर आंदोलन करेंगे। मौके पर इंटक के केंद्रीय सचिव सचिन केडी मिश्रा ,अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संतोष सिंह ,कौशल सिंह, समाजसेवी अरुण सिंह, नंदकिशोर बेदिया, परमदीप बक्शी, नवनीत कुमार सहितसहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



बिंझार में सुबोधकांत और केशव महतो का स्वागत करते लोग।

## घाटी बड़बहाल में महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के घाटी बड़बहाल गांव में 17 से लेकर 22 फरवरी तक हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू होगा।आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंडप का निर्माण पूरा हो चुका है। कमेटी के सदस्य गांव-गांव जाकर लोगों को यज्ञ में शामिल होने के न्योता दे रहा है। आसपास के गांव में भी हजारों श्रद्धालु आने की संभावना है यज्ञ की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं और वालंटियर तैनात किए जा रहे हैं पूरे आयोजन के दौरान विधि व्यवस्था संभालेंगे 5 दिन तक चलने वाले इस महायज्ञ में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। कमेटी के अध्यक्ष आनंद मोहन तिवारी, सचिव मुरारी रवानी, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी जी, मुख्य संस्थापक गौतम ओझा, कमेटी के सदस्य अशोक ओझा, बरूण रवानी,पंकज सिंह नरेश राव चंदन तिवारी कुंदन तिवारी मनमोहन तिवारी पुरुषोत्तम ओझा गुंजन तिवारी मुकेश तिवारी सतनारायण तिवारी, दाल गोविंद रजक, पवन मंडल, अकलू रामानी, लक्ष्मण तिवारी सुशील रवानी राजीव रवानी व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अमन श्रीवास्तव का गैंग अशरफ गिरफ्तार

**पुलिस ने आपराधिक गिरोह के सदस्यों की गुप्त सूचना देने की जनता से की अपील**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र के में अमन श्रीवास्तव गिरोह को सपोर्ट करने वाला अशरफ अंसारी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। वह गैंग के लिए मीटिंग अरेंज करता था और ठेकेदारों को बैठाकर रकम तय करता था। रविवार को उसकी गिरफ्तारी की सूचना पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि अशरफ अंसारी बाहर से गैंग को पूरा सपोर्ट देता था। किस तरह से मीटिंग अरेंज करनी है, कहां अरेंज करनी है, ठेकेदारों को गाड़ी से कैसे पहुंचाना है, यह सारी जिम्मेदारी गैंग की तरफ से उसे ही सौंपी गई थी। पतरातू थाना क्षेत्र के रोचाप निवासी अशरफ उसदिन भागने में सफल रहा था, जब एलेक्सा रिसॉर्ट में अपराधियों की बैठक हो रही थी। एसडीपीओ ने बताया कि पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू रेलवे फाटक के पास फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने वाली कंपनी एमजीसीपीएल के साईट पर 10 दिसंबर को अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराया गया था। उसके बाद उक्त कम्पनी के मैनेजर से लेवी लेने के लिए अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य लगातार फोन पर धमकी दे रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि रंगदारी की रकम तय करने के लिए एमजीसीपीएल कंपनी के मैनेजर को पांच जनवरी को एलेक्सा रिसॉर्ट में बुलाया गया था। वहां अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोग भी आए थे। पुलिस को जब सूचना मिली तो वहां छापेमारी की। उस दौरान दीपक कुमार, शहादत अंसारी, एहसान अंसारी को गिरफ्तार जेल भेजा गया था। वहां एक नाबालिक युवक गुलफान अंसारी को कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह भेजा गया था। गुलफान को गैंग के लोगों ने रिसॉर्ट के बाहर नजर रखने के लिए तैनात किया था। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने एक नई मुहिम आपराधिक गैंग के खिलाफ शुरू की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी गैंग से परेशान है तो पुलिस उसका समाधान करेगी। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए कहा कि गैंग के सक्रिय सदस्यों के बारे में कोई भी गुप्त सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



## कतरास के मुराईडीह में ठाकुर अनुकूल चंद्र का जन्मोत्सव मना



**कतरास।** मुराईडीह कॉलोनी में श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजन कीर्तन से कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। विधायक शत्रुघ्न महतो भक्तों के साथ बैठकर भजन कीर्तन में भाग लिया। मुराईडीह, पोचरी, सिंदवाटांड, जोगीडीह, बरोरा, डुमरा, हरिणा, निश्चितपुर, भीमकनाली, बाघमारा, चिटाही, सिनीडीह से अनुयायी पहुंचे थे। भंडारा का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीके राय, अमर बाउरी, आनंद बाउरी, भीष्म बाउरी, दुलाल बाउरी, भीमलाल मिस्त्री, जादू नाथ मंडल, सुनील बाउरी, आस्तिक बाउरी आदि शामिल थे।

# झारखंड की पहली हॉरर सिरीज आज होगी रिलीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** 17 फरवरी को जियो टीवी पर रिलीज होने जा रही इंटरडाइमेंशनल हॉरर सिरीज 'द हाउंटिंग ऑफ पलाना' दर्शकों को डर और रोमांच की अनूठी दुनिया में ले जाएगी। यह सिरीज सात एपिसोड की है, झारखंड के बड़कागाँव और हजारीबाग की खूबसूरत लोकेशनों पर फिल्माई गई है। टीम कंट्रोड्स फिल्म्स द्वारा निर्मित इस सिरीज के लेखक और निर्देशक सुमित कुमार सिन्हा ने इसे बेहद खास और आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। द हाउंटिंग ऑफ पलाना का ट्रेलर पहले ही दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर चुका है। निर्देशक सुमित ने कहा कि यह सिरीज झारखंड में बनी पहली ऐसी परियोजना है जो हॉलीवुड स्तर के कंटेंट से प्रेरित है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम इसे जियो टीवी जैसे मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं। लोकल और नेशनल टैलेंट का संगम

**बड़कागांव और हजारीबाग में हुयी है द हाउंटिंग ऑफ पलाना की शूटिंग**

इस सिरीज में हजारीबाग के उभरते कलाकारों के साथ-साथ दिल्ली और हरियाणा के भी अभिनेता शामिल हैं। आयुष, वंशिका सिन्हा, मुकेश राम प्रजापति, रवि गुप्ता, अभिषेक सिंह, रोहित वर्मा, धनंजय डी के, और दीपक झा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, शशिकांत कुमार, पवन भारती, रोहित हाजरा, और अन्य कई कलाकार इस प्रोजेक्ट को मजबूती देते हैं।

बड़कागांव की वादियों में कैद हुआ रोमांच : पूरी सिरीज की शूटिंग बड़कागाँव के पडरिया गाँव और हजारीबाग की विभिन्न लोकेशनों में हुई है। इन स्थानों की प्राकृतिक खूबसूरती और कहानी के हॉरर एलिमेंट्स का मेल दर्शकों के लिए एक नया अनुभव लेकर आएगा।

**तकनीकी टीम का शानदार योगदान:** कैमरे के पीछे की टीम, जिसमें आनंद साहा, सूरज कुमार, दीपक प्रजापति और सह-निर्देशक अनिरुद्ध उपाध्याय शामिल हैं, ने इस सिरीज को तकनीकी और सिनेमाई रूप से उत्कृष्ट बनाने का काम किया है। झारखंड में पहली बार इस तरह की सिरीज का निर्माण किया गया है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बड़ी पहचान बना सकती है। इससे न सिर्फ स्थानीय कलाकारों और क्रिएटिव्स को मंच मिलेगा, बल्कि राज्य के मनोरंजन उद्योग के लिए नए दरवाजे भी खुलेंगे। 17 फरवरी को सुबह 11:30 बजे जियो टीवी पर इस दिलचस्प सिरीज का अनुभव लेने के लिए। 'द हाउंटिंग ऑफ पलाना' आपके डर को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



## एक नजर में

### शिव मंदिर में धूमधाम से मनेगी शिवरात्रि



**दारू।** दारू थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पूजा के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को मंदिर परिसर में थाना प्रभारी शफीक खान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी शफीक खान ने ग्रामीणों से अपील की कि इस पवित्र अवसर पर सभी मिलजुलकर सहयोग करें और आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि पूजा क्षेत्रीय एकता और धार्मिक समर्पण का प्रतीक है। पूजा की सुचारू व्यवस्था के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया। इस समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में थाना प्रभारी शफीक खान को नामित किया गया, जबकि अध्यक्ष मुखिया सुनील कुमार, सचिव बसंत नारायण, कोषाध्यक्ष राजन सिन्हा, और उपकोषाध्यक्ष छोटन कुमार बनाए गए। बैठक में सुरेश राम, किशुन प्रसाद, विजय कुमार, रौशन सिन्हा, बीरेंद्र यादव, संजना कुमारी, लक्ष्मण यादव, और रामशरण राम समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया। इस बार की महाशिवरात्रि पूजा को पहले से अधिक भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर को सजाने और कार्यक्रम के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु शिव भक्ति का आनंद ले सकें।

### जैलमा जंगल से सखुआ की लकड़ी जब्त

**कटकमसांडी।** जैलमा के जंगलों में सखुआ के पेड़ों की कटाई और अवैध बिक्री की मिल रही लगातार सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने 15-20 सखुआ लकड़ियां जब्त की हैं। वनकर्मियों की दबिश के दौरान लकड़ी तस्कर मौके से फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग को बताया कि जैलमा निवासी गोविंद साव, पिता बिशुन साव, लंबे समय से सखुआ के पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों की अवैध बिक्री कर रहे हैं। वनकर्मी अभिषेक कुमार ने कहा कि लकड़ी तस्करों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत जल्द ही केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जंगल कटाई की घटनाएं जैलमा क्षेत्र में वन संरक्षण के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। वन विभाग की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप है, लेकिन ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विभाग को सख्त निगरानी और सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे जंगलों की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

### झरपो : एटीएम काटने की कोशिश नाकाम

**टाटीझरिया।** झरपो मेन रोड स्थित शिव मंदिर के पास लगे एसबीआई एटीएम को लूटने की कोशिश में चोरों को खाली हाथ लौटना पड़ा। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पांच अज्ञात चोर चार पहिया वाहन से पहुंचे और गैस कटर की मदद से एटीएम शटर का ताला काटकर अंदर घुसे। चोर एटीएम मशीन को काटने की कोशिश कर ही रहे थे कि अचानक सायरन बज उठा। सायरन की आवाज सुनते ही चोर घबराकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना एटीएम के समीप रहने वाले चंदन कुमार वर्णवाल ने एसबीआई शाखा प्रबंधक विवेक कुमार को दी। सुबह शाखा प्रबंधक ने टाटीझरिया थाना को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें चोरों की गतिविधियां कैद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों के चेहरे ढके हुए थे और वे चार पहिया वाहन से आए थे। पुलिस ने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल, पुलिस इस घटना को लेकर सतर्क है और जांच जारी है।

### महाकुंभ जा रहे गिरिडीह के कई श्रद्धालु जख्मी

**गिरिडीह।** महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे बेंगाबाद प्रखंड के कुछ श्रद्धालु शनिवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बनारस के बीएचयू हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों को तत्काल बनारस भेजा गया, ताकि घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा सके। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती सभी घायलों को हर आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

### माइका फैक्ट्री मजदूर की सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह परसाटांड मोड़ के पास माइका फैक्ट्री में काम करने वाले जानकी महली का शव मिला। परिवार का आरोप है कि शनिवार रात एक एक्सयूवी ने जानकी को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक्सयूवी की टक्कर की पुष्टि हुई। इसके बाद वाहन और मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गिरिडीह : कैंप में नौ मरीजों की सफल सर्जरी



**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्लास्टिक सर्जरी कैंप के दूसरे दिन यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जिनिया, अमेरिका से आए डॉ. टॉम कैम्पर और डॉ. जनाथन ब्लैक के नेतृत्व में 16 सदस्यीय डॉक्टर्स की टीम ने कुल नौ मरीजों की सफल प्लास्टिक सर्जरी की। सर्जरी कराने वाले मरीजों में कटे होंठ, जलने के कारण सिकुड़े अंग, सटी हुई उंगलियां और चेहरे पर निशान से संबंधित लोग शामिल थे। इस कैंप का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराना है। कैंप के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, सचिव मयंक राजगढ़िया, कैंप संयोजक बिजय सिंह सहित अन्य सदस्यों सुभाष घोष, नवीन सेठी, मनीष तर्वे, विकास बगड़िया, अमित गुप्ता, राजेश जालान, डॉ. विनय गुप्ता, अंशुल जैन, शरद रूंगटा, आशीष तर्वे, नरेंद्र सिंह, मनीष केडिया, राजेंद्र भारतिया, सिद्धार्थ जैन, दिलीप जैन, उत्तम दत्ता, गुरप्रीत सिंह, देवेंद्र सिंह, सारंग केडिया, अभिषेक जैन, तरणजीत सिंह, मनीष वर्णवाल, डॉ. विकास माथुर, स्नेह सेठी, नेहा राजगढ़िया, मोना चूड़ीवाला, निशा जैन और स्मिता वर्णवाल सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 2030 तक अमेरिका से 500 अरब डॉलर का व्यापार

# मोदी के लक्ष्य पर निर्यातकों ने जतायी उम्मीद



**2023 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 190.08 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 123.89 अरब डॉलर वस्तुओं का व्यापार था और 66.19 अरब डॉलर सेवाओं का। 2023 में अमेरिका को भारत का माल निर्यात 83.77 अरब डॉलर था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात 40.12 अरब डॉलर रहा, जिससे भारत के पक्ष में 43.65 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा। देश की सेवाओं का अमेरिका को निर्यात 36.33 अरब डॉलर रहा, जबकि अमेरिका से भारत में सेवाओं का आयात 29.86 अरब डॉलर था। इस प्रकार, भारत के पक्ष में 6.47 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा।कपुरिया ने आगे कहा कि यह निर्णय अमेरिकी निवेशकों के लिए भारत में निवेश और व्यापार के अवसरों की तलाश करने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन देगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय उद्योग के लिए, यह अमेरिका को अपने निर्यात को बढ़ाने और अमेरिकी कंपनियों द्वारा संचालित वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल होने का एक बड़ा अवसर है।**

**निर्यातकों** का मानना है कि तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से भारत के लाभ मिलेगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी।

2030 तक अमेरिका से 500 अरब डॉलर का व्यापारः पीएम मोदी के इस लक्ष्य पर निर्यातकों का क्या है मानना

अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ दीप कपुरिया ने कहा कि 500 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वॉशिंगटन यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम है।

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष है, इससे भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अपने निर्यात को बढ़ाने में बड़ा लाभ मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दोनों नेताओं ने 2025 के अंत तक एक पारस्परिक रूप से लाभदायक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत करने पर सहमति जताई है।

अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट की योजना से भारत का निर्यात बढ़ने की उम्मीद

निर्यातकों ने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने से भारत के निर्यात क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य और द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना से अमेरिका को निर्यात बढ़ाने में भारत को मदद मिलेगी। निर्यातकों ने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने से भारत के निर्यात क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बाधाओं को दूर करके और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ और हाईटेक गियर्स के चेयरमैन दीप कपूरिया ने कहा कि 500 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की उच्चस्तरीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम है।

उन्होंने कहा, चूंकि भारत के पास अमेरिका के साथ व्यापार में अधिशेष है, इसलिए यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को निर्यात बढ़ाने के मामले में भारत के लिए महत्वपूर्ण लाभ लाएगा। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों नेताओं ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर बातचीत करने पर सहमति जताई है।ह्व

कपूरिया ने कहा कि इस निर्णय से उन अमेरिकी निवेशकों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा जो भारत में आना चाहते हैं और भारत में नए निवेश अवसरों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लभारतीय उद्योग के लिए यह अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ अमेरिकी कंपनियों के नेतृत्व में जीवीसी (वैश्विक मूल्य श्रृंखला) के साथ जुड़ने का एक बड़ा अवसर है।

िसाल 2023 में वस्तुओं और सेवाओं में अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 190.08 अरब डॉलर (123.89 अरब डॉलर वस्तु व्यापार और 66.19 अरब डॉलर सेवा व्यापार) था। उस वर्ष, अमेरिका को भारत का माल निर्यात 83.77 अरब डॉलर था, जबकि आयात 40.12 अरब डॉलर था, जिससे भारत के पक्ष में 43.65 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ। साल 2023 में अमेरिका को देश का सेवा निर्यात 36.33 अरब डॉलर था, जबकि आयात 29.86 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) भारत के पक्ष में 6.47 अरब डॉलर था।

# दुनिया में भारत एक चमकता आर्थिक सितारा बननने की ओर

**भारत एक चमकता सितारा बन गया**

साल 2023 में जिस तेजी से जीएसटी और कर संग्रह बढ़ा है वह अच्छी अर्थव्यवस्था का सूचक है।

कोविड के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी सुधार आया है। साल 2023 में जिस तेजी से जीएसटी और कर संग्रह बढ़ा है वह अच्छी अर्थव्यवस्था का सूचक है।

दीपावली की रोशनी ने निर्यात व घरेलू बाजार में रौनक ला दी। सभी पर्यटक स्थल पूरे साल पैक रहे। होटल, रियल एस्टेट, सोना चांदी, वाहन, कपड़ा, सॉफ्टवेयर, धातु आदि सभी क्षेत्रों में अच्छा व्यापार रहा। तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत साल 2023 में अपनी मजबूत वृद्धि दर बनाए रखने में सफल रहा है।

साल 2023 में देश की अर्थव्यवस्था एक नए मुकाम की ओर बढ़ी, भारत को विकासशील देश से विकसित देश बनाने की यात्रा शुरू हो गई है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जीडीपी और महंगाई के मोर्चे पर साल 2023 में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

साल 2023 में भारत ने जी20 का सफल आयोजन कर दुनिया को नई राह दिखाई। केंद्र में मजबूत सरकार होने से आर्थिक सुधार तेजी से लागू करने चाहिए। श्रम कानून भी लचीले होने चाहिए।

धनाढ्य वर्ग देश में ही सभी आयोजन करे व बहुत जरूरी होने पर विदेश जाए क्योंकि विदेश में खर्च करने से काफी पैसा सिस्टम से बाहर चला जाता है। भारतीय शेयर बाजार ने साल 2023 में लगातार नए रिकॉर्ड बनाए।

एक्सप्रेसवे और हाईवे निर्माण देश की दशा एवं दिशा बदल रहा है। एक बार फिर विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो भविष्य के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मजबूती के संकेत दे रहे हैं।



कुल मिलाकर भारत एक चमकता सितारा बन चुका है और इसके प्रदर्शन को आने वाले साल में बने रखने की उम्मीद है।

**दिसंबर में 12 कंपनियों ने आइपीओ से लगभग 9,000 करोड़ रुपये जुटाए**

इस महीने डोम्स इंडस्ट्रीज, फ्लेयर, इंडिया शेल्टर फाइनेंस और आईनॉक्स सीवीए शेयर बाजार में लिस्ट हुईं, जबकि आजाद इंजीनियरिंग गुरुवार को कारोइस महीने डोम्स इंडस्ट्बार शुरू करेगी।

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से दिसंबर में लगभग 12 कंपनियों ने 8,931.69 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस संदर्भ में दिसंबर, 2023 दो साल का सबसे बेहतर माह रहा है। इससे पहले 2021 में दिसंबर के महीने में ही 11 कंपनियों ने आईपीओ से 9,534 करोड़ रुपये जुटाए थे।

विश्लेषण के अनुसार, दिसंबर, 2023 में 12 कंपनियों का आईपीओ खुला। इस सप्ताह छह कंपनियां अपने आईपीओ के बाद सूचीबद्ध हुईं और एक कंपनी बृहस्पतिवार से कारोबार शुरू करेगी।

प्राथमिक बाजार में तेजी को दशार्ते हुए मंगलवार और बुधवार को तीन-तीन कंपनियों ने शेयर बाजार में कदम रखा। जहां मुथूट माइक्रोफिन, मोतीसंस ज्वेलर्स और सूरज एस्टेट डेवलपर्स के शेयर मंगलवार को सूचीबद्ध हुए, वहीं क्रेडो ब्रांड्स, हैप्पी फोर्जिंग्स और आरबीजेड ज्वेलर्स ने बुधवार को अपनी शुरूआत की।

इस महीने डोम्स इंडस्ट्रीज, फ्लेयर, इंडिया शेल्टर फाइनेंस और आईनॉक्स सीवीए शेयर बाजार में लिस्ट हुईं, जबकि आजाद इंजीनियरिंग गुरुवार को कारोबार शुरू करेगी।

आईपीओ के जरिये 570 करोड़ रुपये जुटाने वाली इनोवा कैपटैब के सूचीबद्ध होने की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। आईपीओ के माध्यम से डोम्स इंडस्ट्रीज ने 1,200 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि फ्लेयर ने 593 करोड़ रुपये और इंडिया शेल्टर फाइनेंस ने 1,200 करोड़ रुपये जुटाए।

आईनॉक्स सीवीए ने 1,459.32 करोड़ रुपये जुटाए और मुथूट माइक्रोफिन की शुरूआती शेयर बिक्री 960 करोड़ रुपये की थी।अन्य कंपनियों में मोतीसंस ज्वेलर्स ने 151 करोड़ रुपये, सूरज एस्टेट डेवलपर्स (400 करोड़ रुपये), क्रेडो ब्रांड्स (549.77 करोड़ रुपये), हैप्पी फोर्जिंग्स (1,008.6 करोड़ रुपये), आरबीजेड ज्वेलर्स (100 करोड़ रुपये) और आजाद इंजीनियरिंग (740 करोड़ रुपये) रहीं। इन 12 कंपनियों ने संयुक्त रूप से 8,931.69 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# अमीर देशों ने भारत से मजदूरों की मांग की

**अमीर देशों में कामगारों की मांग**

**यूनान** ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे।

विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है।

यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे।इटली भी अपने विभिन्न शहरों के नगर निकायों में काम करने के लिए लोगों की तलाश में है। भारत पहले ही 40,000 से अधिक श्रमिकों को इजरायल भेजने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और इस समझौते को विस्तार दिया जा सकता है।

हमास के साथ युद्ध शुरू होने से पहले जरायल में लगभग 18,000 भारतीय श्रमिक काम कर रहे थे जो मुख्यतौर पर मरीजों की देखभाल के काम से जुड़े थे। हालांकि, वहां युद्ध जारी है, ऐसे में इजरायल पहले से काम करने वाले लगभग 90,000 फिलिस्तीनियों की जगह दूसरी जगहों के कामगारों की भर्ती करना चाहता है। सरकार की इस पहल का स्वागत कई कारणों से अवश्य किया जाना चाहिए। भारत में कुशल और मेहनती कामगारों की तादाद बहुत ज्यादा है। कई वर्षों से संगठित और अनौपचारिक तरीके से ये कामगार कई देशों में जाते रहे हैं और इसका अंदाजा विदेश से भारत भेजी जाने वाली राशि से मिलता है। भारत भी अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ किए जाने वाले विभिन्न समझौतों में भी कामगारों की आवाजाही की वकालत करता रहा है।



विकसित देशों की समस्या यह है कि इनकी आबादी में बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में उन्हें काम कराने के लिए बाहर के श्रमिकों की जरूरत बढ़ने लगी है। भारत के लिए यह एक सुनहरा मौका है क्योंकि भारत कामगारों की कमी की भरपाई करने में सक्षम हो सकता है। हालांकि कामगारों को विदेश भेजने पर एक चिंता जरूर हो सकती है कि इससे देश में कहीं श्रमिकों की कमी न हो जाए लेकिन फिलहाल विकसित देशों की मांग अस्थायी ही लग रही है।

कामगारों के विदेश जाने का एक फायदा यह है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के तजुर्बे के साथ देश वापस आएंगे। विकसित देशों में मजदूरी की दर ज्यादा है, ऐसे में वे अपने बचत के पैसों से भारत में घर या जमीन जैसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। यह भी संभव है कि कुछ लोग वहीं बसना चाहेंगे। भारत में कुशल कामगारों की बड़ी तादाद को देखते हुए ऐसे आसार नहीं दिखते हैं कि देश में श्रमिकों की कमी होगी।

इस संदर्भ में भी भारत को हर हाल में अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को कौशल परीक्षण देने और इसका बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है। विदेश में श्रमिकों को भेजने की पहल अच्छी है लेकिन नीतिगत नजरिये से भी यह समझना जरूरी है कि इससे भारत की बेरोजगारी या कम रोजगार की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की अच्छे वेतन वाली पर्याप्त नौकरियां सृजित न कर पाने की कमजोरी का हल भी नहीं है।

उदाहरण के तौर पर ताजा वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण के अनुसार, कुल श्रमबल के 57 फीसदी लोग से अधिक स्व-रोजगार से जुड़े हैं। इसे उद्यमशीलता का सूचक नहीं माना जा सकता है क्योंकि ये ऐसे लोग हैं जो अपनी आजीविका के लिए किसी तरह की आर्थिक गतिविधि से जुड़ जाते हैं क्योंकि कोई काम न करने का विकल्प उनके पास नहीं है।

भारत के कामगारों पर नजर डालें तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आती है। कुल कामगारों में से 18 फीसदी से ज्यादा अपने छोटे-मोटे घरेलू कारोबार में ही सहयोगी के तौर पर लगे हुए हैं जबकि 21 फीसदी से ज्यादा खुद को अस्थायी मजदूर मानते हैं। इस तरह से इन लोगों को लगातार बेरोजगारी की समस्या से जूझना पड़ता है।यह बात सभी स्वीकारते हैं कि भारत को अपनी बढ़ती आबादी के लिए रोजगार के बेहतर मौके बनाने की जरूरत है। अमीर देशों में श्रमिकों को भेजने से भारत की बेरोजगारी और कम रोजगार की समस्या का हल नहीं होगा। फिर भी, अभी जो मौके मिल रहे हैं उनका फायदा उठाना चाहिए क्योंकि दीर्घावधि में इससे देश को फायदा होगा।

सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए। पहला, जिन कामगारों की बात की जा रही है वे ज्यादा पढ़े-लिखे या कुशल नहीं हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि इन लोगों का चयन पारदर्शी तरीके से हो। अगर जरूरत पड़े तो इस प्रक्रिया में किसी तीसरे भरोसेमंद पक्ष को भी शामिल किया जाए।

दूसरी बात, अलग-अलग देशों में जैसे-जैसे भारतीय मजदूरों की संख्या बढ़ेगी, भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी बढ़ाने पर विचार करना चाहिए ताकि वहां काम करने वाले भारतीयों की परेशानियों का जल्दी समाधान हो सके।

## एफ- 35 क्यों दे रहे हो, भारत-अमेरिका बढ़ते रक्षा सहयोग पर पाकिस्तान नाराज

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में ट्रंप ने भारत को उन्नत सैन्य उपकरणों की बिक्री बढ़ाने की बात कही थी, जिसमें एफ-35 जैसे लड़ाकू विमान भी शामिल हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट देने के इरादे की घोषणा के बाद पाकिस्तान ने अपनी चिंता जाहिर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस फैसले के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावों पर विचार करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान का मानना है कि इस तरह के कदम से दक्षिण एशिया में सैन्य संतुलन और रणनीतिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में ट्रंप ने भारत को उन्नत सैन्य उपकरणों की बिक्री बढ़ाने की बात कही थी, जिसमें एफ-35 जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान भी शामिल हो सकते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ह्लपाकिस्तान को भारत को उन्नत सैन्य तकनीक दिए जाने की योजना पर गहरी चिंता है। ऐसे कदम क्षेत्र में सैन्य असंतुलन को बढ़ाते हैं और रणनीतिक स्थिरता को कमजोर करते हैं। उन्होंने आगे कहा, ये कदम दक्षिण एशिया में स्थायी शांति के उद्देश्य को हासिल करने में मददगार नहीं हैं। हम अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से आग्रह करते हैं कि वे दक्षिण एशिया की शांति और सुरक्षा के मुद्दों को समग्र और निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखें और ऐसे किसी भी निर्णय का समर्थन न करें जो एकतरफा हो और जमीनी हकीकत से अलग हो।

यह घोषणा भारत और अमेरिका के बढ़ते रक्षा सहयोग के तहत हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने सैन्य सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की।संयुक्त प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, इस साल से हम भारत को अरबों डॉलर के सैन्य उपकरणों की आपूर्ति बढ़ाएंगे। हम अंततः भारत को ऋ35 फाइटर भी देने का रास्ता बना रहे हैं। भारत में सैन्य उपकरणों की खरीद एक प्रक्रिया के तहत होती है। अधिकतर मामलों में, एक निविदा जारी की जाती है, उसके जवाब आते हैं, और फिर उनका मूल्यांकन किया जाता है। जहां तक उन्नत विमानन प्लेटफॉर्म की खरीद की बात है, इस प्रक्रिया की शुरूआत अभी नहीं हुई है। फिलहाल, यह एक प्रस्ताव के स्तर पर है, लेकिन औपचारिक प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।भारत और अमेरिका ने अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत ऑटोनॉमस सिस्टम्स इंडस्ट्री एलायंस अ’ॅल्लू के गठन की भी घोषणा की है।

# ट्रंप की अस्थिर नीतियां: भारत के लिए अवसर या चुनौती?

**वैश्विक** व्यापार में उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा भारत को अपने हितों की रक्षा और नए सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का अवसर देती है।

चाहे जो भी हो दुनिया को निकट भविष्य में उथल-पुथल से जूझना होगा। विभिन्न देशों को अपने हितों की रक्षा के लिए बातचीत और बदलावों के वास्ते तैयार रहना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह होने वाली अमेरिका यात्रा भारत को शुरूआती अवसर मुहैया करा रही है ताकि वह अमेरिका के नए प्रशासन के समक्ष अपना रुख स्पष्ट कर सके।

दोनों नेताओं के बीच बैठक उस समय हो रही है जब अन्य बातों के अलावा अमेरिका ने कहीं से भी स्टील आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगा दिया है। इससे पहले ट्रंप ने चीन पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था और मेक्सिको तथा कनाडा पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

व्यापार के संदर्भ में भारत का रुख स्पष्ट करने के पहले यह समझना आवश्यक होगा कि नया अमेरिकी प्रशासन क्या हासिल करना चाहता है। जैसा कुछ टीकाकारों ने स्पष्ट किया है

**अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के आर्थिक और राजनीतिक विचार दुनिया को अस्थिर कर रहे हैं। विश्व अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था में अमेरिका के महत्त्व को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि चार साल में दुनिया कैसी नजर आएगी। यह भी संभव है कि ट्रंप के विचार उनके कार्यकाल के बाद भी प्रभावी रहें।**

इसके मोटे तौर पर दो लक्ष्य हैं। पहला, जैसा ट्रंप ने स्वयं कहा है वह व्यापार को संतुलित करना चाहते हैं। अमेरिका का चालू खाते का घाटा (सीएडी) 2024 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.2 फीसदी के बराबर रहा जो इससे पिछली तिमाही के 3.8 फीसदी से अधिक था।

दूसरा लक्ष्य है राजस्व बढ़ाना ताकि कर में भारी भरकम कटौती की भरपाई की जा सके। यकीनन लक्ष्य और साधन व्यापक आर्थिक सहमति के साथ तालमेल वाले नहीं हैं। शुल्क दरों का बोझ अंततः अमेरिकी परिवारों पर ही पड़ेगा और अमेरिका के व्यापार घाटे की वृहद आर्थिक वजहें भी मौजूद हैं। बहरहाल, ऐसी वजहें ट्रंप को प्रभावित करती नहीं दिखतीं।

अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान की सोच हाल ही में रॉबर्ट ई लाइटहाइजर ने स्पष्ट की जो ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि थे और जिन्होंने ह्यनो ट्रेड इज फ्रीः चेंजिंग कोर्स, टेकिंग ऑन चाइना, ऐंड हेल्पिंग अमेरिकाज वर्कर्स (2023)ह्ल पुस्तक लिखी है। उन्होंने द न्यूयॉर्क टाइम्स में एक आलेख लिखा। उसका मुख्य तर्क यह है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था अमेरिका तथा कई अन्य देशों के हितों के खिलाफ रही है।

वह कहते हैं कि चीन जिसने 2024 में एक लाख करोड़ डॉलर से अधिक का व्यापार अधिशेष हासिल किया, उसने इस प्रणाली को ध्वस्त किया है। ऐसे तमाम तरीके हैं जिनकी मदद से देश व्यवस्था को अपने पक्ष में इस्तेमाल कर सकते हैं। मुद्रा के साथ छेड़छाड़ भी उसमें से एक है। लाइटहाइजर कहते हैं कि लोकतांत्रिक देशों को साथ आकर एक नई कारोबारी व्यवस्था कायम करनी चाहिए। भारत को व्यापक सोच और नीतिगत ढांचे को देखते हुए अमेरिका से कहना चाहिए कि वह देशों को ध्यान में रखकर प्रतिबंध लगाने से बचे। ट्रंप अपने प्रचार अभियान के दौरान कई बार भारतीय टैरिफ की बात कर चुके हैं।

पहली बात तो यह कि कई अन्य देशों के उलट भारत घरेलू नीतियों में बदलाव नहीं कर रहा और अमेरिका की तरह वह भी चालू खाते के घाटे से जूझ रहा है। हमारा आयात, निर्यात से अधिक है। दूसरा भारत अपने शुल्कों की समीक्षा कर रहा है और जैसा एक व्यापार विशेषज्ञ ने इसी पृष्ठ पर लेख में कहा है कि भारत आने वाले तीन चौथाई अमेरिकी आयात पर वास्तविक शुल्क पांच फीसदी से भी कम है।

जरूरत पड़ने पर भारत को टैरिफ और आयात स्रोत की समीक्षा को तैयार रहना चाहिए। तीसरा, भारत का बाजार बहुत बड़ा है और वह अमेरिकी तकनीक कंपनियों को प्रतिभाएं मुहैया कराता है। यानी दोनों के बीच परस्पर निर्भरता बहुत अधिक है जो व्यापार के आंकड़ों में नहीं दिखती। अंत में, अर्थशास्त्र और भूराजनीति आपस में संबद्ध हैं। कम से कम चीन के संदर्भ में तो ऐसा ही है। ऐसे में आपसी सहयोग भारत और अमेरिका दोनों के हित में है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**जमशेदपुर नार्दन टाउन में अवस्थित है पारसी समुदाय का फायर टेम्पल। यहां पारसी समुदाय अपने धार्मिल रीति-रिवाज से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करता है।**

# श्रीराम मंदिर टेल्को में शिव महोत्सव 26 से, पहले दिन रुद्राभिषेक

### अंतिम दिन दोपहर 2 बजे से निकाली जायेगी दिव्य शिव बारात, 51 फीट लंबा कांवर और 21 फीट ऊंचा विद्यत त्रिशुल रहेगा आकर्षण

● इसबार महाकुंभ की प्रतिरुप समुद्रमंथन लोगों को विशेष आकर्षित करेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री शिव शक्ति परिवार के सौजन्य से महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर श्री राम मंदिर टेल्को में त्रिदिवसीय शिव महोत्सव 26 फरवरी से 28 फरवरी तक श्री राम मंदिर टेल्को में मनाया जाएगा।

पहले दिन 26 फरवरी को 108 शिव भक्तों के साथ श्री नर्मदेश्वर महादेव के रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जप सामूहिक रूप से किया जाएगा। संध्या में अरुण वशिष्ठ महाराज द्वारा शिव प्रवचन किया जाएगा और अर्ध रात्रि बेला में शिव विवाह रश्म कैलाशियों और स्थानीय भक्तोंक के बीच पुरोहित जीवनन्द मिश्र, राजेश मिश्र और कामेश्वर भूदेव द्वारा संपन्न किया जायेगा।

परिवार के कैलाशी विजय शर्मा ने बताया कि 27 फरवरी को गरीब धाम से पधारे अलोकनाथ योगी और चित्रकूट धाम से पधारे राम सलोने महाराज द्वारा धार्मिक प्रवचन किया जाएगा। अपराह्न 2 बजे से दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि ए पी एस निम्बाडिया द्वारा किया जाएगा। स्थानीय बाल कलाकारों और कैलाशियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान प्रदान किया जाएगा। विजय शर्मा ने बताया कि 28 फरवरी को देवघर से पधारे गर्भ गृह पुजारी शशि मिश्र और महान शिव डांक भक्त राम सागर बाबा कि भी उपस्थिति दर्शनीय होंगी। अपराह्न 11 बजे से 20 हजार भक्तों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा जबकि इसी दिन अपराह्न 2 बजे से दिव्य व भव्य शिव बारात का नगर भ्रमण किया जाएगा। शिव बारात में मुख्य आकर्षण 41 फीट लम्बा कांवर, 12 फीट लम्बा त्रिशूल, 21 विद्युत त्रिशूल, 6 फीट ऊंचा डमरू, 6 फीट लम्बा और 4 फीट ऊंचा नंदी आकर्षण का केंद्र होगा। इसबार महाकुंभ की प्रतिरुप समुद्रमंथन लोगों को विशेष आकर्षित करेंगी। बाबा के बारात में घोड़ा, रथ, भूत प्रेत, ट्रेलर पर कलाकारों द्वारा लाइव नृत्य और गीत का आयोजन किया जाएगा।

रात्रि में 9 बजे कार्यक्रम का समापन एक बार पुनः शिव पार्वती वरमाला के साथ सम्पन्न होंगी। मौके पर कैलाशी विजय शर्मा, संतोष कुमार, अजय, मिथिलेश, रमेश, रजनी सिंह, विनोद, बालमुकुंद, उमेश मण्डल, विजय झा, राजेश मिश्र, उदय, नागेंद्र रॉय, रागिनी, मुकेश करन आदि उपस्थित थे।



**कार्यक्रम का विवरणिका दिखाते शिव शक्ति परिवार के सदस्यगण।**

## स्पीड न्यूज

### 18 को टीबी मरीजों को मिलेगा पोषण किट

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा टी बी रोग उन्मूलन के लिए माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएम टीबी फ्री इंडिया) के तहत टीबी मरीजों को 18 फरवरी को रेड क्रॉस भवन साकची में 31वें महीने का पोषण किट प्रदान किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पिछले 30 महीने से लगातार टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किया जा रहा है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी महीने में 18 तारीख को 31वें माह का पोषण किट टीबी मरीजों के बीच वितरित किया जायेगा, जिसका उद्देश्य रोग के दौरान रोगियों द्वारा लिये जा रहे दवाओं के साईड इफेक्ट्स को कम करना तथा पोषण युक्त भोजन के माध्यम से ताकत प्रदान करना ताकि वे रोग से लड़ सके और इस रोग पर विजय पा सके।

### झामुमो नेताओं ने पर्यटन मंत्री का किया स्वागत

जमशेदपुर। पर्यटन मंत्री शुदिव्य कुमार सोनू के जमशेदपुर आगमन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा जमशेदपुर परिसदन में स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमोद लाल, शेख बदरदीन व अन्य नेता शामिल थे।

### गोइलकेरा में 43 लाख से बनेगी पीसीसी सड़क

गोइलकेरा। गोइलकेरा में 43 लाख रुपये की लागत से 1400 फीट लंबी पीसीसी पथ का निर्माण होगा। लघु सिंचाई विभाग द्वारा जिला खनिज फंड ट्रस्ट की राशि से गोइलकेरा बाजार स्थित इंदिरा चौक से पेट्रोल पंप तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। रविवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विभाग और संवेदक निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने गोइलकेरा मेन रोड के जल्द निर्माण का भी मुद्दा उठाया। सांसद ने तत्काल संवेदक से बात कर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। मेन रोड एनएच 320 डी के अधीन है।

### यूसील का तीसरा नेत्र शिविर आज

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत फरवरी माह का तीसरा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर डुडरा कम्युनिटी सेन्टर में 17 फरवरी सोमवार को आयोजित किया जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जमशेदपुर एयरपोर्ट पर स्काई ड्राइविंग फेस्टिवल 2025 का हुआ शुभारंभ

### पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने फ्लैगऑफ कर किया शुभारंभ





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड पर्यटन के तत्वावधान में स्काई ड्राइविंग फेस्टिवल 2025 का शुभारंभ हुआ। कला संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद एवं युवा मामले विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने फ्लैगऑफ कर डाइविंग फेस्टिवल का शुभारंभ किया। सोनारी एयरपोर्ट जमशेदपुर में इस अवसर पर मंत्री ने कहा झारखंड सरकार पर्यटन विभाग साहसिक खेल तथा पर्यटन के नए क्षेत्र में काम करने के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड राज्य न केवल खनिज संपदा में समृद्ध है बल्कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता (इकोलॉजी), विविध धार्मिक-सांस्कृतिक-ऐतिहासिक विरासत तथा साहसिक खेलों एवं पर्यटन की अपार संभावना है। राज्य सरकार डीजीसीए के गाइडलाइन एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप जमशेदपुर में स्काई डाइविंग का आयोजन कर रही है। नई संभावनाओं के साथ नए स्पॉट की पहचान कर राज्य में धार्मिक पर्यटन, प्राकृतिक पर्यटन एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पर्यटन में नई संभावनाओं के तहत किरीबुरू में खनन टूरिज्म, स्काई डाइविंग, मोटर/पाराग्लाइडिंग, रॉक क्लाइंबिंग एवं अन्य साहसिक खेलों को राज्य सरकार बढ़ावा देने का काम करेगी। पर्यटन के विकास से राज्य के स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में राज्य को नई पहचान मिलेगी। पर्यटन नीति से नए निवेश तथा राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने कहा डीजीसीए के दिशा निर्देश एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार यह आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से प्रतिभागी स्काई डाइविंग फेस्टिवल में शामिल हो सकते हैं। डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कि जमशेदपुर में स्काई डाइविंग का आयोजन होना जिला के लिए गर्व की बात है। लोगों का इस आयोजन के लिए उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक अंजली यादव, एसएसपी कौशल किशोर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीओ शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवशीष व अधिकारी मौजूद थे।

## पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें किया चांडिल डैम का निरीक्षण

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नें रविवार को चांडिल डैम का निरिक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सविता महतो व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मंत्री नें डिमूडीह, बोराबिंदा, केशरगढ़ीया का निरिक्षण कर बोट से चांडिल डैम नौका बिहार पहुंचे। जहां उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने मंत्री व विधायक को छो : मुखुटा व प्रतिक चिन्ह दिया। इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार नें कहा चांडिल डैम हमरा लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, निश्चित रूप से यहां पर सुविधा बढ़ाने के लिए नई चीजों को सोचने के लिए विधायक सविता महतो से मार्ग दर्शन के लिए चांडिल डैम के खूबसूरती और पर्यटकों के लिए और बेहतर क्या किया जा सके जिसका निरिक्षण किया गया। उन्होंने कहा चांडिल डैम में दो प्रोजेक्ट हमारे निगाह में है। इस मौके पर एसडीपीओ कुमार राय, डीएसपी अरबिंद कुमार विन्हा, सीओ अमित श्रीवास्तव, चारुचांद किस्कु, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, श्यामल मार्डी, सरदीप नायक, शंकर लायेक, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## गोस्वामी समाज के वनभोज में शामिल हुए रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को गोस्वामी समाज कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सौरव गिरि की अध्यक्षता में सुर्य मंदिर सिदगोड़ा में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास थे जबकि विशेष अतिथि समाज सेवी प्रमोद मिश्रा थे। समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने समाज के लिए जमीन एवं कार्यालय भवन का मांग रघुवर दास के समक्ष रखा। रघुवर दास ने मांग को स्वीकार करते हुए उसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिये। कार्यक्रम में सूर्य मंदिर के संरक्षक चन्दगुप्त सिंह भी उपस्थित हुए। समाज के अध्यक्ष शिवशंकर गिरि एवं अवधेश गिरि ने भी समाज के विकास ऐवं उत्थान के लिए सभी से आगे बढ़कर आने का आग्रह किए। समारोह में बच्चों ने भी खेल कूद में बढ चढ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महिलाओ ने भी अपने मधुर गीत से समाज के लोगों का दिल मोह लिया। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में जयदर्थ गोस्वामी, ललन गोस्वामी, केदार गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, अमित गिरि, अंकलेश गिरि, हरेन्द्र गोस्वामी, विध्या गोस्वामी, आजाद गिरि, सतीश पूरी, चन्द्रशेखर पर्वत, चंचल गोस्वामी, राजकुमार पर्वत, कुन्ती भारती, अनिता गिरि, अमृता गोस्वामी, प्रीति गोस्वामी, प्रभा गोस्वामी, एवं समाज के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। उपाध्यक्ष जयदर्थ गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन किए।



**रघुवर दास का स्वागत करते समाज के लोग।**

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा सोना देवी मेमोरियल एजूकेशनल फाउंडेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे समग्र विकास हो सकता है। सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट मूल रूप से समाज के समग्र विकास की भावना से स्थापित है, जिसका उदाहरण यह नेत्र शिविर का आयोजन है, जिसमें समाज के वंचित एवं जरूरतमंदों को रौशनी देने का लक्ष्य है। उक्त विचार बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में सोना देवी ट्रस्ट के संयोजन में स्व सोना देवी की स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन करते हुए सोना देवी विवि, घाटशिला के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने व्यक्त किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र में डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 37 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया। मौके पर समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह, राकेश मिश्र उपस्थित थें। शिविर का संचालन रेड क्रॉस के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

### हौसला 2.0: दिव्यांग बच्चों के लिए यंग इंडियंस का खेल महोत्सव आयोजित



जमशेदपुर। दिव्यांग बच्चों के लिए यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल द्वारा टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के सहयोग से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हौसला 2.0 खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। यह विशेष खेल का आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित था, जिसमें 11 स्कूलों के 250 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त अनन्या मित्तल ने किया। उन्होंने विशेष बच्चों के आत्मविश्वास और खेल भावना की सराहना करते हुए, इस पहल के लिए सीआईआई वाई आई जमशेदपुर को बधाई दी। विजेताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाई आई जमशेदपुर चेप्टर के वरिष्ठ सदस्य कौशिक मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस महोत्सव में भाग लेने वाले प्रमुख स्कूलों में आशा किरण, स्कूल ऑफ होप, जीविका, बाल विहार, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, सिद्धेश्वर डेफ एंड डम्ब स्कूल, दिव्य ज्योति, स्कूल ऑफ जॉय और चेशायर होम शामिल थे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष यह खेल महोत्सव टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

## चाईबासा रीजन का 62वां मेटल माइंस खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का समापन

>> तीन स्तर पर खान सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत : उज्वल थाह

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**जादूगोड़ा।** यूसिल की नरवापहाड़ भाभा आडिटोरियम में चाईबासा रीजन का 62वां मेटल माइंस खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर नरवा पहाड़ भाभा बाबा ऑडिटोरियम में भव्य समापन समारोह आयोजित की गई। जिसकी मेजवानी भारत सरकार की संस्थान यूसिल ने की। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि सह डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (चाईबासा) उज्जवल थाह ने सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा को लेकर अपने सुझाव दिए तथा कहा कि मेटल माइंस में तीन स्तर पर खान सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत ताकि शून्य दुर्घटनाओं का लक्ष्य जहां पूरा होगा वही एक सेफ्टी फेल होने पर अन्य बचाव के तरीके काम आ सकेंगे। जिससे माइंस दुर्घटना में मानव हानि को रोका जा सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने नारी शक्ति के विकास व उसकी प्रगति की वकालत की। महिला माइंस रेस्क्यू टीम की राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हासिल करने पर उन्होंने गर्व महसूस किया व उनकी हौसला अफजाई की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी डॉक्टर एसएस प्रसाद (चाईबासा रीजन) ने कहा कि सेफ्टी सिस्टम पुख्ता होने से ही माइंस में बेहतर महौल में कार्य संभव है। इसके साथ ही सभी प्रकार की सुरक्षा प्रशिक्षण पर भी उन्होंने जोर दिया। इस मौके पर यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष कुमार सतपति ने माइंस सुरक्षा को और आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि यूसिल एक बेहतर कम्पनी है व सर्वश्रेष्ठ तकनीक से चलता है। अंत में कंपनी के तकनीकी निर्देशक मनोज कुमार ने कहा कि दुनिया की कई माइंस ए आई तकनीक से चलती है उससे बेहतर तकनीक अपने यूसिल में लानी है। कार्यकम के अंत में तुरामडीह यूरेनियम ग्रुप माइंस के महाप्रबंधक चंचल मन्ना, डिप्टी जनरल माईंस सेफ्टी (चाईबासा) आर आर मिश्रा, वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास, जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के महाप्रबंधक मनोरंजन महाली ने भी संबोधित किया तथा माना कि यूसिल माइंस सुरक्षा में अव्वल है और आगे भी रहेगा। धन्यवाद ज्ञापन आई एस ओ हेड के के राव ने दिया।

## एक नजर में

### एनआइटी जमशेदपुर के तीन दिवसीय टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट ओजस्स 2025 का सफल समापन



जमशेदपुर। एनआईटी जमशेदपुर में बहुप्रतीक्षित वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट, ओजस्स 2025, ने औपचारिक रूप से अपनी शुरूआत कर दी है, जो तीन दिनों तक अनोखे नवाचार, बुद्धिमत्ता और उत्साह का मंच प्रदान करेगा। 14 से 16 फरवरी तक, यह त्योहार नवीनतम प्रौद्योगिकी, रणनीतिक व्यवसाय प्रतियोगिताओं और रोमांचक मनोरंजन की एक आंधी लेकर आया है। जैसे ही ओजस्स 2025 अपने रोमांचक दिन 3 में प्रवेश करता है, त्योहार की ऊर्जा एक नए शिखर पर पहुंच जाती है। पिछले दो दिनों में, प्रतिभागियों ने तीव्र प्रतिस्पधाओं में अपनी क्षमता दिखाई, अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और नवाचार की सीमाओं को तोड़ दिया। लेकिन उत्साह अभी भी समाप्त नहीं हुआ है- ग्रैंड फिनाले एक रोमांचक मिश्रण का वादा करता है जिसमें एड्रेनालाईन, रणनीति और उत्सव शामिल हैं! दिन की शुरूआत 8:00 बजे से होती है, जिसमें रोबो रम्बल और मिंट एंड बिड जैसी उच्च हिस्सेदारी वाली प्रतिस्पधाएं होती हैं, जो एक्शन से भरपूर दिन के लिए मंच तैयार करती हैं। व्यवसायिक कौशल और खेल उत्साह बिज्जथलॉन और मॉक आईपीएल नीलामी में टकराते हैं, जबकि तकनीकी उत्कृष्टता चुनौतियों जैसे अंडरवाटर ट्रेसिंग, ट्रेस बॉट राउंड 2 और विश्वा कोड मैनिया में चमकती है। जिन लोगों को कहानी सुनाने का शौक है, सिने स्क्रिप्ट और फ्रेम्स एंड टेल्स एक रचनात्मक खेल का मैदान प्रदान करते हैं। उत्साह नए शिखर पर पहुंच जाता है एक्वा रेस और दिल को धड़काने वाली ड्रोन रेस के साथ, जहां गति और सटीकता सर्वोपरि हैं। इस बीच, केस स्टडी चैलेंज प्रतिभागियों की रणनीतिक सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं का परीक्षण करेगा। ओजस्स 2025 का निर्बाध कार्यान्वयन तकनीकी सचिव विशाल राज और संयुक्त तकनीकी सचिव हरितिमा सिन्हा और अनुराग दास के अथक प्रयासों का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन करते हुए, निदेशक प्रोफेसर गौतम सुत्रधार ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। छात्र कल्याण के डीन प्रोफेसर आरपी सिंह, एसएसी के अध्यक्ष प्रो एकेएल श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिनेश सैनी और बसुदेव बेहरा ने सभी 37 तकनीकी आयोजनों के विजेताओं को सम्मानित किया।

### फेडरेशन ऑफ वोलेंट्री ब्लड डोनर्स आर्गेनाइजेशन,झारखंड का गठन



जमशेदपुर। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, झारखंड और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का समापन राज्य फेडरेशन के गठन के साथ हुआ। विकास भारती, पटेल बागान सुंदरनगर जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के अंत में राज्य स्तरीय फेडरेशन का गठन किया गया जिसका नामांकरण फेडरेशन ऑफ वॉलंटरी ब्लड डोनर्स ऑर्गेनाइजेशन, झारखंड रखा गया है। लोहरदगा के सजल कुमार को अध्यक्ष, जमशेदपुर के अनूप श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, पूर्वी सिंहभूम के कमल घोष को महासचिव, धनबाद जिले के गोपाल भट्टाचार्य को संयुक्त सचिव, एम हक भारती हजारीबाग को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### ट्रक ट्रेलर चालकों का आठ घंटे का वेतन 865 रुपया करना सराहनीय : विनोद

जमशेदपुर। कानवाई चालकों की मांगों पर रविवार को विचार कर संज्ञान में लेते हुए धरना स्थल पर कानवाई चालक संघ के महामंत्री बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि ट्रक ट्रेलर हड़ताल पर बैठे ड्राईवर का दो दिन में जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग उचित कार्रवाई करते हुए आठ घण्टे का 865रुपया कर हड़ताल खत्म कर दिया जो उचित कार्रवाई हुई है। इसी तर्ज पर कानवाई चालकों कि मांगों पर जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग उचित कार्रवाई करनी चाहिए। इन सारे मामले को गंभीरता से लिया गया है प्रबन्धन एवं जिला प्रशासन तथा श्रम विभाग और नेताओं को बेनकाब करने हेतु विधायक श्री जयराम महतो के नेतृत्व में एक बार रोजी-रोटी छिन्न-भिन्न ना हो जाए जोरदार आंदोलन किया जाएगा जो उचित फैसला है।

### आइआइएम बोधगया में जिले के 6 मुखियाओं को मिला प्रशिक्षण



जमशेदपुर। भारतीय प्रबंधन संस्थान, बोधगया में पूर्वी सिंहभूम 6 मुखिया ने 5 दिवसीय ट्रेनिंग में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व कौशल को सशक्त बनाना, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना ओर सतत विकास लक्ष्य को प्रोत्साहित करने का जानकारी देना था। विशेषज्ञ प्रोफेसरों ने वित्तीय प्रबंधन, ई गवर्नेस, नेतृत्व कौशल, संवाद कौशल, सामुदायिक भागीदारी, कृषि की नई तकनीकी, प्रोजेक्ट बनाना , डिजिटल तकनीक का उपयोग कर प्रशासनिक काम को आसान करने के लिए अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यशाला में केरूआडूंगरी पंचायत के युवा मुखिया कान्हु मुर्मू, पश्चिम हालूदबनी मुखिया सुमन सिरका, पूर्वी कीताडीह मुखिया जोबा मुखिया बसंती गुप्ता, मौभंडर पंचायत मुखिया निताई मुंडा, लावा पंचायत मुखिया कान्हु राम बेसरा शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, सतत विकास लक्ष्य की रणनीतियां, डिजिटल प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी को लेकर जानकारी दिया गया। जमशेदपुर के लिए प्रस्थान किए।

### करपगा विनायक मंदिर,कागलनगर में तीन दिवसीय कुभाभिषेकम संपन्न



जमशेदपुर। रोड नंबर : 6 एक्सटेंशन, कागल नगर सोनारी में स्थित श्री करपगा विनायक मंदिर में रविवार को 3 दिवसीय कुंभाभिषेकम पूजा के समापन दिवस पर, पूजा सुबह 4.30 बजे यज्ञशाला पूजा के साथ शुरू हुई जिसके बाद वेद पंडितों ने जाप, हवन और स्पर्शहुति का आयोजन किया। बाद में उन्होंने नाड़ी संधानम और महा पूणाहुति का प्रदर्शन किया। कुंभाभिषेकम और कुंभ लग्न करने के बाद, जिसमें पवित्र जल डाला गया और मंदिर के ऊपर मुख्य कलश पर पूजा की गई, महा अभिषेक किया गया। बाद में श्री महागणपति को फूलों और मालाओं से अच्छी तरह से सजाया गया और महा आरती दिखाई गई और सैकड़ों भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। श्री करपगा विनायक मंदिर के निर्माण के बाद यह तीसरा कुंभाभिषेकम है और पी एस मणि, जो इसके संस्थापक सदस्य थे और वर्तमान में तमिलनाडु के त्रिची में रहते हैं, पूजा देखने के लिए आए थे।

# आइपीएल 2025 का कार्यक्रम जारी

## 22 मार्च को केकेआर और आरसीबी के बीच कोलकाता में खेला जायेगा पहला मैच

- हैदराबाद और कोलकाता करेंगे प्लेऑफ मैचों की मेजबानी
- 13 मैदानों पर 65 दिनों में 74 मैच खेले जाएंगे, 12 डबल हेडर्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूनामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आइपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। इस दौरान 22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे। वहीं, फाइनल समेत प्लेऑफ के सभी मुकाबले 20 से 25 मई तक खेले जाएंगे। 22 मार्च को बेंगलुरु और कोलकाता के बीच मुकाबले के बाद 23 मार्च यानी रविवार को डबर हेडर मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को पहले डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी, जबकि दूसरे मैच में मुंबई की टीम का सामना चेन्नई से होगा। आइपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर्स हैं। डबल हेडर वाले दिन पहला मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।



### तीन टीमों के दो-दो होम ग्राउंड्स

आइपीएल की दस में से तीन टीमें दो–दो होम ग्राउंड्स पर मैच खेलेंगी। दिल्ली अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम और नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेंगे। राजस्थान अपने दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेंगे, जहां वह केकेआर और सीएसके की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा शेष घरेलू मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेंगे। वहीं, पंजाब अपने चार घरेलू मैच चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में खेलेगा, जबकि धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के खिलाफ तीन घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा।

### हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ के मुकाबले

लीग चरण के खत्म होने के बाद, प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाएंगे। हैदराबाद 20 मई, 2025 और 21 मई को क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा। इसके बाद कोलकाता 23 मई, 2025 को क्वालिफायर 2 की और 25 मई को फाइनल की मेजबानी करेगा।

### कोलकाता ने जीता था आइपीएल 2024 का खिताब

आइपीएल का पिछला सीजन बेहद रोमांचक रहा था। तब कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई के चेपक में खेले गए फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता था। यह कोलकाता टीम का आइपीएल इतिहास में तीसरा खिताब रहा था।

## आइपीएल 2025 का पूरा शेड्यूल

| मैच | तारीख | दिन | टीम | समय | जगह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्च 22 | शनिवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 2 | मार्च 23 | रविवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स | 3:30 बजे | हैदराबाद |
| 3 | मार्च 23 | रविवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 4 | मार्च 24 | सोमवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 7:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 5 | मार्च 25 | मंगलवार | गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 6 | मार्च 26 | बुधवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 7 | मार्च 27 | गुरुवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 8 | मार्च 28 | शुक्रवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 9 | मार्च 29 | शनिवार | गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 10 | मार्च 30 | रविवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 3:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 11 | मार्च 30 | रविवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 12 | मार्च 31 | सोमवार | मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | मुंबई |
| 13 | अप्रैल 1 | मंगलवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 14 | अप्रैल 2 | बुधवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात टाइटंस | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 15 | अप्रैल 3 | गुरुवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 16 | अप्रैल 4 | शुक्रवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 17 | अप्रैल 5 | शनिवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 3:30 बजे | चेन्नई |
| 18 | अप्रैल 5 | शनिवार | पंजाब किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स | 7:30 बजे | पंजाब |
| 19 | अप्रैल 6 | रविवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 20 | अप्रैल 6 | रविवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम गुजरात टाइटंस | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 21 | अप्रैल 7 | सोमवार | मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7:30 बजे | मुंबई |
| 22 | अप्रैल 8 | मंगलवार | पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | पंजाब |
| 23 | अप्रैल 9 | बुधवार | गुजरात टाइटंस बनाम राजस्थान रॉयल्स | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 24 | अप्रैल 10 | गुरुवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 25 | अप्रैल 11 | शुक्रवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 26 | अप्रैल 12 | शनिवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटंस | 3:30 बजे | लखनऊ |
| 27 | अप्रैल 12 | शनिवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 28 | अप्रैल 13 | रविवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3:30 बजे | जयपुर |
| 29 | अप्रैल 13 | रविवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 30 | अप्रैल 14 | सोमवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 31 | अप्रैल 15 | मंगलवार | पंजाब किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | पंजाब |
| 32 | अप्रैल 16 | बुधवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम राजस्थान रॉयल्स | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 33 | अप्रैल 17 | गुरुवार | मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | मुंबई |
| 34 | अप्रैल 18 | शुक्रवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 35 | अप्रैल 19 | शनिवार | गुजरात टाइटंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 36 | अप्रैल 19 | शनिवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 7:30 बजे | जयपुर |
| 37 | अप्रैल 20 | रविवार | पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3:30 बजे | पंजाब |
| 38 | अप्रैल 20 | रविवार | मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | मुंबई |
| 39 | अप्रैल 21, | सोमवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम गुजरात टाइटंस | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 40 | अप्रैल 22 | मंगलवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 41 | अप्रैल 23 | बुधवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 42 | अप्रैल 24 | गुरुवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम राजस्थान रॉयल्स | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 43 | अप्रैल 25 | शुक्रवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 44 | अप्रैल 26 | शनिवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 45 | अप्रैल 27 | शनिवार | मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 3:30 बजे | मुंबई |
| 46 | अप्रैल 27 | रविवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 47 | अप्रैल 28 | सोमवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस | 7:30 बजे | जयपुर |
| 48 | अप्रैल 29 | मंगलवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 49 | अप्रैल 30 | बुधवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 50 | मई 1 | गुरुवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियंस | 7:30 बजे | जयपुर |
| 51 | मई 2 | शुक्रवार | गुजरात टाइटंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 52 | मई 3 | शनिवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 53 | मई 4 | शनिवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 54 | मई 4 | रविवार | पंजाब किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 55 | मई 5 | सोमवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 56 | मई 6 | मंगलवार | मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात टाइटंस | 7:30 बजे | मुंबई |
| 57 | मई 7 | बुधवार | कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 58 | मई 8 | गुरुवार | पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 59 | मई 9 | शुक्रवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 60 | मई 10 | शनिवार | सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 61 | मई 11 | रविवार | पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस | 3:30 बजे | धर्मशाला |
| 62 | मई 11 | रविवार | दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटन्स | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 63 | मई 12 | सोमवार | चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 64 | मई 13 | मंगलवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 65 | मई 14 | बुधवार | गुजरात टाइटंस बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 66 | मई 15 | गुरुवार | मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स | 7:30 बजे | मुंबई |
| 67 | मई 16 | शुक्रवार | राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स | 7:30 बजे | जयपुर |
| 68 | मई 17 | शनिवार | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 69 | मई 18 | रविवार | गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 70 | मई 18 | रविवार | लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 71 | मई 20 | मंगलवार | क्वालीफायर 1 | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 72 | मई 21 | बुधवार | एलिमिनेटर | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 73 | मई 23 | शुक्रवार | क्वालीफायर 2 | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 74 | मई 25 | रविवार | फाइनल | 7:30 बजे | कोलकाता |

## गुजरात ने यूपी को छह विकेट से हराया प्रिया के बाद एश्ले गार्डनर ने मचाया धमाल



एजेंसी

**वडोदरा।** महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का आगाज हो चुका है। रविवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में इस टूनामेंट का तीसरा मुकाबला यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जा रहा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दीप्ति शर्मा की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात 57 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी है। टीम को पहला झटका बेथ मूनी के रूप में लगा जिन्हें हैरिस ने पहले ही ओवर में अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल सकीं। इसके बाद सोफी एक्लेस्टोन ने दयालन हेमलता को बोल्ड किया। वह भी खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं। इसके बाद मोर्चा लाउरा और एश्ले गार्डनर ने संभाला, लेकिन एक्लेस्टोन ने लाउरा को भी लौटा दिया। वह 22 रन बनाकर आउट हुईं। फिलहाल क्रीज पर एश्ले गार्डनर और हरलीन देओल मौजूद हैं। 11 ओवर के बाद स्कोर 84/3 है। इस संस्करण में अपना पहला मैच खेल रही यूपी वॉरियर्स की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। टीम ने 22 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा दिया। डिएंड्रा डॉटिन ने किरन नवगिरे को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 15 रन बना सकीं। इसके बाद एश्ले गार्डनर ने दिनेश वृंदा को आउट किया। वह महज छह रन बनाकर लौटीं। इसके बाद मोर्चा उमा छेत्री और दीप्ति शर्मा ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 गेंदों में 51 रनों की साझेदारी हुई, जिसे डॉटिन ने ही तोड़ा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा को प्रिया के हाथों कैच कराया। वह चार चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुईं।

**प्रिया ने बरपाया कहर**

इस मुकाबले में प्रिया मिश्रा ने कहर बरपाया। गुजरात की इस गेंदबाज ने कुल तीन विकेट चटकाए। उन्होंने पारी के 11वें ओवर में दो विकेट लेकर टीम को बैकफुट पर पहुंचा दिया। इसके बाद लेग स्पिनर ने विपक्षी टीम की कप्तान दीप्ति को भी एश्ले गार्डनर के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। 27 वर्षीय बल्लेबाज 27 गेंदों में 39 रन बनाने में कामयाब हुईं। उनके अलावा ग्रेस हैरिस ने चार, श्वेता सेहरावत ने 16, सोफी एक्लेस्टोन ने दो, साइमा ठाकोर ने 15 रन बनाए। प्रिया के अलावा गुजरात के लिए डिएंड्रा डॉटिन और एश्ले गार्डनर ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, काशवी गौतम को एक विकेट मिला।

## 8 साल तक क्यों नहीं खेला गया चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी

**हैदराबाद।** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद 2025 में 19 फरवरी से फिर शुरू होने जा रहा है। इस टूनामेंट की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है लेकिन भारत अपने तमाम मैच दुबई में खेलेगा। हर चार साल बाद होने वाले आइसीसी के इस महत्वपूर्ण टूनामेंट को पिछले 8 सालों से क्यों बंद रखा गया। इसके पीछे क्या वजह रही है। इस स्टोरी में हम उसी कारण को जानने की कोशिश करेंगे।

**1998 में चैंपियंस ट्रॉफी की हुई शुरूआत**

सबसे पहले 1998 में क्व्उ वनडे विश्व कप के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन पर चर्चा हुई थी। क्रिकेट को और विस्तार देने के लिए हर दो साल में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया जाने लगा। इसी साल शुरू हुई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पहली बार बांग्लादेश ने की थी। पहले संस्करण में दक्षिण अफ्रीका यह ट्रॉफी जीतने में कामयाब रही, हालांकि इस ट्रॉफी को शुरू में आइसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन 2002 में इसका नाम बदलकर चैंपियंस ट्रॉफी कर दिया गया। उस साल भारत और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से यह ट्रॉफी जीता था।

### 8 साल तक टूनार्मेंट रहा बंद

शुरू होने के बाद से 2006 तक यह टूनार्मेंट हर दो दो साल में खेला जाता था। फिर उसके बाद हर तीन या चार साल पर यह टूनार्मेंट आयोजित किया जाने लगा। हालांकि, इस टूनार्मेंट में यह नियम बनाया गया था कि वनडे विश्व कप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें ही भाग लेंगी। आइसीसी से पूछा गया कि वनडे वर्ल्ड कप के बाद इसी फॉर्मेट में एक और टूनार्मेंट क्यों कराया जाए? जिसकी वजह से 2017 के बाद चैंपियंस ट्रॉफी को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। इस के अलावा 2017 के बाद महत्वपूर्ण आइसीसी टूनार्मेंट और कोविड के कारण इस टूनार्मेंट का आयोजन नहीं किया जा सका। क्योंकि आइसीसी का कहना है कि एक साल में सिर्फ एक ही आइसीसी इवेंट आयोजित किये जाएंगे। लेकिन जब यह महसूस किया गया कि इन दिनों एक दिवसीय मैचों की लोकप्रियता कम हो रही है, आइसीसी ने सीमित ओवरों के क्रिकेट का विस्तार करने के लिए चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से शुरू करने का फैसला किया और 2020 में फिर से चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। लेकिन कोविड के कारण इसे 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बाद में, 2021–22 में टी 20 विश्व कप का आयोजन किया गया, उसके बाद 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के कारण चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन नहीं किया जा सका।

**भारत दो बार बना चैंपियन**




चैंपियंस ट्रॉफी के अब तक हुए 8 संस्करणों में भारत और आस्ट्रेलिया दो–दो बार चैंपियन बन चुके हैं। इस बार पाकिस्तान ट्रॉफी की मेजबानी कर रहा है और गत विजेता के रूप में टूनार्मेंट में प्रवेश कर रहा है। पाकिस्तान ने 2017 संस्करण के फाइनल में भारत को हराकर चैंपियन बना था।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को 2-1 से हराया

**भवुनेश्वर।** भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को एफआइएच महिला हॉकी प्रो लीग 2024-25 में निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहने के बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से हरा दिया। रविवार को खेले गये मुकाबले भारत और इंग्लैंड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दोनों टीमों को पहले हॉफ टाईम तक कई बार गोल करने के मौके मिले लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। दोनों ही टीमों ने दूसरे हॉफ में गोल किये। भारत के लिए नवनीत कौर ने (53वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (57वें) मिनट में गोल किये। वहीं इंग्लैंड के लिए पेज गिलोट ने (40वें) मिनट और टेसा हॉवर्ड ने (56वें ) मिनट में गोल दागे। निर्धारित समय में दोनों टीमे 2-2 की बराबरी पर रहा और दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया तथा खेल शूटआउट में चला गया।

## पंत प्रैक्टिस में हुए चोटिल, चैंपियंस ट्रॉफी में संजू को मिलेगा मौका?



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आइसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए कमर कस ली है। दुबई पहुंचते ही टीम इंडिया ने अभ्यास शुरू कर दिया है। रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम ने हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में अभ्यास किया। इस दौरान भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए हैं। उन्हें घुटने में चोट लगी है। पंत को यह चोट वहां लगी है, जहां एक्सीडेंट के दौरान उन्हें गंभीर चोट आई थी और उनका लिगामेंट ऑपरेशन हुआ था। आपको बता दें कि ऋषभ पंत मैदान पर ड्रिल कर रहे थे, उस समय उन्हें हार्दिक पांड्या का एक शॉट्स जाकर लगा। हार्दिक ने जोर से शॉट मारा और गेंद सीधे जाकर उनके घुटने पर लगी। इसके बाद ऋषभ पंत को उपचार दिया गया और उन्होंने दोबारा अभ्यास शुरू कर दिया। ऋषभ पंत की चोट को लेकर कोई भी अपडेट नहीं आई है। इस टूनार्मेंट से अगर ऋषभ बाहर होते हैं, तो यह टीम के लिए बड़ा झटका होगा। पंत इंडियन क्रिकेट टीम में बतौर स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के तौर पर शामिल एकमात्र विकेटकीपर हैं। अगर वह बाहर होते हैं तो ऐसे में संजू सैमसन के लिए दरवाजे खुल सकते हैं। संजू भारत की टी20 टीम का हिस्सा है। वह बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और विकेट के पीछे दस्तानों के साथ भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ खेलेगा। इसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के साथ भारत की टक्कर होगी। भारत अपना तीसरा और अंतिम लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के साथ खेलने वाली है। भारत अपने सभी मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी।





## सिनर और वाडा के बीच समझौता, बोले- अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं

एजेंसी

**लंदन।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट खेल पाएंगे। पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता। विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के



लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है। विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने कहा, उसने अभी आस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है। नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।

## पहले सेफा में गुजरात का केरल से सामना दूसरे में विदर्भ के सामने मुंबई की चुनौती

एजेंसी

**अहमदाबाद।** रणजी ट्रॉफी का मौजूदा सत्र समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। सोमवार से सेमीफाइनल के मुकाबले शुरू होंगे। पहला मैच अहमदाबाद में गुजरात और केरल के बीच खेला जाएगा। दूसरे मुकाबले में विदर्भ के सामने मुंबई की चुनौती होगी। यह मैच नागपुर में खेला जाएगा। दोनों मुकाबले सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे। पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गुजरात की सेमीफाइनल तक की राह में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल और विकेटकीपर उर्विल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उर्विल ने पिछले मैच में 140 रन बनाए थे जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक था। जयमीत ने भी इस मैच में शतक लगाया था जिससे गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

# झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता ने चलाया सदस्यता अभियान

**बेरमो।** इन दिनों पुरे प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान छेड़ रखा है और हरेक जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर सदस्यता ग्रहण की एक निर्धारित संख्या तय कर दी गई है जिस कार्य में झामुमो के छोटे बड़े सभी नेता जी जान से जुड़े दिख रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला स्तरीय नेता शमशूल हक द्वारा असनापानी, कथारा बाजार, कथारा बस्ती आदि क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया और मात्र एक दिन के प्रयास से उन्होंने लगभग 3 सौ लोगों को सदस्य बनाने मे सफलता हासिल की।

# कलश यात्रा के साथ शिवशक्ति महायज्ञ शुरू

**बेरमो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह में गणेश चतुर्थी के अवसर पर रविवार को सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ व 32 वां वार्षिक गणेश मेला शुरू हुआ। यहां गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारे से क्षेत्र गूंज उठा। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की आकर्षक झांकी थी। भाजपा नेता विक्रम पांडेय, दिनेश सिंह, श्रीकांत सिंह यादव, फुसरो नप के निवर्तमान पार्षद भरत बर्मा, युवा व्यवसायी संघ फुसरो अध्यक्ष वैभव चौरसिया, विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर सहित अरूण रवि आदि लोग मौजूद थे।

# 20 केंद्रों पर पहले दिन बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण रहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं बोकारो में शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त रूप से शुरू हो गईं। बोकारो जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9154 परीक्षार्थियों ने पहले दिन 10वीं के इंग्लिश-लैंग्वेज एंड लिटरेचर इंग्लिश-कम्युनिकेटिव तथा 12वीं के एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा दी। कुल 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दसवीं की परीक्षा इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर में 8655 व इंग्लिश कम्युनिकेटिव में 345 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 53 व 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोकारो में सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पूरी परीक्षा सीबीएसई गाइडलाइन के अंतर्गत आयोजित की गई। सभी सुरक्षा मानकों का पूरा इंतजाम किया गया था। सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था के साथ परीक्षा प्रारंभ की गई। परीक्षा कक्षा में सभी विद्यार्थी प्रवेश-पत्र के साथ उपस्थित थे। परीक्षा केन्द्र पर वीक्षकों व सुरक्षाकर्मी के सहयोग से परीक्षार्थियो की जांच की गई। सभी शिक्षकों द्वारा सकारात्मक माहौल में परीक्षा का आयोजन किया गया।

## बहुत जल्द लगेगा चंद्रपुरा में 16 हजार करोड़ का पावर प्लांट

**बेरमो।** उक्त बातें गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुग्दा के टी मोड़ पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की। हमारी कड़ी मेहनत और अथक प्रयास से चंद्रपुरा क्षेत्र वासियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी लाया हूं जो डीवीसी चंद्रपुरा में 16 हजार करोड़ रुपए की लागत से। 1600 मेगावाट का पावर प्लांट लगने वाला है। जिससे बहुत हद तक इस क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या कम होगी।

# एचसीएम शुरू करने वाला देश का पहला संस्थान बीएसएल

## ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट प्रणाली का प्रभारी निदेशक ने किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट प्रणाली (एचसीएम) का गो लाइव किया गया। इसके साथ ही बीएसएल डीपीडीपी अधिनियम का पूर्ण अनुपालन करने वाला देश का पहला सार्वजनिक उपक्रम बनने का गौरव भी प्राप्त किया। बीएसएल द्वारा लागू की गयी प्रखर नामक फ्यूजन-आधारित एचसीएम प्रणाली का दूसरा चरण एचआर प्रक्रियाओं को स्वचालित करने पारदर्शिता बढ़ाने और कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यह परियोजना अपने निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उनके साथ ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगनी सुश्री राजश्री बनर्जी विकास मनवटी सीआर मिश्रा व अनीश सेनगुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा परियोजना कार्यान्वयन भागीदार मैसर्स डेलॉइट के ईडी मोहित फौगाट परियोजना प्रबंधक अंकुर अग्रवाल तथा मैसर्स ओरेकल के निदेशक विपुल लहरी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में ईडी सुश्री बनर्जी ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए एचसीएम प्रणाली की विशेषताओं और इसके क्रियान्वयन की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एच आर विभाग वित्त एवं लेखा सी एंड आई टी सहित समस्त टीम को बधाई दी तथा परियोजना कार्यान्वयन पार्टनर- मैसर्स डेलॉइट और मैसर्स ओरेकल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एच प्रक्रियाओं को सुलभ और पारदर्शी बनाएगी तथा प्रबंधन और उपयोगकताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगी। एजीएम राहुल त्रिपाठी ने प्रणाली के रोल आउट पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम एनके झा व एजीएम प्रगति ने तथा सीजीएम हरि मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



एचआर प्रक्रियाओं की पारदर्शिता बढ़ाने और कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाना उद्देश्य

# खबर एक नजर में

## गृह रक्षा वाहिनी महिला बटालिन का प्रशिक्षण समापन पर पारण परेड़ से हुआ आयोजन

**दुमका।** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण कैंप, नकटी में विभिन्न जिलों से आए 246 नव नामांकित प्रशिक्षु महिला गृह रक्षको का 63 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत पारण परेड समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महानिदेशक सह महासमादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड रांची अनिल पलटा एवं विशिष्ट अतिथि संताल परगना प्रमंडल के पुलिस उप-महानिरीक्षक अंबर लकड़ा उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर पहले स्थान पर रागनी कुमारी, दूसरे स्थान पर पार्वती कुमारी एवं तीसरे स्थान पर रही कविता कुमारी को सम्मानित किया गया। बेस्ट फायरिंग का अवार्ड पहले स्थान पाने वाली नेहा कुमारी, दूसरा स्थान अंजलि कुमारी एवं तीसरे स्थान पर पूनम कुमारी एवं कविता कुमारी सभी को मोमेंटो देखकर पुरस्कृत किया गया। वही बेस्ट परेड कमांडर का अवार्ड डोली कुमारी व पार्वती कुमारी को मिला। प्रशिक्षण के दौरान सबसे अनुशासित गृहरक्षक का अवार्ड श्रेया व सीमा कुमारी को मिला। मंच पर उद्घोषक अशोक कुमार सिंह ने किया। मंच का संचालन जिला समादेष्टा सह प्रशिक्षण प्रभारी सतीश कुमार पाठक ने किया। इस अवसर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनय मेहता, जिला समादेष्टा, देवघर आशीष मिश्रा, जिला समादेष्टा, साहिबगंज सूरज कुमार, जिला समादेष्टा, गोड्डा जितेंद्र कुमार सिंह, निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे। मंच पर निरीक्षक दिनेश उरांव, कंपनी कमांडर अमरजीत टोप्पो, एसआईआरबी-1 के अधिकारी मौजूद थे।

## एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने की बैठक

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष एनी स्वेता टुडू ने की। बैठक में विगत तीन फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपे गए मांग पत्र पर करवाई के संबंध में आगामी 18 फरवरी को शिष्टमंडल सिविल सर्जन, दुमका से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य सभी प्रखंड के कर्मियों का जनवरी माह का बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान करने का मांग करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एनी स्वेता टुडू ने कहा कि एनएचएम अनुबंध कर्मी एकजुट होकर मांगों को सरकार के समक्ष रखकर पूरा करने का आग्रह करेंगे। जिला सचिव एली बागे ने कहा कि एनएचएम अनुबंध कर्मी वर्षो से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। समय पर मानदेय नहीं मिलने पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। बैठक में कोषाध्यक्ष पुष्पा सोरेन, सुशारना सोरेन, गीता कुमारी, अग्नेष हेम्ब्रम, ज्योति सोरेन, प्रेमा आईवी सोरेन, स्नेहलता बास्की, रोसलिन हांसदा, अन्ना सेफाली सोरेन, प्रेमलालता मरांडी आदि शामिल थे।

## शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार में दो हाईवा के बीच आमने-सामने टक्कर, हताहत नहीं

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ के शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार में दो हाईवा के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाल बाल बच्चे ड्राइवर एवं खलासी। गनीमत रही की कोई राहगीर इस चपेट में नहीं आया। यहां बता दे कि रामपुरहाट की तरफ से चिप्स लदा आ रही हाईवा एवं विपरीत दिशा दुमका के तरफ से एक खाली हाईवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों हाईवा अनियंत्रित होकर बगल में खड़े एक हुंडई कार को भी जाकर टक्कर मार दिया। जिससे तीनों गाड़ी को काफी क्षति हुई है। इस भिड़ंत के बाद शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार के मुख्य पद के दोनों तरफ से गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। घटना की खबर शिकारीपाड़ा थाने के पुलिस को मिलते ही पुलिस दलबल के साथ आकर अवरोध पथ को एक साईड से गाड़ी का परिचालन शुरू कराया गया। प्रशासन के द्वारा क्रेन को मंगाकर तीनों गाड़ी को जप्त कर थाना ले गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## केंद्रीय कारा में हुआ जेल अदालत का आयोजन, एक बंदी की हुई रिहाई

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार रविवार को केन्द्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की ने किया। जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित पांच वाद, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋतिका सिंह के न्यायालय में लंबित एक वाद, न्यायिक दंडाधिकारी वाल्टर भांगरा के न्यायालय में लंबित एक वाद एवं न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी मो जावेदन के न्यायालय में लंबित एक वाद कुल आठ वादों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया। जिसमें से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित वाद से एक बंदी को रिहा किया गया। अन्य सभी वादों में बंदियों का समयावधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। इस अवसर पर प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा, कारापाल एवं लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिकंदर मंडल, सरोज गोन, अंकित कुमार सिंह, रोबिन कुमार एवं न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे। जागरूकता शिविर में मेडिकल कैंप लगा करके बंदियो के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। जिन बंदियों को लिगल एड की आवश्यकता थी। उस पर सचिव ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।


## हाईवा ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष गुलेश्वर महतो एवं महासचिव बने अंशु राय

**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो का चुनाव फुसरो स्थित प्रधान कार्यालय फुसरो में पर्यवेक्षक मंटु नायक एवं अमित सिंह के नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष गुलेश्वर महतो, महासचिव अंशु राय एवं उपाध्यक्ष मुन्ना विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, सह कोषाध्यक्ष आजाद बाउरी ,सचिव मुकेश सिंह, संगठन मंत्री युसूफ अंसारी को जीत घोषित किया गया। सर्वसम्मति से प्रदीप ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष एवं राहुल ठाकुर को उपसचिव चुना गया। जिसमें 200 लोगो ने अपने मत का प्रयोग किया। मौके पर सुनील साव, कादिर खान, महावीर महतो, भूषण कुमार, अजय प्रमाणिक, अशोक चौधरी, सुमित सिंह, मंटु मिश्रा, विश्वनाथ महतो, फागु मांझी आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सौतारडीह में सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ व 32वां वार्षिक गणेश मेला शुरू

**बेरमो /फुसरो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह में गणेश चतुर्थी के अवसर पर रविवार को सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ व 32वां वार्षिक गणेश मेला शुरू हुआ। यहां गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारे से क्षेत्र गूंज उठा। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की आकर्षक झांकी थी। मुख्य यजमान आकाश कर्मकार व उनकी पत्नी पूजा कर्मकार, विक्रांत शर्मा उर्फ मंटू व उनकी पत्नी किरण देवी थे। कलश यात्रा ढोरी बस्ती सौतारडीह स्थित स्व प्रकट बाबा गणपति धाम मंदिर परिसर से निकली और ढोरी बस्ती, राम रतन हाई स्कूल, रहीमगंज, रानीबाग, फुसरो बाजार, नया रोड फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पुल के पास दामोदर नदी तट पहुंची। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री (वेदाचार्य) ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरवाया. इसके बाद कलश यात्रा नया रोड फुसरो, पटेल चौक होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची और कलशों को स्थापित किया गया। महायज्ञ व मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरिराज गिरि, उपाध्यक्ष यमुना महतो, दीपक गिरि, सचिव चंद्रिका विश्वकर्मा, उप सचिव लालमोहन महतो, जयप्रकाश गिरि, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार महतो, संगठन मंत्री विशाल गिरि, बिपीन कुमार महतो, दिलीप कुमार, सभी संयोजक, सदस्य व ग्रामीण लगे हुए हैं।

# आधुनिक चिकित्सा सेवा के तहत ट्रॉमा सेंटर का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ इंद्रेश कुमार ने मेडिकेंट अस्पताल में एक अत्याधुनिक आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र शहर के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। सड़क दुर्घटनाओं हृदयाघात गंभीर चोटों और अन्य आपातकालीन स्थितियों में यह केंद्र मरीजों को जीवन रक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा- यह अस्पताल मॉडल ऑफ सत्कर्म बने यही अपेक्षा है।

इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय महासचिव गोलोक बिहारी राय कर्नल जाहिर मुस्तफा हिमालयन वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक डॉ नवनीत गुलेरिया राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्रो. शाहिद अख्तर भी कार्यक्रम में मौजूद थे। बोकारो के पूर्व विधायक व मेडिकेंट अस्पताल के संरक्षक बिरंची नारायण ने कहा कि यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवा के संकल्प के तहत इस अस्पताल की स्थापना की गई है। कैंसर के इलाज के लिए टीएमएच मुम्बई में जो सुविधा है वही सुविधा मेडिकैन्ट में भी है। यह नया केंद्र आधुनिक तकनीकों अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों से सुसज्जित है। अस्पताल के सीएमडी डॉ माजिद अहमद तालिकोटी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर मरीज को तुरंत और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र में इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर उन्नत वेंटिलेशन सुविधा एम्बुलेंस सेवा और विशेष ट्रॉमा केयर यूनिट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस केंद्र के खुलने से न केवल शहर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति चिकित्सा विशेषज्ञ और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दुमका में अवैध ढंग से चल रहे पांच वाहन जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड में मालवाहक वाहनों का परिचालन नियमों को तक पर रख कर किया जा रहा है। रविवार की अहले सुबह डीटीओ जयप्रकाश करमाली शिकारीपाड़ा पहुंचकर माल वाहक वाहनों की जब जांच पड़ताल शुरू की तो माइंस एरिया में हड़कंप मच गया। इस अभियान में उनके साथ शिकारीपाड़ा के सीओ कपिल देव ठाकुर, एमवीआई अभय कुमार और स्थानीय थाना की पुलिस मौजूद थी। इस कार्रवाई में ईट लदे दो ट्रक, तीन बोल्डर लदे हाईवा और एक धान लोड ट्रक को जप्त किया गया है। उक्त गाड़ियों में वैध कागजात नहीं थे और धड़ल्ले से उनका परिचालन हो रहा था। इन सभी वाहनों को शिकारीपाड़ा थाना में लाकर रखा गया है। इस पूरे मामले में डीटीओ ने कहा कि लगातार इस तरह का अभियान चलाते रहते हैं। जिसमें उचित कागजात, ओवरलोडिंग की जांच की जाती है। जो बौल्डर लदे हाईवा है। उसे माइनिंग चालान की भी जांच के लिए संबंधित विभाग जांचो उपरांत कार्रवाई करेगी।

अवैध परिचालन वाहनों मैं सबसे बड़ा सवाल उठता है कि पत्थर खदान के संचालक के द्वारा बिना चालान के चिप्स एवं पत्थर कैसे बेच देते हैं। पत्थर खदान एवं क्रशर संचालकों के ऊपर भी प्रशासन को कार्रवाई करने की आवश्यकता है। चुकी इस तरह की अवैध परिचालन से सरकार के राजस्व की काफी क्षति हो रही है। अब यह देखना है कि प्रशासन उन संचालकों के ऊपर क्या कार्रवाई करती है।

# बासुकीनाथ में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने की पूजा-अर्चना



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि रविवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता ने सपत्नी पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर जस्टिस मेहता को पत्नी सुमन मेहता संग पंडित कुंदन पत्रलेख ने विद्वान पंडितों की सानिंध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक कराया। पूरे विधि विधान के साथ बासुकीनाथ की पूजा के बाद माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आराधना किया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में पूरे भक्ति भाव से शिव-पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई।

# बीजीएच में 02 किलो वजनी गांठ की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग में 65 वर्षीय एक व्यक्ति के सिर में व्याप्त गांठ की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय व्यक्ति इस पुरानी विशाल सिस्टिक गांठ- डमोईड सिस्ट को विगत 47 वर्षों से ढो रहा था हालांकि गांठ का एहसास उसे 1977 में ही हो गया था।

परंतु लापरवाही एवं व्यस्त जीवन शैली के कारण वह इसका समुचित इलाज नहीं करा पा रहा था और यह गांठ 02 किलो की हो गई थी। 2 घंटे की सर्जरी में डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में डॉक्टर एके दाम डॉक्टर मोहित कुमार डॉ उमाशंकर डॉक्टर प्रेमनीत ने सफलतापूर्वक इस जटिल शल्य चिकित्सा को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। डॉ आनंद ने बताया कि पहले यह गांठ छोटी थी यदि समय पर यानि पहले इसकी सर्जरी की गई होती तो संभवत प्रक्रिया सरल हो सकती थी। बीजीएच में हुए इस सफल जटिल सर्जरी पर बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय एवं डॉ अनिंद मंडल ने डॉक्टर आनंद कुमार व अन्य चिकित्सकों सहित संबंद्ध विभाग के कर्मियों व सहयोगियों को बधाई दी एवं उनके अथक प्रयास की सराहना की।



# इंटर-स्टील प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप में आरआईएनएल विशाखापत्तनम की टीम बनी विजेता




खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए बीएसएल की मेजबानी में आयोजित इंटर-स्टील प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मैच क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया जिसमें एक रोचक मुकाबले में आरआईएनएल विशाखापत्तनम ने सेलम स्टील प्लांट को 05 विकेट से पराजित कर शानदार विजय प्राप्त की। आरआईएनएल विशाखापत्तनम की टीम के सी श्रीनिवास को मैन ऑफ द मैच तथा एम हेमंथ रेड्डी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया।चैंपियनशिप के समापन समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। समापन समारोह में अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा अधिशासी निदेशक परियोजनाएं अनीष सेनगुप्ता अन्य वरीय अधिकारी तथा क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और जीत हासिल करने पर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि सलेम स्टील प्लांट तथा बोकारो स्टील प्लांट के बीच खेले गए पहले सेमी-फाइनल मैच में सलेम स्टील प्लांट ने 26 रन से जीत दर्ज की थी। दूसरे सेमी-फाइनल मैच में आरआईएनएल ने दुगार्पुर स्टील प्लांट को 09 विकेट से पराजित किया था।

## रायना प्ले स्कूल गोड्डा में ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल शाखा की ओर से

# 'शाम ए गालिब' कार्यक्रम का आयोजन


खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** कार्यक्रम में सबसे पहले अधिवक्ता अब्दुल कलाम आजाद ने सभी का स्वागत किया और मिर्जा गालिब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मोहम्मद फारूक ने कहा कि मिर्जा गालिब एक बहुत बड़े साहित्यकार थे। वक्त के रूप में ए जी पी अजीत कुमार सहाय ने मिर्जा गालिब के जन्म से लेकर मृत्यु तक के बारे में बतलाया तथा कहां की इनकी 11 000 कविताएं पर्शियन में है तथा 1700 कविताएं उर्दू में लिखी गई है। इन्होंने यह भी कहा कि रगों में दौड़ते फिरने के हम नहीं कायल, जब आंख ही से न टपका तो फिर लहू क्या है।। वह आए घर में हमारे खुद की कुदरत है कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर कम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बार-बार होनी चाहिए जिससे हमारा समाज और देश तरक्की की ओर बढ़े। अध्यक्षता करते हुए अपने अध्यक्ष की भाषण में डॉक्टर फिरोज अख्तर ने कहा कि उर्दू साहित्य को लेकर एक अरसे बाद यह आयोजन किया गया है और सच माने में गालिब को लेकर यह पहला अवसर है कि गालिब से संबंधित यह साहित्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भाषा किसी की अपनी जागीर नहीं होती यह सभी का होता है। अंत में शिक्षक सुफियान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में चंद्र पंडित, डॉक्टर कयूम अंसारी, मोहम्मद फारूक, अब्दुल जब्बार ,अजीत कुमार सहाय, सुनील कुमार मित्र, निखिल कुमार झा, सुभाष कुमार, सादिक सलाम फैसल सलाम, मोहम्मद अर्श आजाद, प्रीतम कुमार गाड़िया, इबरार आलम इत्यादि थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता दिलीप तिवारी ने किया।



# स्पीड न्यूज

## फिल्म आशिकी 3 का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म आशिकी 3 का टीजर रिलीज हो गया है। वर्ष 1990 में महेश भट्ट ने राहुल रॉय और अनु अग्रवाल को लेकर सुपरहिट फिल्म आशिकी बनायी थी। वर्ष 2013 में महेश भट्ट ने आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर को लेकर आशिकी 2 बनायी। आशिकी 2 भी सुपरहिट साबित हुयी। अब आशिकी 3 बनायी जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। टीजर में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आ रही है। पहले कहा जा रहा था कि इस फिल्म का हिस्सा तृप्ति डिमरी होंगी।

## संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 मार्च से

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च को बेंगलुरू के चेलनड्डी में होगी। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा होगी। इस साल विजयादशमी को संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्य योजना को लेकर चर्चा और विभिन्न मुद्दों पर विचार-मंथन होगा। बैठक में 2025-26 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा और फ्रेम तय किया जाएगा।

## गाजा में अभी भी हैं 73 इजरायली बंधक

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के सलाहकार दिमित्री गेंडेलमैन ने कहा कि फिलिस्तीनी समूहों ने गाजा पट्टी में 73 इजरायली बंधकों को जीवित और मृत बना रखा है। गेंडेलमैन ने कहा कि गाजा पट्टी में अभी भी 73 बंधक हैं - जीवित और मृत। इजरायल राज्य का नैतिक और नैतिक दायित्व है कि वह उनमें से हर एक को घर लाने के लिए हर संभव प्रयास करे।

## अफ्रीकी देशों से 17 अफगान कैदी रिहा

**काबुल।** अफ्रीकी देशों में कैद कुल 17 अफगान कैदियों को मुक्त कर दिया गया है और वे अपनी मातृभूमि अफगानिस्तान लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने बताया कि काहिरा में अफगानिस्तान के दूतावास ने मिस्र, मोरक्को, लीबिया, सूडान और मॉरिटानिया सहित कई अफ्रीकी देशों की जेलों से 17 अफगान नागरिकों की रिहाई में सफलतापूर्वक मदद की है।

## ब्राजील में शिखर सम्मेलन जुलाई में

**साओ पाउलो।** ब्राजील 6 और 7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री मौरो विएरा ने यह जानकारी दी। ब्राजील ने एक जनवरी को ब्रिक्स की आवर्ती अध्यक्षता संभाली और शिखर सम्मेलन के लिए एजेंडा और विषयों को तैयार करने के लिए कार्य समूहों का नेतृत्व कर रहा है, जो कई देशों और सरकार के प्रमुखों को एक साथ लाएगा।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने कुकी नेशनल आर्मी (केएनए) के सात उग्रवादियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

# जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं देश की अनमोल धरोहर : राष्ट्रपति

## नयी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव शुरू

एजेंसी

### महोत्सव में लगाये गये हैं 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे है। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं। यहां 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विविध परंपराओं का प्रतिनिधित्व भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं, खान-पान, वस्त्र और आभूषण, चिकित्सा पद्धतियां, घरेलू उपकरण तथा खेल-कूद





हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं। वे न केवल पारंपरिक हैं, बल्कि आधुनिक और वैज्ञानिक भी हैं। वे पर्यावरण के साथ एक प्राकृतिक सद्भाव प्रदर्शित करते हैं और एक स्थायी जीवन शैली का अनुकरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में आदिवासी समुदायों के व्यापक विकास के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। यह प्रसन्नता की बात है कि देश में 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से लगभग सवा लाख आदिवासी बच्चों को स्कूली शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन अभियान के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय के लगभग 28 लाख लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर अभियान की सफलता का विस्तार करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जनजाती समुदायों के पांच करोड़ से अधिक लोग सरकारी पहलों से लाभान्वित होते हैं, पिछले साल गांधी जयंती पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किए गए थे।

## दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक आज, नये सीएम हो सकता ऐलान

**नयी दिल्ली।** भाजपा सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के नये मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कर सकती है। भाजपा ने पार्टी की प्रदेश इकाई के मुख्यालय 14 पंत मार्ग में सोमवार को अपराह्न दो बजे विधायक दल की बैठक बुलायी है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी रविवार की रात या कुल सुबह पर्यवेक्षक के नाम की घोषणा कर सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के प्रदेश की नयी सरकार 18 फरवरी को शपथ ले सकती है। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित रामलील मैदान में होगा।

गौरतलब है कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की है। पार्टी ने विधानसभा 70 में से 48 सीटें जीत दर्ज की है।

# अमेरिका ने इजरायल भेजा बमों का जखीरा

## पश्चिम एशिया में तनाव की आशंका

एजेंसी

### 1,800 बमों की खेप इजरायल पहुंची, बाइडेन ने सप्लाई पर लगायी थी रोक, ट्रंप ने हटाया

**तेल अवीव।** अमेरिका से 1,800 भारी बमों की खेप इजरायल पहुंची है। इजरायल को हथियारों की इस डिलीवरी को अमेरिका की पिछली सरकार (बाइडन प्रशासन) ने रोक दिया था। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद ये बम इजरायल पहुंचे हैं। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी है। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने कुछ ट्रकों की तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो बंदरगाह से हथियार लेकर आ रहे हैं। इजरायल को ये मदद ऐसे समय मिली है, जब



उसकी ईरान के अलावा लेबनान में हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन में हमास से तनातनी चल रही है। इससे पश्चिम एशिया में किसी नए तनाव के पैदा होने की आशंका भी पैदा हो गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री काट्ज ने अमेरिका से मिले बमों को अपनी सेना के लिए अहम बताया है। उन्होंने कहा कि यह खेप इजरायल और अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते को दिखाती है। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 2,000 पाउंड (900 किलोग्राम) वजन के 1800 एमके84 बमों से लदा एक जहाज अशदोद बंदरगाह पर पहुंचा। इसके बाद बमों को कई ट्रकों में लादकर इजराइली एयरबेस पर ले जाया गया।





केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को संगम में लगायी आस्था की डुबकी।

# हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघ :भागवत

## यह समाज पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी : संघ प्रमुख

एजेंसी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह शनिवार को पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।



आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिंदू समाज और भारत एक ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है, विविधतापूर्ण, लेकिन एकजुट है। सरसंघचालक ने स्पष्ट किया कि संघ के प्रति कई लोगों की गलतफहमी है, लेकिन वास्तव में संघ केवल समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। हमारी 70 हजार से अधिक शाखाएं हैं । हम इन्हें इसलिए आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि समाज और राष्ट्र को लाभ मिले। मोहन भागवत ने भारत पर हुए विदेशी आक्रमणों का जिक्र करते हुए कहा कि सिकंदर के समय से ही विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। मुट्ठीभर लोग आते हैं, हमसे श्रेष्ठ नहीं होते, लेकिन हम पर शासन कर जाते हैं। इसका कारण आपसी फूट और गद्दारी है।

# धरती को बनायें हराभरा : योगी

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। योगी रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के



संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा।





आरा में रविवार को प्रगति यात्रा के दौरान कई योजनाओं की जानकारी लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

# आरा में बनेगा रिंग रोड : नीतीश

## बामपाली से पकड़ी तक सड़क होगा चौड़ीकरण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर पहुंचे । उन्होंने कहा कि हम लोगों ने भोजपुर जिले में विकास का काफी काम कराया है। फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों की मांग पर आरा में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इस योजना में 02 नयी सड़कों का निर्माण एवं 04 सड़कों का चौड़ीकरण किया जायेगा। इसके अलावा पातर से असनी पथ का भी निर्माण होगा। साथ ही जीरो माईल से असनी पथ का चौड़ीकरण, वहीं जीरो माईल से पातर पथ का चौड़ीकरण होगा। बामपाली से चंदवा मोड़ हेतु हुए पकड़ी तक सड़क का चौड़ीकरण,आरण्य देवी मंदिर (आरा) से आरा-बक्सर फोरलेन पथ का निर्माण। आरा-बबुरा-छपरा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर तक नहर के बांध पर पथ निर्माण किया जायेगा। संदेश, सहार, अगिगांव प्रखंड के साथ-साथ पीरो प्रखंड के पूर्वी भाग का जेपी गंगा पथ से सीधे संपर्क हो जायेगा।

## सीमांचल एक्सप्रेस से गिरकर गिरिडीह के युवक की मौत

**अररिया।** कटिहार जोगबनी रेलखंड के सिमराहा रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की देर रात्रि सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर गिरीडीह के एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने छानबीन कर शव को कब्जे में किया। मृतक गिरीडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो का रहने वाला 28 वर्षीय सन्नी ठाकुर पिता धनेश्वर ठाकुर था।

# आठ कंपनियों के मार्केट कैप में भारी गिरावट

## रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 67,526 करोड़ घटा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 के मार्केट कैप में 2 लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा। इसके अलावा टॉप 10 में शामिल दो कंपनियों के मार्केट कैप में इस सप्ताह 23,608.77 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, इंफोसिस, स्टेट बैंक एसबीआई, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में कुल 2,03,952.65 करोड़ की गिरावट आई। वहीं, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस





इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 67,526.54 करोड़ रुपये फिसल कर 16,46,822.12 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 34,950.72 करोड़ रुपये कम होकर 14,22,903.37 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 28,382.23 करोड़ रुपये घट कर 12,96,708.35 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 25,429.75 करोड़ रुपये कम होकर 5,13,699.85 करोड़ रुपये के स्तर, इंफोसिस का मार्केट कैप 19,287.32 करोड़ रुपये घट कर 7,70,786.76 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 13,431.55 करोड़ रुपये गिर कर 6,44,357.57 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 10,714.14 करोड़ रुपये घट कर 5,44,647 करोड़ रुपये के स्तर पर और बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,230.40 करोड़ रुपये कम हो कर 5,20,082.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 22,426.20 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,78,631.54 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 1,182.57 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,88,815.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,46,822.12 करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। टीसीएस का 14,22,903.37 करोड़, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 12,96,708.35 करोड़, भारती एयरटेल का 9,78,631.54 करोड़ , आईसीआईसीआई बैंक का 8,88,815.13 करोड़ इंफोसिस का 7,70,786.76 करोड़ , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 6,44,357.57 करोड़ , हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 5,44,647 करोड़, बजाज फाइनेंस का 5,20,082.42 करोड़ और आईटीसी का 5,13,699.85 करोड़ के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## अमेरिकी टैरिफ का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से विश्व में व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी टैरिफ खतरे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा।

## पटना-बेतिया फोरलेन को एनएचआइ ने दी मंजूरी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बुनियादी ढांचे के विकास को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) ने पटना-बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग-139 वेस्ट (एन एच-139 वेस्ट) के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

इस बहुप्रतीक्षित फोरलेन परियोजना से उत्तर बिहार, सीमांचल और उत्तर प्रदेश से पटना आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। 171.29 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर 8,660.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस फोरलेन सड़क के बन जाने से पटना से बेतिया पहुंचने में महज दो घंटे लगेंगे। अभी लोगों को इस सफर को पूरा करने में पांच घंटे से अधिक समय लगता है। यह हाईवे पटना, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों को जोड़ेगा। परियोजना को पांच प्रमुख सेक्टरों में बांटा गया है, जिनमें से कुछ पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि कुछ के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है।

